
नई दिल्ली, शुक्रवार 7 नवंबर 2025 ■ मार्गशीर्ष मास कृष्ण पक्ष-02 ■ वर्ष : 29, अंक : 204 ■ पृष्ठ : 12 मूल्य : 2.00 मौसम अधि. 27 न्यून. 14 haribhoomi.com



बेगूसराय में महिलाओं का उत्साह

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

## बिहार में 121 सीटों पर पहले चरण का मतदान

### रिकॉर्डतोड़ वोटिंग : पहले चरण में महिलाओं ने की बंपर वोटिंग, पिछले चुनाव में 167 सीटों पर महिलाओं ने बंपर वोटिंग की थी, इसमें से 99 सीटों पर एनडीए जीती थी, इस बार भी लंबी कतारें

सबसे ज्यादा बेगूसराय में 67.32%, शेखपुरा में सबसे कम 52.36 प्रतिशत वोटिंग

# 64.66 फीसदी वोटिंग, पिछली बार थी 56.9 यानी 7.76 प्रतिशत ज्यादा

इतनी बंपर वोटिंग आखिर किसकी नैया डुबोएगी और किसकी नाव को किनारे पर लगाएगी, ये 14 नवंबर को साफ हो जाएगा, पर इससे सभी पार्टियां सहम जरूर गई हैं

एजेंसी ⏭ पटना

बिहार में पहले चरण की वोटिंग में अब तक 64.66 फीसदी मतदान हुआ है। पटना में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर चुनाव आयोग ने जानकारी दी कि 64.66 फीसदी मतदान हुआ है। कुछ जगहों पर देर शाम तक मतदान जारी रहा। पहले चरण में शांतिपूर्ण मतदान हुआ।

चुनाव आयोग के आंकड़ों को देखें तो 2020 में 56.9 फीसदी मतदान हुआ था। वहीं अब तक राज्य में सबसे अधिक वोटिंग की बात की जाए तो वो 2000 में हुई थी, जब 62.6 प्रतिशत लोगों ने वोट डाले थे। तब राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू था और पूरा बिहार राजनीतिक अनिश्चितता के दौर से गुजर रहा था। अब 25 साल बाद, जब नीतीश कुमार अपनी सत्ता के दो दशक पूरे करने की ओर बढ़ रहे हैं, बिहार फिर एक बार लोकतंत्र के उत्सव में ▸▸ शेष पेज 5 पर

बिहार की 243 सीटों पर 2 फेज में चुनाव हो रहे हैं, 14 नवंबर को नतीजे आएंगे

पहले फेज में 2 डिप्टी सीएम समेत 18 मंत्रियों की साख दांव पर



मुजफ्फरपुर विधानसभा क्षेत्र में सुबह से ही महिलाओं व पुरुष मतदाताओं की कतारें नजर आईं।

### किस जिले में कितनी प्रतिशत वोटिंग

| क्र | विधानसभा | (शाम 5 बजे तक) (%) |
|---|---|---|
| 1 | मधेपुरा | 65.74 |
| 2 | सहरसा | 62.65 |
| 3 | दरभंगा | 58.38 |
| 4 | मुजफ्फरपुर | 65.23 |
| 5 | गोपालगंज | 64.96 |
| 6 | सीवान | 57.41 |
| 7 | सारण | 60.90 |
| 8 | वैशाली | 59.45 |
| 9 | समस्तीपुर | 66.65 |
| 10 | बेगूसराय | 67.32 |
| 11 | खगड़िया | 60.65 |
| 12 | मुंगेर | 54.90 |
| 13 | लखीसराय | 62.76 |
| 14 | शेखपुरा | 52.36 |
| 15 | नालन्दा | 57.58 |
| 16 | पटना | 55.02 |
| 17 | भोजपुर | 53.24 |
| 18 | बक्सर | 55.10 |

### ये विवाद के मामले



लखीसराय में सिन्हा और अजय सिंह के बीच विवाद

## कैमरे के सामने भिड़े एमएलसी अजय सिंह व डिप्टी सीएम सिन्हा

आरोप : सिन्हा की गाड़ी पर गोबर- पत्थर फेंके गए

**लखीसराय।** बिहार के लखीसराय में मतदान के दौरान उपमुख्यमंत्री और भाजपा उम्मीदवार विजय कुमार सिन्हा के काफिले पर हमला हो गया। विजय सिन्हा को सूचना मिली थी कि नदियावां इलाके में उनके समर्थकों को वोट डालने से रोका जा रहा है। वह स्थिति जानने मौके पर पहुंचे तो वहां आरजेडी समर्थक उग्र हो गए। विजय सिन्हा की गाड़ी पर गोबर और पत्थर फेंके गए। उस समय वह गाड़ी से उतरकर लोगों से बात कर रहे थे। सुरक्षा बलों ने तुरंत उन्हें गाड़ी में बैठाया और काफिले को आगे बढ़ाने की कोशिश की। इसी बीच आरजेडी एमएलसी अजय सिंह मौके पर पहुंच गए, ▸▸ शेष पेज 5 पर

### रघुनाथपुर: आरजेडी समर्थकों का वोट काटने का आरोप

रघुनाथपुर के उम्मीदवार ओसामा के पैतृक गांव प्रतापपुर में कुछ लोगो ने आरोप लगाया कि यादव और मुस्लिम होने के कारण उनका वोट काट दिया गया। इस दौरान एक वोटर ने खुद जबकि बाकी ने अपने परिवार के लोगो के वोट काटने का आरोप लगाया। उनका कहना है की वो घंटों लाइन में खड़े रहे लेकिन आखिर में उन्हें कहा गया कि उनका वोट नहीं है, उनके पास पुराना वोटर कार्ड था, आधार था लेकिन वोट देने को नहीं मिला।

### वैशाली में जवानों पर फेंके पत्थर

वैशाली में राजद प्रत्याशी के भड़काने पर लोगों ने सीएपीएफ जवानों पर पत्थर फेंके। दरअसल, आरजेडी प्रत्याशी अपने समर्थकों के साथ जुटे हुए थे, जवानों ने उन्हें हटाया तो हंगामा हो गया। हालांकि, इसमें किसी को चोट नहीं आई है। ▸▸ शेष पेज 5 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

### खबर संक्षेप

#### भारत में स्टारलिंक लॉन्च महाराष्ट्र बना पहला राज्य



**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने आईटी में अग्रणीय केरल, गुजरात जैसे तमाम राज्यों को पीछे छोड़ते डिजिटल इंडिया के मोर्चे पर बड़ी छलांग लगाई है। महाराष्ट्र देश का पहला राज्य बना है जिसने अमेरिकी उद्योपति एलन मस्क की अगुवाई वाली स्टारलिंक के साथ साझेदारी की। इससे राज्य के दूरस्थ और वंचित क्षेत्रों में उपग्रह-आधारित इंटरनेट कनेक्टिविटी प्रदान करने में मदद मिलेगी। राज्य सरकार के इस बड़े फैसले से इंटरनेट की पहुंच मजबूत होगी। सीएम फडणवीस ने कहा कि यह साझेदारी महाराष्ट्र के निर्माण की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

#### टोयोटा, होंडा 11 अरब डॉलर का करेगी निवेश



**नई दिल्ली।** जापान की तीन बड़ी ऑटो कंपनियां टोयोटा, होंडा और सुजुकी अब चीन पर अपनी निर्भरता घटाकर भारत में बड़ा दांव लगाने जा रही हैं। ये कंपनियां भारत में करीब 11 अरब डॉलर (लगभग 90,000 करोड़ रुपए) का निवेश करने वाली हैं। इस कदम से साफ है कि जापानी वाहन निर्माता अब भारत को वैश्विक मैन्युफैक्चरिंग हब के रूप में देख रहे हैं। टोयोटा, जो दुनिया की सबसे बड़ी कार निर्माता है, और सुजुकी, जो भारत में लगभग 40 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी रखती है, दोनों ने अपने निवेश की घोषणा की है।

### अवैध सट्टेबाजी एप केस में कारवाई

## सुरेश रैना व शिखर धवन पर ईडी का शिकंजा, 11.14 करोड़ की संपत्ति कुर्क



बाएं से शिखर धवन, सुरेश रैना

*लाखों लोगों और निवेशकों को करोड़ों रुपए का चूना लगाया*

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारतीय टीम के पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना और शिखर धवन की मुश्किल बढ़ गई हैं। गुरुवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सट्टेबाजी एप केस में कार्रवाई करते हुए दोनों की 11.14 करोड़ की संपत्ति कुर्क कर ली। ऑनलाइन सट्टेबाजी साइट वन एक्स बेट के खिलाफ मामले में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत धवन की 4.5 करोड़ की अचल संपत्ति और रैना के 6.64 करोड़ के म्यूचुअल फंड को कुर्क करने का अनंतिम आदेश जारी किया गया है। पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना और शिखर धवन से हाल ही में प्रवर्तन निदेशालय ने पूछताछ की थी। इस दौरान दोनों के बयान दर्ज किए गए थे। एजेंसी का मानना है कि इस तरह के बेटिंग एप्स न केवल अवैध हैं, बल्कि इनके जरिए बड़े पैमाने पर धन शोधन की गतिविधियां भी होती हैं। इन एप्स पर आरोप है कि इन्होंने लाखों लोगों और निवेशकों को करोड़ों रुपए का चूना लगाया है या फिर भारी मात्रा में टैक्स की चोरी की है। ईडी की जांच में पाया गया है कि दोनों पूर्व क्रिकेटरों ने वन एक्स बेट और उसके प्रतिनिधियों के प्रचार के लिए विदेशी संस्थाओं के साथ जानबूझकर समर्थन समझौते किए। ईडी ने इस जांच के तहत इन दोनों के अलावा युवराज सिंह और रॉबिन उथप्पा जैसे अन्य पूर्व क्रिकेटरों, अभिनेता सोनू सूद, उर्वशी रौतेला, मिमी चक्रवर्ती (तृणमूल कांग्रेस की पूर्व सांसद) और अंकुश हाजरा (बंगाली अभिनेता) से भी पूछताछ की है।

### 11 से 12 नवंबर तक की होगी यात्रा

जी-7 के विदेश मंत्रियों के सम्मेलन में करेंगे शिरकत

## अगले सप्ताह कनाडा की यात्रा करेंगे विदेश मंत्री जयशंकर

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

अमेरिका के 50 फीसदी टैरिफ से लेकर कनाडा समेत दुनिया के कई अन्य देशों में भारतीयों के लिए खड़े होते वीजा संकट के बीच विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर अगले सप्ताह से कनाडा की यात्रा पर रहेंगे। जो कि दो दिवसीय होगी और इसकी शुरुआत 11 नवंबर को होगी



डॉ.एस.जयशंकर

और समापन 12 नवंबर को होगा। कनाडा ने इस संबंध में एक बयान जारी कर बताया कि ओंटारियो के नियाग्रा क्षेत्र में इन दोनों तारीखों पर आयोजित किए जाने वाले जी-7 देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में डॉ.जयशंकर शामिल होंगे। मौजूदा साल में कनाडा जी-7 समूह की अध्यक्षता कर रहा है। जिसके बाद यह लगातार दूसरी बार है, जिसमें कनाडा जी-7 से जुड़े हुए महत्वपूर्ण आयोजन की मेजबानी ▸▸ शेष पेज 5 पर

### अफ्रीका महाद्वीप के दोनों देशों के साथ मिलेगी भारत के द्विपक्षीय संबंधों को मजबूती

## कल से शुरू होगी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की अंगोला और बोत्सवाना की राजकीय यात्रा

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

दुनिया के कई भागों में जारी संघर्षों और अमेरिकी टैरिफ की चुनौती के बीच राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू इस सप्ताह 8 नवंबर (शनिवार) से अंगोला और बोत्सवाना की छह दिवसीय (8 से 13 नवंबर तक) राजकीय यात्रा पर रहेंगी। जो किसी भारतीय राष्ट्रपति की अफ्रीका महाद्वीप के इन दोनों देशों की




राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

पहली आधिकारिक यात्रा होगी। इसका मकसद दोनों के साथ भारत के द्विपक्षीय संबंधों को और अधिक मजबूती प्रदान करने के अलावा विकास साझेदारी को भी गति प्रदान करना है। विदेश मंत्रालय में सचिव (आर्थिक संबंध) सुधाकर दलेला ने गुरुवार को राजधानी में आयोजित की गई एक विशेष मीडिया ब्रीफिंग में यह जानकारी दी है। जिसमें उन्होंने बताया कि राष्ट्रपति की यात्रा का पहला चरण अंगोला से शुरू होगा। यह 8 से 11 नवंबर तक का होगा। जिसके लिए उन्हें ▸▸ शेष पेज 5 पर

### ब्राजीली मॉडल की आई प्रतिक्रिया

## हे भगवान... ये कैसा और क्या पागलपन है!



ब्राजीली मॉडल लारिसा नेरी

मॉडल ने बताया कि फोटो के वक्त वे 20 साल की थीं

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

एक तस्वीर जो कभी ब्राजील में मॉडलिंग शूट के दौरान खींची गई थी, आज हरियाणा की राजनीति के केंद्र में है। राहुल गांधी के सीमा-स्वीटी आरोप से सोशल मीडिया पर तहलका मचा हुआ है, और उस तस्वीर की असली मालिक लारिसा अब पूछ रही हैं- भारत में मेरा चेहरा वोटर लिस्ट में कैसे पहुंच गया? हे भगवान... ये कैसा और क्या पागलपन है! राहुल ने आरोप लगाया था कि यही चेहरा हरियाणा की मतदाता सूची में 22 बार अलग-अलग नामों से इस्तेमाल हुआ है, कहीं सीमा, कहीं स्वीटी, तो कहीं सरस्वती के नाम से। लारिसा नेरी ने यह भी बताया कि ये तस्वीर इंटरनेट पर ब्राजील के फोटोग्राफर माथियूस फेरेरो के पेज से ली गई है। गूगल पर ▸▸ शेष पेज 5 पर

#### जताई हैरानी

लारिसा ने वीडियो जारी कर कहा कि वो तस्वीर उनकी है, जब वह करीब 20 साल की थीं। अब मेरी उस फोटो को किसी चुनाव में, किसी वोटिंग में भारत में इस्तेमाल किया जा रहा है, और मुझे एक भारतीय महिला दिखाया जा रहा है! लेकिन उनकी मुस्कुराहट के पीछे हैरानी भी झलक रही थी। उन्होंने आगे कहा कि हे भगवान, ये क्या हो रहा है! क्या पागलपन है ये, किस दुनिया में जी रहे हैं हम!

### नौसेनाप्रमुख की अध्यक्षता में कोच्चि में आयोजित किया गया समारोह

## नौसेना के बेड़े में शामिल हुआ इक्षक पोत, बढ़ेगी समुद्री सर्वेक्षण की क्षमता

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा चुनौतियों के बीच गुरुवार को भारतीय नौसेना के युद्धक बेड़े में तीसरा सर्वेक्षण जहाज 'आईएनएस इक्षक' आधिकारिक रूप से शामिल किया गया है।

बल की दक्षिणी कमांड में स्थित कोच्चि नौसैन्य अड्डे पर एक भव्य समारोह हुआ। जिसकी अध्यक्षता स्वयं ▸▸ शेष पेज 5 पर

#### संस्कृत में इक्षक को कहते 'मार्गदर्शक'

इक्षक शब्द का संस्कृत भाषा में अर्थ मार्गदर्शक (गाइड) होता है। जो समुद्र में सर्वेक्षण के अपने उद्देश्य और उसे सटीकता के साथ हासिल करने की इसकी दक्षता से पूरी तरह से मेल खाता है। जहाज में लगाई गई कुल करीब 80 फीसदी सामग्री स्वदेशी है और उसके साथ ही स्टेट ऑफ द आर्ट ▸▸ शेष पेज 5 पर

#### महिला सुविधाओं से युक्त है इक्षक

समारोह को संबोधित करते हुए नौसेनाप्रमुख एडमिरल त्रिपाठी ने कहा, इक्षक पोत सरकार के आत्मनिर्भरता के विजन के तहत नौसेना, भारतीय उद्योग और सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों के बीच बेहतरीन समन्वय का साक्षी बना है। जिसमें स्टेट ऑफ द आर्ट हाइड्रोग्राफिक और समुद्री सर्वेक्षण के लिए ▸▸ शेष पेज 5 पर



### राष्ट्रपति मुर्मू से मिली चैंपियन बेटियां

## राष्ट्रपति को जर्सी भेंट, वे बोलीं- यह टीम भारत का 'प्रतिबिंब'



राष्ट्रपति से हरमनप्रीत ने राष्ट्रपति भवन में मुलाकात की

*ऐतिहासिक जीत के लिए शुभकामनाएं दी*

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

महिला विश्वकप 2025 की खिताब विजेता भारतीय टीम ने गुरुवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से राष्ट्रपति भवन में मुलाकात की। इस दौरान राष्ट्रपति ने उन्हें ऐतिहासिक जीत के लिए शुभकामनाएं दीं। इस खास मुलाकात के दौरान भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को भारतीय टीम की जर्सी भेंट की। वहीं, राष्ट्रपति ने टीम को ▸▸ शेष पेज 5 पर

#### धोनी, कपिल और रोहित के क्लब में शामिल हुईं हरमन

इस ऐतिहासिक जीत के साथ ही हरमनप्रीत कौर अब भारत की चौथी कप्तान बन गई हैं जिन्होंने विश्व कप जीत का ताज पहना है। उनसे पहले कपिल देव, एमएस धोनी और रोहित शर्मा भारत को विश्व चैंपियन बना चुके ▸▸ शेष पेज 5 पर

### सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला

## हाईकोर्ट की ओबीसी का दर्जा रद्द करने वाली कार्यवाही पर रोक

*सुप्रीम कोर्ट ने कोलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश पर शंका जताई*

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को बंगाल की ममता सरकार को बड़ी राहत दी। कोर्ट ने निर्देश दिया कि पश्चिम बंगाल में कई जातियों का ओबीसी दर्जा रद्द करने से संबंधित मामले में



कलकत्ता हाई कोर्ट में आगे कोई कार्यवाही नहीं होगी। कोर्ट पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा दायर एक याचिका सहित 10 याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। याचिकाओं में कलकत्ता हाई ▸▸ शेष पेज 5 पर

### चैंपियन बेटियों की पीएम मोदी से मुलाकात का वीडियो जारी

मजाकिया अंदाज में सवाल-जवाब

## हरलीन ने पूछा- सर, आपका चेहरा बहुत ग्लो करता है स्नेह राणा ने कहा-ये तो देश के करोड़ों लोगों का प्यार

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने आईसीसी वनडे विश्व कप 2025 का खिताब जीतने के बाद पीएम नरेंद्र मोदी से उनके आवास पर मुलाकात की, जिसका वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है।

बातचीत का वीडियो सामने आया है, जिसमें पीएम मोदी भारतीय महिला टीम के खिलाड़ियों से हंसी-मजाक और उनका अनुभव को लेकर सवाल करते दिखे, लेकिन बीच ▸▸ शेष पेज 5 पर

*पीएम ने कहा- आप कुछ दिन के बाद अपने स्कूलों में जाएं, जहां से आप पढ़कर निकले हैं। आप उन बच्चों से बातें कीजिए। आप इसके लिए 3 स्कूलों का चयन कीजिए। एक साल में एक स्कूल एक दिन दीजिए।*



पीएम मोदी भारतीय महिला क्रिकेट टीम से चर्चा करते हुए

#### फिट इंडिया मूवमेंट से जुड़ें

पीएम मोदी ने इन लड़कियों से अपने मन की बात करते हुए इन खिलाड़ियों को फिट इंडिया मूवमेंट में शामिल करने की पहल की है। उन्होंने कहा कि हमारे देश में मोटापा तेजी से उभरती हुई समस्या बनता जा रहा है। मैं हमेशा कहता हूं लोगों को को अपने ▸▸ शेष पेज 5 पर

मुख्य ऑपरेशनल स्ट्रक्चर को किया खत्म

# क्राइम ब्रांच ने नासिर गैंग की तोड़ी कमर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



नासिर गैंग के खिलाफ दर्ज मकोका केस में बड़ा डेवलपमेंट सामने आया है। क्राइम ब्रांच ने गैंग के सभी मुख्य व शातिर बदमाशों को सलाखों के पीछे धकेल दिया है। एक तरह से कहा जाए तो नासिर गैंग की कमर तोड़ी जा चुकी है। दिल्ली एनसीआर में संगठित अपराध पर यह एक बड़ी चोट है। पुलिस की इस कार्रवाई से लगभग एक दशक से ट्रांस यमुना क्षेत्र के बड़े हिस्से को कंट्रोल करने वाले सिंडिकेट का खात्मा हुआ है।

डीसीपी आदित्य गौतम के अनुसार इंटर स्टेट सेल की टीम ने क्राइम ब्रांच थाने में मकोका के तहत दर्ज केस में सरगना अब्दुल नासिर और उसके तीन भाइयों आदिल, नादिर और शमीम उर्फ बदर और दानिश जमाल, आसिम उर्फ हाशिम बाबा, सलमान उर्फ माटू और अन्य जैसे बड़े अपराधियों सहित 14 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। उनमें से अधिकांश पिछले 4-5 सालों से जेल में बंद हैं। उनके जेल में रहने से इस क्षेत्र में टारगेटेड शूटिंग, जमीन पर कब्जा, जबरन वसूली और गैंग की दुश्मनी में काफी कमी आई है। इससे समाज को बड़ी राहत मिली है और पुलिस पर जनता का विश्वास बहाल हुआ है।

### 2019 से लगातार कार्रवाई

यह केस 2019 में मकोका के तहत वैधानिक मंजूरी मिलने के बाद दर्ज किया गया था। इंटर स्टेट सेल तब से लगातार, इंटेलिजेंस आधारित और चरणबद्ध ऑपरेशन के माध्यम से मामले की जांच कर रही है, जिससे अलग-अलग चरणों में कई गिरफ्तारियां हुई हैं।

### क्राइम ब्रांच द्वारा हालिया कार्रवाई

मुख्य गैंग के ढांचे को खत्म करने के बाद भी इंटर स्टेट सेल ने सिंडिकेट के बाकी फरार सदस्यों के खिलाफ लगातार जांच जारी रखी। इन फॉलोअप कार्रवाई के तहत, तीन घोषित अपराधी आदिल और शमीम उर्फ बदर (दोनों भाई और नासिर गैंग के मुख्य कर्ताधर्ता) और सलीम अहमद उर्फ पिस्टल (इंटरनेशनल हथियार तस्कर) को हाल ही में गिरफ्तार किया गया। आरोपी सलीम अहमद नासिर गैंग के साथ-साथ दिल्ली-एनसीआर के कई अन्य हिंसक अपराध सिंडिकेट के लिए एक बड़ा अवैध हथियार सप्लायर था। उसका रोल सिर्फ लोकल खरीद तक ही सीमित नहीं था, बल्कि इसमें पाकिस्तान और नेपाल से हथियारों की सोफिस्टिकेटेड क्रॉस-बॉर्डर सोर्सिंग भी शामिल थी। वह राजधानी में सैकड़ों हाई-कैलिबर पिस्तौल लाने के लिए जिम्मेदार था। मकोका के तहत उसकी गिरफ्तारी नेपाल-पाकिस्तान-दिल्ली हथियार तस्करी कॉरिडोर के लिए एक बड़ा रणनीतिक झटका है, जो एनसीआर में कई गैंग वॉर और संगठित अपराध गतिविधियों को बढ़ावा दे रहा था। आदिल और शमीम दोनों मकोका लागू होने के बाद सालों से फरार थे और 2021 में उन्हें भगौड़ा अपराधी घोषित किया गया था। उनकी गिरफ्तारी से सिंडिकेट के बचे हुए ऑपरेशनल सपोर्ट बेस को और कमजोर करने में मदद मिली है। प्राइमरी चार्जशीट के अलावा इस मामले में पहले ही छह सप्लीमेंट्री चार्जशीट जमा की जा चुकी हैं। इस सिंडिकेट के 15 सदस्यों पर पहले ही चार्जशीट दायर की जा चुकी है।

छह लड़कियों का करवाया गया रेस्क्यू

# स्पा की आड़ में चल रहे सेक्स रैकेट का खुलासा, महिला अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



सेंट्रल जिले के स्पेशल स्टाफ ने पहाड़गंज इलाके में स्पा की आड़ में चल रहे सेक्स रैकेट का खुलासा किया है। पुलिस को स्पा सेंटर से say help एप के जरिए शिकायत मिली थी। इसके बाद स्पेशल स्टाफ ने रैकेट का पर्दाफाश किया। छह लड़कियों को स्पा से रेस्क्यू करवाया गया। स्पा की रिसेप्शनिस्ट व मालकिन महिला को गिरफ्तार किया गया है। इसका पति अभी फरार है।

पुलिस के अनुसार जब पुलिसकर्मी ग्राहक बनकर गया तो उसे दो हजार रुपये में सेक्स करने का ऑफर मिला। इसके बाद उसने अपनी टीम को इशारा किया। इशारा मिलते ही टीम ने कार्रवाई की और मामले का खुलासा किया। पुलिस पकड़ी गई महिला से पूछताछ कर इस सेक्स रैकेट में जुड़े लोगों के बारे में जानकारी जुटा रही है। डीसीपी निधिन वल्सन ने बताया कि यह कार्रवाई इंस्पेक्टर रोहित कुमार की टीम द्वारा की है। गत 31 अक्टूबर को सेंट्रल जिला पुलिस की ओर से तैयार करवाए गए say help एप पर एक अलर्ट मिला। पीड़िता ने शिकायत दी कि यहां स्पा की आड़ में अनैतिक गतिविधियां हो रही है। इसके बाद स्पेशल स्टाफ की टीम का गठन किया गया। टीम ने देर शाम करीब 7:30 बजे एक पुलिसकर्मी वहां कस्टमर बनाकर भेजा। पुलिसकर्मी ने अंदर जाकर बातचीत की और पैसे दिए। पैसे देते ही उसने रिसेप्शन पर बैठी महिला को अरेस्ट कर लिया। पूछताछ में खुलासा किया कि वह पति के साथ मिलकर स्पा की आड़ में सेक्स रैकेट चलाती है। पुलिस उसके पति की तलाश कर रही है।

## हिट एंड रन मामले का 24 वर्षीय आरोपी पकड़ा

नई दिल्ली। मध्य दिल्ली में दो नवंबर को हुए 'हिट-एंड-रन' के मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। इस मामले में 35 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गयी थी। आरोपी का नाम आगरा निवासी 24 वर्षीय हर्षित मेहता बताया गया है। पुलिस के अनुसार एलएनजेपी अस्पताल ने पुलिस को सूचना दी थी कि एक व्यक्ति को संदिग्ध सड़क दुर्घटना के बाद मृत अवस्था में लाया गया है। इसके बाद संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया और मृतक की पहचान दिल्ली के कृष्णा नगर निवासी राजेंद्र गुप्ता के रूप में हुई थी। पुलिस ने आसपास की सड़कों पर लगे कई सीसीटीवी कैमरों के फुटेज की जांच की और दुर्घटना में शामिल वाहन की पहचान के लिए घटनास्थल पर पूछताछ की गई। तकनीकी विश्लेषण के बाद उत्तर प्रदेश के पंजीकरण वाली एक कार को इस हिट-एंड-रन मामले में शामिल पाया गया। वाहन स्वामित्व का विवरण प्राप्त करने के बाद मोटर वाहन अधिनियम की धारा 133 के तहत आगरा निवासी 24 वर्षीय हर्षित मेहता को नोटिस जारी किया गया था। पुलिस के अनुसार आरोपी थाने में पेश हुआ और उसने अपनी संलिप्तता कबूल की। अपराध में शामिल वाहन को भी जब्त कर लिया गया है।

# वैध पीयूसी प्रमाणपत्र के बिना वाहन चलाने पर 4.87 लाख से अधिक चालकों पर जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली यातायात पुलिस ने इस वर्ष अक्टूबर तक वैध प्रदूषण नियंत्रण (पीयूसी) प्रमाण पत्र के बिना वाहन चलाने के लिए 4.87 लाख से अधिक वाहन चालकों का चालान किया है। जबकि 2024 में इसी अवधि के दौरान यह संख्या 3.78 लाख थी। मोटे तौर पर देखा जाए तो इसमें पिछले साल की तुलना में 20 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है।

दिल्ली यातायात पुलिस के आंकड़ों के अनुसार यह अभियान ऐसे समय में चलाया जा रहा है जब राष्ट्रीय राजधानी में वायु गुणवत्ता 'खराब से गंभीर' श्रेणी में है। वाहनों से होने वाले उत्सर्जन को रोकने के लिए नियमों का पालन नहीं करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। यह उत्सर्जन दिल्ली की वायु गुणवत्ता में महत्वपूर्ण योगदान देता है। एक यातायात पुलिस अधिकारी ने बताया कि 30 अक्टूबर तक पुलिस ने बिना वैध पीयूसी प्रमाणपत्र वाले वाहनों के 8.87 लाख से ज्यादा चालान काटे। इसके अलावा खुले में सीमेंट, रेत और धूल फैलाने वाली सामग्री ले जा रहे 941 वाहनों पर जुर्माना लगाया गया, जबकि प्रदूषण नियंत्रण मानदंडों का उल्लंघन करने पर 12 पुराने वाहनों को जब्त किया गया। पुलिस के आंकड़ों के अनुसार पश्चिम यातायात रेंज में पीयूसी नियम का उल्लंघन करने पर सबसे अधिक (1,14,754) चालान दर्ज किए गए, इसके बाद पूर्व (1,09,707), दक्षिण (1,06,939), उत्तर (96,984), उत्तर-पश्चिम (83,438) और मध्य दिल्ली रेंज (76,012) का स्थान रहा। यातायात पुलिस के सूत्रों ने बताया कि व्यापक प्रवर्तन के बावजूद नियम तोड़ने वाले केवल 10 प्रतिशत लोगों ने ही अपना जुर्माना चुकाया है। मोटर वाहन अधिनियम के तहत पीयूसी उल्लंघन पर 10,000 रुपये का जुर्माना लगाया जा सकता है। आंकड़ों के अनुसार यातायात पुलिस ने 'ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान' (जीआरएपी) के क्रियान्वयन में तेजी ला दी है और 14 अक्टूबर से दो नवंबर के बीच वैध प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण पत्र (पीयूसीसी) के बिना वाहन चलाने वाले चालकों के 46,921 चालान किए हैं। शहर की सीमाओं पर तैनात यातायात टीमों ने इस अवधि के दौरान 82,334 वाणिज्यिक वाहनों का निरीक्षण किया तथा प्रदूषण-रोधी मानकों को पूरा न करने वाले 3,018 वाहनों को प्रवेश देने से मना कर दिया। निर्माण एवं विध्वंस के मलबे का परिवहन करने वाले 204 वाहनों पर सामान को ठीक से न ढकने के कारण 20,000 रुपये का जुर्माना लगाया गया। यह सुनिश्चित करने के लिए कि दिल्ली के बाहर से बीएस-3 या निम्न श्रेणी के वाहन शहर में प्रवेश न करें, यातायात पुलिस और परिवहन विभाग की 23 संयुक्त टीमों को सीमावर्ती इलाकों में चौबीसों घंटे तैनात किया गया है।

# चार साइबर धोखाधड़ी मामलों में छह लोग को किया अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



साइबर अपराध के खिलाफ सप्ताह भर की कार्रवाई में ऑनलाइन धोखाधड़ी मामलों में कथित संलिप्तता के लिए पश्चिमी जिले की साइबर टीम ने कम से कम छह लोगों को गिरफ्तार किया है। धोखाधड़ी के इन मामलों में डिजिटल गिरफ्तारी और फर्जी 'वर्क फ्रॉम होम' समेत अन्य साइबर अपराध शामिल हैं। इस दौरान पुलिस ने दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में छापेमारी की ताकि साइबर अपराध नेटवर्क को निशाना बनाया जा सके।

डीसीपी शरद भास्कर दराड़े के अनुसार पुलिस ने एक महिला का पीछा करने और उसका निजी वीडियो सार्वजनिक करने की धमकी देते हुये उससे जबरन वसूली के मामले में गुलफाम अंसारी (25) को दिल्ली के रणहौला एक्सटेंशन से गिरफ्तार किया। अंसारी ने सोशल मीडिया पर फर्जी खाता बनाया और महिला के संबंधियों एवं दोस्तों को वीडियो साझा कर दिया तथा उससे तीन लाख रुपये की मांग की। पुलिस ने अंसारी के पास से सात मोबाइल फोन, तीन एटीएम कार्ड, दो चेक बुक, एक पासबुक और दो सिम कार्ड बरामद किये। एक अन्य मामले में शिवा (19) और पुनीत कुमार उर्फ साहिल (22) को फरीदाबाद से डिजिटल अरेस्ट के मामले में गिरफ्तार किया गया। आरोपियों ने खुद को कानून प्रवर्तन अधिकारी बताकर एक महिला को धन शोधन जांच के बहाने 11.75 लाख रुपये देने के लिए मजबूर किया। इसके अतिरिक्त राजस्थान के जयपुर से अंकित सोनकरिया को फर्जी 'वर्क फ्रॉम होम' नौकरी देने के मामले में गिरफ्तार किया गया। आरोपी ने एक महिला से मैप्स एप्लिकेशन पर स्थानों की समीक्षा के लिए भुगतान का वादा कर 2.74 लाख रुपये की धोखाधड़ी की थी। पुलिस ने बताया कि अलीगढ़ के रहने वाले लवलेश कुमार (22) और हरभजन (24) की गिरफ्तारी के साथ एक और साइबर अपराध गिरोह का भंडाफोड़ किया गया, जो पीड़ितों के बैंक विवरण तक पहुंचने के लिए फर्जी बीएसईएस मीटर सत्यापन एपीके फाइल का उपयोग कर रहा था। इस मामले में शिकायतकर्ता से एक धोखाधड़ी वाला ऐप डाउनलोड करवाने के बाद 16.52 लाख रुपये की धोखाधड़ी की गई थी। पुलिस ने कहा कि आरोपियों से जुड़े खातों में छह लाख रुपये होने का पता चला है।

## बीएसईएस को मिला स्कूलों में ट्रांसफॉर्मेटिव मिनी-साइंस सेंटर प्रोजेक्ट के लिए अवार्ड्स

नई दिल्ली। दिल्ली में निजी बिजली आपूर्ति करने वाली एक कंपनी बीएसईएस को स्कूलों में ट्रांसफॉर्मेटिव मिनी-साइंस सेंटर प्रोजेक्ट के लिए सम्मान प्राप्त हुआ है। इस बारे में बीएसईएस प्रवक्ता ने बताया कि कंपनी की इकाई बीएसईएस यमुना पावर लिमिटेड (बीवाईपीएल) को दिल्ली के सरकारी स्कूलों में अपने ट्रांसफ़ॉर्मेटिव मिनी-साइंस सेंटर प्रोजेक्ट के लिए प्रतिष्ठित डूइंग गुड फॉर भारत अवार्ड्स 2025 में पहचान मिली है। यह इस बात की पुष्टि करता है कि ज्ञान ही एनर्जी का सबसे चमकदार रूप है। प्रवक्ता के अनुसार यह सम्मान केंद्रीय सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री एल. मुरुगन और महाराष्ट्र सरकार में कमिशनर विमला रमेश द्वारा दिया गया। उन्होंने बताया कि बीएसईएस हर बच्चे के लिए सीखने को डायनामिक, इंटरैक्टिव और सुलभ बनाने के मिशन का जश्न मनाता है। करीब 30 से ज़्यादा सरकारी स्कूलों में स्थापित मिनी-साइंस सेंटर के जरिए,बीवाईपीएल 30 हजार से ज़्यादा युवा दिमागों में जिज्ञासा जगा रहा है। क्लासरूम को इनोवेशन लैब में बदल रहा है और छात्रों को भविष्य के चेंजमेकर बना रहा है। क्योंकि बीएसईएस में, हम सिर्फ़ घरों को ही पावर नहीं देते हम संभावनाओं को पावर देते हैं।

## चालकों के संगठन ने बुराड़ी परिवहन प्राधिकरण में भ्रष्टाचार को लेकर आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

नई दिल्ली। परिवहन मुख्यालय अंतर्गत बुराड़ी वाहन प्राधिकरण में भ्रष्टाचार को लेकर ऑटो चालकों के संगठन ऑल दिल्ली ऑटो टैक्सी ट्रांसपोर्ट कांग्रेस यूनियन व ऑटो टैक्सी ट्रांसपोर्ट कांग्रेस प्रकोष्ठ दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने परिवहन आयुक्त को ज्ञापन पत्र सौंपा है। इस बारे में संगठन अध्यक्ष किशन वर्मा ने बताया कि हमारे संगठन ने खुलासा करते हुए बुराड़ी फिटनेस सेंटर वीआईयू में दलालों के माध्यम से भ्रष्टाचारी मोटर व्हीकल इंस्पेक्टरों द्वारा फिटनेस जांच में रिश्वत लेकर गड़बड़ियों का भंडाफोड़ किया है। उजागर किए गए भ्रष्टाचार से संबंधित सभी सबूत वाले कागजात परिवहन आयुक्त निहारिका राय को सौंपे गए है। उन्होंने कहा कि परिवहन आयुक्त ने भरोसा दिया है कि इस मामले पर गंभीरता से विचार किया जाएगा और उचित कार्रवाई होगी। वर्मा ने बताया कि लंबे समय से बुराड़ी प्राधिकरण में भ्रष्टाचार का बोल बाला है, संगठन समय समय पर आवाज उठाता रहा है।

# 'फांसी घर' विवादः दिल्ली विधानसभा ने केजरीवाल व सिसोदिया को किया तलब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा ने 'फांसी घर विवाद' मामले में पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, तत्कालीन उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष राम निवास गोयल को तलब किया है। आम आदमी पार्टी के तीनों नेताओं को 13 नवंबर को विशेषाधिकार समिति के समक्ष पेश होना होगा। यह समिति पिछली सरकार के 'फांसी घर' संबंधी दावों की जांच कर रही है। विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने अगस्त में मानसून सत्र के दौरान सदन को बताया था कि जिस तथाकथित ब्रिटिशकालीन फांसी घर का उद्घाटन केजरीवाल ने 2022 में नवीनीकरण के बाद बड़े धूमधाम से विधानसभा परिसर में किया था, वह मूल रूप से एक टिफिन रूम था। विधानसभा परिसर के 1912 के एक नक्शे को दिखाते हुए गुप्ता ने कहा था कि ऐसा कोई दस्तावेज या प्रमाण नहीं है, जिससे यह साबित हो कि उस स्थान का उपयोग फांसी देने के लिए किया जाता था। उन्होंने इस मामले को जांच और रिपोर्ट के लिए नौ सदस्यीय विशेषाधिकार समिति को भेज दिया था। विधानसभा सचिवालय की ओर से मंगलवार को जारी एक नोटिस में कहा गया, कि विशेषाधिकार समिति के सदस्यों को सूचित किया जाता है कि समिति की बैठक गुरुवार, 13 नवंबर, 2025 को आयोजित की जाएगी, ताकि नौ अगस्त, 2022 को दिल्ली विधानसभा परिसर में उद्घाटित 'फांसी घर' की प्रामाणिकता से संबंधित मामले पर विचार किया जा सके। नोटिस की प्रतियां केजरीवाल, सिसोदिया, गोयल और विधानसभा की पूर्व उपाध्यक्ष राखी बिरला को भी भेजी गई हैं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल से इस मामले में सदन को गुमराह करने के लिए माफी की मांग की है, जबकि आप ने सवाल उठाया है कि क्या विधायक ऐसे ऐतिहासिक विषय पर विचार करने के योग्य हैं। सितंबर में, विशेषाधिकार समिति ने केजरीवाल, सिसोदिया और गोयल को नोटिस जारी कर उनके जवाब मांगे थे।

# निगम के आगामी उपचुनावों को लेकर कांग्रेस ने उच्चस्तरीय बैठक की आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



करावल नगर जिला कांग्रेस कमेटी ने आज एक उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की, जिसमें दिल्ली निगम के आगामी उपचुनावों की रणनीति और पार्टी संगठन को और मजबूत बनाने जैसे अहम मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई। प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव के निर्देश पर हुई इस बैठक में लोकसभा ऑब्जर्वर रोमेश सभवराल जिला ऑब्जर्वर फरीद शाह, जिलाध्यक्ष आदेश भारद्वाज, विधानसभा ऑब्जर्वर अशिवनी भारद्वाज, राम निवास, संजय प्रधान, मेहर सिंह , एडवोकेट सतबीर डॉ वी आर चौधरी विधानसभा प्रत्याशी मंगेश त्यागी तथा ब्लॉक अध्यक्ष खेमचंद सैनी सुजीत सिंह, रेखा रानी, राजन पांडे, मूनी त्यागी, अशोक चौधरी, सुरेंद्र कोच, गोविंद मिश्रा, देवेंद्र कुमार, ओम सूद, पी एस रावत, नारायण दत्त सनवाल बलजीत शर्मा, संजय भारद्वाज, एडवोकेट आदित्य भारद्वाज, आर पी झा, बलेराम पवार ने भाग लिया। इस बैठक में उपचुनावों में सफलता सुनिश्चित करने के लिए जमीनी स्तर पर तैयारियां तेज करने का फैसला लिया गया। बैठक की शुरुआत जिलाध्यक्ष आदेश भारद्वाज ने की, जिन्होंने वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि दिल्ली निगम के उपचुनाव हमारे लिए न केवल एक परीक्षा हैं, बल्कि दिल्ली की जनता को कांग्रेस की प्रतिबद्धता दिखाने का अवसर भी हैं। हम दिल्ली सरकार और केंद्र की तानाशाही के खिलाफ खडे है, और ये उपचुनाव उसी संघर्ष का हिस्सा हैं।

## कांग्रेस ने तथाकथित वोट चोरी के खिलाफ की पांच सदस्यीय बूथ स्तर की टीमें गठित

नई दिल्ली। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव के दिशा निर्देश पर दिल्ली में तथाकथित वोट चोरी के खिलाफ पांच सदस्यीय बूथ स्तर की टीमें गठित की है। दिल्ली कांग्रेस बूथ प्रबंधन कमेटी के अध्यक्ष राजेश गर्ग ने प्रत्येक बूथ पर पांच सदस्यीय कमेटी का गठन करके इन बूथ स्तरीय टीमों को बूथ प्रबंधन में प्रशिक्षित भी किया है। यह टीमें जो मतदाता सूची के साथ छेड़छाड़ और तथाकथित वोट चोरी के खिलाफ वार्डों में कड़ी निगरानी रखेंगे। इस बारे में प्रदेश अध्यक्ष यादव ने कहा कि दिल्ली कांग्रेस की बूथ प्रबंधन कमेटी 30 नवंबर को दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के 12 वार्डों के आगामी उपचुनाव के लिए पूरी तरह से तैयार है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की बूथ स्तर की टीमें पिछले 9 महीनों में भाजपा की रेखा गुप्ता सरकार द्वारा जनविरोधी शासन और भाजपा के वोट साजिश के बारे में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए घर-घर जा रही हैं। कांग्रेस की बूथ-स्तरीय टीमें मतदाताओं को चुनाव आयोग के साथ मिलकर भाजपा की वोट साजिश के बारे में सतर्क रहने की चेतावनी दे रही हैं। यादव ने कहा कि लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने हरियाणा में भाजपा द्वारा सत्ता चोरी का नवीनतम खुलासा करके बिहार चुनाव से पहले जनता के समक्ष भाजपा का असली चेहरा उजागर कर दिया है। बिहार में पहले चरण के मतदान में जिस तरह रिकॉर्ड वोटिंग दर्ज हुई और वहां वोट साजिश के कारण सार्वजनिक रूप से भाजपा का विरोध हो रहा है, उससे साफ है कि राज्य में सत्ता दल का बाहर का रास्ता प्रशस्त हो रहा है। यादव ने कहा कि भाजपा और आम आदमी पार्टी ने पिछले 18 वर्षों में एमसीडी को भ्रष्टाचार, अक्षमता और निष्क्रियता के साथ नष्ट कर दिया है।

# मोबाइल टॉवर बैटरी चोरी और स्क्रैप सिंडीकेट का पर्दाफाश, तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट के स्पेशल स्टाफ ने इंटरस्टेट मोबाइल टावर बैटरी चोरी और स्क्रैप सिंडिकेट का भंडाफोड़ किया है। इस सिलिसले में तीन टावर बैटरी चोर व सप्लायर गिरफ्तार किये गये हैं। इनसे 17 चोरी की मोबाइल टावर बैटरी बरामद हुई है। अपराध में इस्तेमाल की गई एक मोटरसाइकिल भी जब्त हुई है। बैटरी चोरी में शामिल स्क्रैप डीलरों के बड़े नेटवर्क का खुलासा हुआ है। इस गिरफ्तारी से दिल्ली, गाजियाबाद और नोएडा में चार बड़े चोरी के मामले सुलझाए गए है।

पुलिस के अनुसार टावर बैटरी की अवैध बिक्री के बारे में एक गुप्त सूचना स्पेशल स्टाफ को मिली थी। मुखबिर ने बताया कि भजनपुरा का रहने वाला अकील, मुस्तफाबाद निवासी शानू उर्फ सोनू से कम कीमत पर चोरी की मोबाइल टावर बैटरी खरीद रहा था और उन्हें लीलाधर सैनी उर्फ नाटी निवासी आईपी एस्टेट को बेचता है। वह प्रेस रोड, जहांगीर रोड में ई-रिक्शा का बिजनेस करता है। यह भी बताया गया कि अकील चोरी की बैटरी जहांगीर रोड पर रात 8 बजे के आसपास डिलीवर करेगा। अपराध की गंभीरता को देखते हुये पुलिस ने अपने मुखबिरों को तैनात किया और तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने गांधी मार्केट गोलचक्कर से अकील और लीलाधर सैनी को पकड़ा। इनसे दो बैटरी बरामद हुई। इनकी निशानदेही पर शानू करावल नगर से पकड़ा गया। वेरिफिकेशन के दौरान उसकी बाबू नगर, मुस्तफाबाद स्थित दुकान से कुल 10 मोबाइल टावर नेटवर्क बैटरी बरामद की गई। इसके बाद पकड़े गए आरोपियों के खुलासे और आगे की पूछताछ के दौरान मिले सुरागों के आधार पर सह आरोपी ताहिर के ठिकाने पर छापा मारा गया। उसकी दुकान से पांच और मोबाइल टावर बैटरी बरामद हुई। हालांकि, ताहिर पुलिस टीम के आने से पहले ही भागने में कामयाब हो गया।

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम **ओम प्रकाश पुत्रः** राजा राम **पताः** मकान नंबर एफ–311 मादीपुर, दिल्ली, ने **FIR No. 771/05 U/s 407/411/285 IPC थानाः नांगलोई, दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **ओम प्रकाश,** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **ओम प्रकाश,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 771/05 U/s 407/411/285 IPC थानाः नांगलोई, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **ओम प्रकाश,** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **20.12.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री विजयश्री राठौड़
**DP/14928/OD/2025** जेएमएफसी–10, पश्चिम जिला, कमरा नंबर 345
(Court Matter) तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr. P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त आरोपी **अरुण, पुत्र** श्री. प्रीतम सिंह **पताः** मकान नं. 420, गली नंबर 04, भगवानपुर खेड़ा, शाहदरा, **दिल्ली FIR No.241/2011 U/S: 392/411/34 IPC, पुलिस थानाः कश्मीरी गेट, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अरुण,** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अरुण,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **अरुण, FIR No.241/2011 U/S: 392/411/34 IPC, पुलिस थानाः कश्मीरी गेट, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **06.01.2026** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री वैभव गर्ग
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–11,
(केंद्रीय) कोर्ट नं. 138
**DP/15009/N/2025**
(Court Matter) तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

जनवरी के अंत तक राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों और सशस्त्र बलों की थीम पर सजाएगा लोक निर्माण विभाग

# दिल्ली के मुख्य गोल चक्करों पर दिखेगी पूरे भारत की झलक : प्रवेश वर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली के प्रमुख गोलक्करों पर बहुत ही जल्द पूरे भारत की झलक देखने को मिलेगी। दरअसल दिल्ली का लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने दिल्ली को 'पैन-इंडिया लुक' देने के लिए एक विशेष सौंदर्यीकरण अभियान शुरू किया है। इस पहल के तहत दिल्ली के 41 प्रमुख गोलचक्करों को देश के विभिन्न राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों और सशस्त्र बलों की थीम पर विकसित किया जाएगा। इस बात की जानकारी गुरुवार को दिल्ली के पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने दी है। मंत्री प्रवेश ने कहा कि दिल्ली केवल सरकार की राजधानी नहीं है, यह पूरे देश की राजधानी है। इस शहर का हर कोना भारत की एकता में विविधता, उसकी संस्कृति और उसके साहस की कहानी कहे। पीडब्ल्यूडी इस पहल के माध्यम से साधारण गोलचक्करों को असाधारण गौरव प्रतीकों में बदल रहा है, जो हर राज्य, हर परंपरा और हमारी सशस्त्र सेनाओं की उस भावना का उत्सव हैं, जो देश को मजबूत और एकजुट रखती है। इस योजना का उद्देश्य राष्ट्रीय राजधानी में भारत की संस्कृति, स्थापत्य और ऐतिहासिक विविधता को प्रदर्शित करना है, ताकि दिल्ली सचमुच पूरे देश की भावना को प्रतिबिंबित करे। मंत्री प्रवेश ने बताया कि हर गोलचक्कर को उस राज्य या केंद्र शासित प्रदेश की विशिष्ट पहचान के अनुसार सजाया जाएगा। इनमें राजस्थान के किले और महल, ओडिशा का कोणार्क सूर्य मंदिर, उत्तर प्रदेश का अयोध्या राम मंदिर, सिक्किम के मठ, केरल की बैकवॉटर शैली, गुजरात के स्टैच्यू ऑफ यूनिटी और उत्तर-पूर्व की बांस कला जैसी झलकियां शामिल होंगी। पीडब्ल्यूडी कुछ गोल चक्करों को भारतीय सशस्त्र बलों को समर्पित करेगा, जिनमें सेना, नौसेना और वायुसेना के प्रतीक प्रदर्शित किए जाएंगे। ये इंस्टॉलेशन वीरता, अनुशासन और बलिदान की भावना को दर्शाते हुए देश के रक्षकों को श्रद्धांजलि देंगे। इस परियोजना के अंतर्गत कलात्मक लैंडस्केपिंग, उन्नत प्रकाश व्यवस्था, मूर्तिकला, भित्तिचित्र और थीमैटिक हरियाली जैसे तत्व शामिल होंगे। इसका लक्ष्य पारंपरिक सौंदर्य और आधुनिक शहरी डिजाइन का संगम प्रस्तुत करना है। यह कार्य जनवरी 2026 के अंतिम सप्ताह तक पूरा कर लिया जाएगा।

# सर्दी में खुले आसमान के नीचे नहीं सोएगा कोई बेघर, 250 नए शेल्टर होम तैयार : रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



इस सर्दी कोई भी बेघर खुले आसमान के नीचे नहीं सोएगा। इसके लिए दिल्ली सरकार ने अस्थायी शेल्टरों के अलावा 250 नए अस्थायी शेल्टर होम तैयार कर लिए हैं। जिन्हें जल्द ही बेघरों को सौंप दिया जाएगा। वहीं सरकार बेघरों के लिए एक विंटर एक्शन प्लान लागू करेगी ताकि बेघरों को कोई परेशानी न हो। इस बात की जानकारी मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दी है। मुख्यमंत्री कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार दिल्ली सरकार ने राजधानी के बेघर और निर्धन नागरिकों को सर्दी के मौसम में सुरक्षित आश्रय प्रदान करने की दिशा में बड़ा व प्रभावी कदम उठाया है।

सरकार ने नियमित शेल्टरों के अलावा 250 और शेल्टर होम तैयार कर लिए हैं, ताकि कोई भी व्यक्ति सर्द रातों में खुले आसमान के नीचे न सोए। सरकार का उद्देश्य है कि 15 नवंबर से 15 मार्च तक चलने वाले विंटर एक्शन प्लान के अंतर्गत हर बेघर नागरिक को छत और सुरक्षा मिल सके। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का कहना है कि बेघरों को सहारा देने वाली योजना के लिए इस बार आधुनिक तकनीक का भी उपयोग किया जा रहा है, ताकि बेघरों को उचित सुविधा तो मिले ही, साथ ही ये शेल्टर होम भी सुचारू और सफलतापूर्वक काम कर सके। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का कहना है कि हमारी सरकार अन्त्योदय तक जरूरी सुविधाएं पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। दिल्ली सरकार गरीबों को लेकर भी संवेदनशील है, क्योंकि उन तक सरकारी पहुंच कम होती है। सरकार उन तक पहुंचकर अपनी सेवाएं देने को तैयार है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि कोई भी नागरिक सर्द रातों में खुले आसमान के नीचे न रहे। दिल्ली के ये शेल्टर होम केवल छत नहीं, बल्कि आत्मसम्मान और सुरक्षा का प्रतीक होंगे। हमारी सरकार हर बेघर व्यक्ति को जीने का समान अवसर देने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री का कहना है कि शेल्टरों की गुणवत्ता में सुधार के लिए नई नीति तैयार की गई है। अब एजेंसियों के चयन में गुणवत्ता और लागत आधारित चयन प्रणाली अपनाई गई है।

मुख्यमंत्री का यह भी कहना है कि शेल्टरों की निगरानी के लिए सुप्रीम कोर्ट मॉनिटरिंग कमेटी, ज्वाइंट अपेक्स एडवाइजरी कमेटी (जेएएसी) और मुख्य अभियंता, डूसिब की देखरेख में नियमित निरीक्षण किया जाता है। साथ ही डूसिब की ओर से हर शेल्टर होम में स्वच्छता, अग्नि सुरक्षा, कीट नियंत्रण और नियमित मरम्मत की निगरानी भी की जाती है।

- दिल्ली सरकार बेघरों के लिए 15 नवंबर से लागू करेगी विंटर एक्शन प्लान, आधुनिक सिस्टम से 24 घंटे होगी शेल्टरों की निगरानी

## डूसिब के तहत दिल्ली में कुल 197 शेल्टर होम हैं संचालित

मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड (डूसिब) के अधीन 'शेल्टर होम योजना' के तहत राजधानी दिल्ली में कुल 197 शेल्टर होम संचालित हैं, जिनमें 153 पुरुष, 17 महिला, 19 परिवार एवं बच्चों के लिए तथा 8 विशेष श्रेणी (एचआईवी, टीबी, ड्रग एडिक्ट आदि) के शेल्टर शामिल हैं।


प्रत्येक शेल्टर में बिस्तर, गद्दे, चादरें, तकिए, कंबल, बिजली, मच्छर नियंत्रण यंत्र, वॉटर कूलर और महिलाओं के लिए सीसीटीवी व सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराई जाती है। मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि सर्दियों में बेघरों को राहत देने के लिए 250 अस्थायी शेल्टर तैयार कर लिए गए हैं। ये शेल्टर दिल्ली के 120 स्थानों पर लगाए जाएंगे, जिनमें लगभग 2 हजार 500 लोगों के ठहरने की क्षमता होगी। जरूरत होने पर इनकी संख्या बढ़ाई जा सकती है। मुख्यमंत्री ने बताया कि बेघरों को राहत देने के लिए रेस्क्यू टीमें और कंट्रोल रूम भी बनाया जा रहा है।

मुख्यमंत्री के अनुसार डूसिब ने बेघरों की निगरानी और बचाव के लिए डिजिटल तकनीक को अपनाया है। 'रैन बसरा' मोबाइल एप के माध्यम से बेघर नागरिकों की रिपोर्टिंग और ट्रैकिंग की जाती है। वहीं 'नाइट शेल्टर इंस्पेक्शन' एप (एनएसआईए) से शेल्टरों की निगरानी और निरीक्षण किया जाता है, जो जीपीएस ट्रैकिंग और रीयल-टाइम डेटा अपडेट से जुड़ा है।

## पूरी रात सक्रिय रहेगी रेस्क्यू वैन

मुख्यमंत्री ने बताया कि बेघरों को सड़कों से सुरक्षित शेल्टरों तक पहुंचाने के लिए जीपीएस से लैस रेस्क्यू वैन रात 10 बजे से सुबह 4 बजे तक सक्रिय रहेंगी। ताकि कोई भी बेघर खुले में न सो पाए। मुख्यमंत्री के अनुसार डूसिब ने बेघरों की निगरानी और बचाव के लिए डिजिटल तकनीक को अपनाया है।

## 'पीडब्ल्यूडी सड़कों पर लगेंगी एलईडी स्ट्रीट लाइटें'



नई दिल्ली। दिल्ली की लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी)की सड़कों पर सभी पुरानी स्ट्रीट लाइटों को बदलकर नई स्मार्ट एलईडी लाइटें लगाई जाएंगी। इस बात की जानकारी गुरुवार को लोक निर्माण विभाग मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने सचिवालय में एक बैठक करने के बाद दी। मंत्री प्रवेश ने बताया कि गुरुवार को दिल्ली सचिवालय में पीडब्ल्यूडी विभाग के साथ दिल्ली की पीडब्ल्यूडी सड़कों पर स्मार्ट एलईडी स्ट्रीट लाइट्स लगाने को लेकर बैठक की। इस पहल के तहत सभी पुरानी स्ट्रीट लाइट्स को बदला जाएगा और जहां लाइट्स नहीं हैं, वहां नई स्मार्ट एलईडी लाइट्स लगाई जाएंगी। जिससे दिल्ली में न केवल बिजली की बचत होगी, बल्कि सड़क सुरक्षा को बढ़ावा मिलेगा और दिल्ली को आधुनिक स्मार्ट शहर बनाने की भी नई दिशा मिलेगी। इसके अलावा पीडब्ल्यूडी एवं जल मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने गुरुवार को दिल्ली सचिवालय में जल बोर्ड और पीडब्ल्यूडी विभाग के साथ मुनाक कनाल की सफाई, रखरखाव एवं बेहतर प्रबंधन की विभिन्न कार्य योजनाओं पर बैठक की। उन्होंने कहा कि दिल्ली के स्वच्छ और सुव्यवस्थित जल संसाधनों को सुनिश्चित करना हमारी सरकार की प्राथमिकता है।




## इंद्राज ने कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के समाज कल्याण विभाग मंत्री रविंद्र इंद्राज ने गुरुवार को नजफगढ़ के ईसापुर गांव स्थित कलिंगा इंस्टिट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज, दिल्ली गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी रेजिडेंशियल स्कूल का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों और स्थानीय लोगों से दिल्ली सरकार की छात्रों की शिक्षा और आवासीय योजनाओं से जुड़ी योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की। मंत्री इंद्राज ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार की उपेक्षा के कारण दिल्ली में स्कूल और कॉलेज छात्र-छात्राओं के कई हॉस्टल बंद कर दिए गये। साथ ही छात्र-छात्राओं को कम्पटीशन की तैयारी कराने वाले कोचिंग संस्थानों में घोटाले सामने आये। अधिकारियों ने बताया कि ईसापुर स्थित यह विद्यालय विशेष रूप से एससी, ओबीसी, अल्पसंख्यक एवं अनाथ छात्रों के लिए स्थापित किया गया था, जहां निशुल्क आवासीय सुविधा, भोजन, यूनिफार्म, स्टेशनरी और चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाती थी। साथ ही, छात्रों के सर्वांगीण विकास हेतु वोकेशनल प्रशिक्षण और खेल सुविधाएं भी परिसर में मौजूद थीं।

सितम्बर 2024 में भवन की जर्जर हालत और पूर्ववर्ती सरकार से उपयुक्त आर्थिक सहायता न मिलने से यह विद्यालय बंद कर दिया गया था। लगभग 1200 छात्र-छात्राओं की क्षमता वाले इस आवासीय स्कूल में उस समय लगभग 800 छात्र-छात्राएं अध्ययनरत थे। निरीक्षण के दौरान मंत्री इंद्राज ने कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि समाज के वंचित वर्गों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और सुरक्षित आवासीय वातावरण प्रदान किया जाए। दिल्ली सरकार छात्रों के लिए बंद पड़े हॉस्टलों को शुरू करने और नए हॉस्टल बनाने की योजना पर काम कर रही है। मंत्री इंद्राज ने कहा कि तिमारपुर में नेत्रहीन कॉलेज छात्राओं के लिए हॉस्टल का लोकार्पण सेवा पखवाड़े के दौरान किया गया।

## स्वर्ण जयंती पार्क में कियोस्क का लाइसेंस लेने का सुनहरा मौका, रजिस्ट्रेशन 17 तक खुला

नई दिल्ली। दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने स्वर्ण जयंती पार्क सेक्टर दो रोहिणी में व्यापारिक गतिविधियों के लिए कियोस्क का लाइसेंस लेने का सुनहरा मौका दिया है। इस बारे में डीडीए द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार हरियाली व पर्यटकों से भरपूर स्वर्ण जयंती पार्क की लोकेशन पर अपना निवेश करें और अपना व्यापार बढ़ाने का एक सुनहरा मौका है। इसके लिए डीडीए ने स्वर्ण जयंती पार्क के कियोस्क की ई-नीलामी शुरू कर रखी है। इसके लिए डीडीए ने 17 नवंबर 2025 तक रजिस्ट्रेशन खुला रखा है। इच्छुक व्यक्ति अथवा संगठन डीडीए की अधिकृत वेबसाइट पर जाकर कियोस्क का लाइसेंस के लिए अपना रजिस्ट्रेशन करा सकता है। अधिकारी ने बताया कि सफल आवेदक को पहले तीन तीन वर्ष के लिए कियोस्क लाइसेंस दिया जाएगा, और सभी तय नियम व शर्तों को मानना अनिवार्य होगा। नियमों के उल्लंघन पर डीडीए शर्तों के अनुसार लाइसेंस रद्द भी कर सकता है। जबकि नियमानुसार कार्य करने पर डीडीए दो बार तीन तीन साल के लिए लाइसेंस की अवधि को बढ़ा सकता है।

## मोहल्ला क्लीनिकों को बंद करने के खिलाफ 'आप' ने किया विनोद नगर में प्रदर्शन

नई दिल्ली। मोहल्ला क्लीनिकों को बंद करने के खिलाफ गुरुवार को आम आदमी पार्टी (आप) ने पूर्वी दिल्ली के विनोद नगर स्थित मोहल्ला क्लीनिक के बाहर प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन का नेतृत्व आप विधायक कुलदीप कुमार ने किया। प्रदर्शन के दौरान कुलदीप कुमार ने कहा कि मोहल्ला क्लीनिक अरविंद केजरीवाल सरकार का क्रांतिकारी मॉडल है, जिसे विदेशों ने भी सराहा। लेकिन द्वेष की आग में जल रही भाजपा की सरकार इस मॉडल को बंद करने जा रही है। मोहल्ला क्लीनिक दिल्ली की स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ़ हैं। इन्हें तोड़कर रेखा गुप्ता सरकार दिल्ली की पूरी स्वास्थ्य व्यवस्था को भंग करने का काम करने जा रही है। कुलदीप ने कहा कि भाजपा सरकार दिल्ली में 200 मोहल्ला क्लीनिक बंद करने जा रही है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी कहा था कि एक भी जनहितकारी योजना बंद नहीं करेंगे। अरविंद केजरीवाल की एक भी जनकल्याणकारी योजना को हाथ नहीं लगाएंगे। तो आज भाजपा सरकार दिल्ली की स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ़ रूपी मोहल्ला क्लीनिकों को बंद क्यों कर रही है? आम आदमी पार्टी का रेखा गुप्ता से यही सवाल है। कुलदीप ने कहा कि पहले 9 महीनों में दवाइयां और टेस्ट बंद कर दिए, अब सभी क्लीनिक पर ताला लगाने जा रहे हैं। ये लोग धीरे-धीरे सारे मोहल्ला क्लीनिक बंद कर देंगे। इसके बाद दिल्ली के सभी सरकारी अस्पतालों को प्राइवेट कर देंगे। यह गरीब जनता की सरकार नहीं है। कुलदीप ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से सवाल किया कि उन्होंने 'आरोग्य मंदिर' कहां बनाया, कोई लोकेशन तो बताओ।

## दिल्ली में गुरुवार सीजन की सबसे ठंडी सुबह के रूप में हुई दर्ज, और गिरेगा न्यूनतम पारा

नई दिल्ली। लंबे समय से सुहावने मौसम यानी गुनगुनी सर्दी का मजा ले रही दिल्ली में अब सर्दी ने राजधानी में दस्तक दे दी है। जिसके चलते गुरुवार को इस सीजन की सबसे ठंडी सुबह ने दिल्ली वालों का स्वागत किया। सुबह राजधानी दिल्ली के सफदरजंग स्टेशन पर न्यूनतम तापमान 12.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस सीजन का अब तक का सबसे कम न्यूनतम तापमान है। ठंडक का असर सुबह सैर पर निकले लोगों व स्कूली बच्चों पर पड़ा और उन्हें स्वेटर जैकिट आदि पहननी पड़ी। ठंडी हवाओं ने और शाम के समय हल्की सिहरन ने दिल्ली एनसीआर को आगाह किया अब गर्म कपड़े निकाल लो। इस बारे में प्रादेशिक मौसम विभाग (आईएमडी) का कहना है कि इस सीजन में गुरुवार की सुबह पहली बार न्यूनतम पारा सबसे कम 12.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ, ठंडी हवाएं चली।



## खबर संक्षेप

### अफवाहों का, मंत्री राजेश नागर ने किया खंडन



**फरीदाबाद।** पिछले दिनों नीमका गांव के आसपास कूड़ाघर बनाने की बात को इतना प्रचारित किया गया कि लोग बिना सोचे समझे विरोध बैठक कर बैठे। लेकिन मंत्री एवं स्थानीय विधायक राजेश नागर ने नीमका के पास कूड़ाघर बनाने की किसी भी बात से इनकार किया है। बिहार विधानसभा के चुनाव प्रचार में लगे मंत्री राजेश नागर ने वीडियो माध्यम के जरिए लोगों से कहा है कि वह निश्चिंत रहें, नीमका में कोई कूड़ा घर बनाने की योजना सरकार अथवा प्रशासन के स्तर पर नहीं है। उन्होंने इस बारे में आला अधिकारियों एवं स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल से बात की है।

### एक लाख 57 हजार रुपए की ठगी, दो आरोपी पकड़ाए



**फरीदाबाद।** फरीदाबाद पुलिस द्वारा साइबर अपराधियों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है जिसके निरंतर में पर्सनल लोन के लिए कॉल कर 1,57,560 रुपए की ठगी करने के मामले में साइबर थाना सैंट्रल की टीम ने दो आरोपियों को लखनऊ उप्र से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि भारत कॉलोनी दस लाख रुपए लोन देने की बात कही, जिसके लिए उन्होंने प्रोसेसिंग चार्ज, सिक्योरिटी डिपॉजिट, स्टाम्प चार्ज के नाम पर शिकायतकर्ता से 1,57,560 रुपए ऐठ लिए।

### फर्जी दस्तावेज से बनवाए थे क्रेडिट कार्ड, दो आरोपी गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** फरीदाबाद पुलिस आयुक्त सतेंद्र कुमार गुप्ता के दिशा-निर्देश में धोखाधड़ी करने वालों पर फरीदाबाद पुलिस की कार्रवाई जारी है जिसके अंतर्गत फर्जी दस्तावेजो के आधार पर क्रेडिट कार्ड बनवाने और फिर क्रेडिट कार्ड से सामान खरीद कर भुगतान ना करने पर 50,94,564 रुपए की धोखाधड़ी करने के मामले में थाना साइबर सेंट्रल की टीम ने दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। शिकायत में बताया कि उनके बैंक में कथित मनजीत सिंह, अशोक कुमार, प्रदीप शर्मा, सौरव गुप्ता और रविंदर कुमार ने अप्लाई किया था।

# स्पेनिश व्यापार प्रतिनिधिमंडल ने किया नमो भारत कॉरिडोर का दौरा

## प्रतिनिधियों को ट्रेन के यात्री- केंद्रित डिजाइन और इसकी आधुनिक सुविधाओं के बारे में जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाज़ियाबाद



स्पेनिश व्यापार प्रतिनिधिमंडल ने नमो भारत कॉरिडोर का दौरा किया। दौरा दुहाई स्थित अत्याधुनिक नमो भारत डिपो से शुरू हुआ जहाँ प्रतिनिधियों को नमो भारत सेवाओं की विश्वसनीयता और परिचालन दक्षता सुनिश्चित करने के लिए अपनाई गई उन्नत रखरखाव सुविधाओं और प्रक्रियाओं का अवलोकन कराया गया।

इसके बाद प्रतिनिधिमंडल दुहाई डिपो नमो भारत स्टेशन से नमो भारत ट्रेन में सवार हुआ और कॉरिडोर के विभिन्न स्टेशनों से होकर गुजरा। यात्रा के दौरान, प्रतिनिधियों को ट्रेन के यात्री-केंद्रित डिज़ाइन और इसकी आधुनिक सुविधाओं के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने इस नए ज़माने के यात्रा मोड़ में सहज क्षेत्रीय यात्रा के अनुभव की सराहना की। आनंद विहार नमो भारत स्टेशन पर प्रतिनिधिमंडल को स्टेशन के डिज़ाइन और एनसीआरटीसी द्वारा अन्य परिवहन प्रणालियों के साथ मल्टी-मॉडल इंटीग्रेशन (एमएमआई) सुनिश्चित करने के लिए की गई पहलों के बारे में जानकारी दी गई। इस एकीकरण का उद्देश्य व्यापक मोबिलिटी नेटवर्क में सुगम कनेक्टिविटी और यात्री अनुभव को बेहतर बनाना है। स्टेशनों के दौरे के बाद, प्रतिनिधिमंडल एनसीआरटीसी कॉर्पोरेट कार्यालय, गतिशक्ति भवन पहुँचा, जहाँ उन्होंने एनसीआरटीसी नेतृत्व टीम के साथ बातचीत की। प्रतिनिधियों का स्वागत किया गया और एनसीआरटीसी के प्रबंध निदेशक शलभ गोयल ने एक संबोधन दिया। स्पेनिश प्रतिनिधिमंडल ने भारत में अपनी तरह की इस पहली क्षेत्रीय परिवहन प्रणाली के कार्यान्वयन के लिए एनसीआरटीसी द्वारा अपनाए जा रहे अभिनव दृष्टिकोण की सराहना की।

एनसीआरटीसी के वरिष्ठ अधिकारियों ने नमो भारत पर एक विस्तृत प्रस्तुति दी, जिसमें परियोजना का अवलोकन, प्रयुक्त तकनीकें, भविष्य के अवसर और कार्यान्वयन के दौरान अपनाई गई सर्वोत्तम प्रथाओं पर प्रकाश डाला गया।

## केंद्रीय मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने न्यू जनता कॉलोनी में 44.80 लाख की विकास परियोजना का किया शिलान्यास

# आने वाले वर्षों में फरीदाबाद की पहचान राष्ट्रीय मानचित्र पर होगी और भी मजबूतः मंत्री गुर्जर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

**खास बातें**

- भाजपा सरकार में बल्लभगढ़ के विकास कार्य बने क्षेत्र के इतिहास का स्वर्णिम अध्याय : मूलचंद शर्मा
- मेट्रो परियोजना निरंतर प्रगति का प्रतीक
- शिक्षा के क्षेत्र में कदम उठाए जाएंगे



केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने गुरुवार को न्यू जनता कॉलोनी में 44.80 लाख रुपए की लागत से सीवर लाइन, पानी की लाइन और आरएमसी रोड निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। शिलान्यास विधिवत तरीके से न्यू जनता कॉलोनी के बुजुर्गों द्वारा नारियल फोड़कर परंपरागत तरीके से किया गया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री और बल्लभगढ़ विधायक मूलचंद शर्मा भी मौजूद रहे।

केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि भाजपा सरकार की प्राथमिकता जनता को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना है और न्यू जनता कॉलोनी में यह कार्य उसी प्रतिबद्धता का परिणाम है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास को नई दिशा देने के उद्देश्य से फरीदाबाद वासियों के लिए एक और बड़ी सौगात की घोषणा की गई है। केंद्रीय नेतृत्व के निर्णय के अनुसार दिल्ली एयरपोर्ट को गुरुग्राम व, फरीदाबाद और जेवर एयरपोर्ट से जोड़ने वाली नई रेपिड मेट्रो परियोजना को स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। इस महत्वाकांक्षी योजना का कार्य वर्ष 2026 में प्रारंभ किया जाएगा। इस परियोजना के अंतर्गत मेट्रो लाइन फरीदाबाद होते हुए नोएडा तक और आगे सीधे जेवर एयरपोर्ट तक जाएगीए जबकि दूसरी दिशा में गुडग़ांव से होते हुए दिल्ली एयरपोर्ट को जोड़ेगी। यह कनेक्टिविटी न केवल दिल्लीद, एनसीआर क्षेत्र के नागरिकों के लिए लाभदायक सिद्ध होगी, बल्कि फरीदाबाद को राष्ट्रीय परिवहन नेटवर्क में एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में स्थापित करेगी। फरीदाबाद के लिए बहुत बड़ी सौगात है, क्योंकि इस परियोजना से शहर को हाईवे, रेलवे और मेट्रो तीनों माध्यमों से सुदृढ़ परिवहन संपर्क प्राप्त होगा।

इसके साथ ही बल्लभगढ़ से पलवल तक नई मेट्रो विस्तार परियोजना भी तेजी से आगे बढ़ रही है, जिससे दक्षिण हरियाणा का विकास और तेज होगा।

राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने अभूतपूर्व विकास गति प्राप्त की है और यह नई मेट्रो परियोजना उस निरंतर प्रगति का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि विपक्ष की सरकार के 10 वर्षों में मात्र 10 किलोमीटर मेट्रो का विस्तार हुआ था, जबकि भाजपा सरकार के नेतृत्व में अब सैकड़ों किलोमीटर मेट्रो नेटवर्क का विस्तार किया जा रहा है, जो दिल्ली, गुरुग्राम, फरीदाबाद और जेवर एयरपोर्ट तक विस्तृत होगा। उन्होंने कहा कि पासपोर्ट ऑफिस के लिए दिल्ली जाने की बजाय अब पासपोर्ट ऑफिस फरीदाबाद में ही उपलब्ध है। शिक्षा क्षेत्र में भी विशेष कदम उठाए गए हैं, नहर पार क्षेत्र में नए केंद्रीय विद्यालय की स्वीकृति दी गई है। ग्रेटर फरीदाबाद में 400 करोड़ की लागत से विज्ञान भवन से भी बेहतर कन्वेंशन सेंटर का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि बिजली विभाग के कार्यकाल के दौरान फरीदाबाद के लिए 2800 करोड़ रुपए की स्वीकृति दिलाई गई थी, जिसके तहत आने वाले दो वर्षों में पूरे शहर की बिजली लाइनों को अंडरग्राउंड किया जाएगा। इससे आंधी-तूफान और बरसात के दौरान बिजली बाधित नहीं होगी और सड़कों से पोल भी हट जाएंगे।

देश के समग्र विकास पर बोलते हुए श्री गुर्जर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत पिछले 10 वर्षों में विश्व की चौथी सबसे बड़ी ताकत बन चुका है और जल्द ही जापान जैसे देश को पीछे शीघ्र ही तीसरे स्थान पर पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि आने वाले वर्षों में फरीदाबाद देश के मानचित्र पर एक विशिष्ट पहचान बनाएगा।

पूर्व मंत्री एवं बल्लभगढ़ विधायक मूलचंद शर्मा ने कहा कि केंद्र और प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद फरीदाबाद जिला में विकास कार्यों की रफ्तार में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेशभर में जनकल्याण और बुनियादी ढांचे से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है, जिसका लाभ सीधे तौर पर फरीदाबाद और बल्लभगढ़ के नागरिकों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि बल्लभगढ़ क्षेत्र में अब तक जितने भी विकास कार्य संपन्न हुए हैं, वे क्षेत्र के इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय के रूप में दर्ज होंगे।

## आयुक्त ने व्यापारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया

# शहर की स्वच्छता और सुंदरता में व्यापारियों की अहम भूमिका : नगर आयुक्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाज़ियाबाद

नगर निगम मुख्यालय पर दीपावली डेकोरेशन कंपटीशन के परिणाम की घोषणा की गई।

नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने बाजार के व्यापारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया तथा सभी व्यापारियों के कार्यों की प्रशंसा की गई प्रतियोगिता में शामिल हुए बाजार के संगठन को प्रशस्ति पत्र दिया गया । कांस्य श्रेणी में मोहन नगर जोन से शालीमार गार्डन लघु उद्योग व्यापार कल्याण समिति, व्यापार मंडल साहिबाबाद श्याम पार्क, डीएलएफ मार्केट एसोसिएशन मोहन नगर तथा विजयनगर क्षेत्र से सेक्टर 12 प्रताप विहार विजय नगर मंडल चयन किया गया, रजत श्रेणी में प्रकाश विभाग गाजियाबाद नगर निगम कवि नगर जोन रहा, स्वर्ण श्रेणी में एसोसिएशन ऑफ ट्रेडर्स सेंट्रल मार्केट सेक्टर 4 वैशाली वसुंधरा जोन से, चोपला दिल्ली गेट व्यापार मंडल सिटी जोन से, सीताराम बाजार तुरब नगर बाजार व्यापारी एसोसिएशन सिटी जोन से रहे, नवाचार श्रेणी में भी वैशाली सेक्टर 4 का बाजार मंडल रहा।

## युवा महोत्सव 12 से 14 नवंबर तक आयोजित होगा

# युवा महोत्सव की तैयारियों को लेकर कुलगुरु की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

गुरुग्राम विश्वविद्यालय में आगामी तीन दिवसीय युवा महोत्सव की तैयारियों को लेकर कुलगुरु डॉ. संजय कौशिक की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। जिसमें विभिन्न कमेटियों की प्रगति की रिपोर्ट कार्यक्रम संयोजक डॉ राकेश योगी द्वारा प्रस्तुत की गई और तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से डॉ महा सिंह, राजस्थान विश्वविद्यालय से डॉ अंशु वर्मा एवं पंजाब कृषि विश्वविद्यालय से डॉ निर्मल सिंह आमंत्रित विशेषज्ञ भी उपस्थित रहे। जिन्होंने आयोजन के सुचारु संचालन, समन्वय और सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं के बेहतर प्रबंधन को लेकर अपने सुझाव साझा किए।

यूनिवर्सिटी के कुलगुरु डॉ. संजय कौशिक ने बताया कि विश्वविद्यालय में युवा प्रतिभाओं का



सबसे बड़ा उत्सव युवा महोत्सव 2025 आगामी 12 से 14 नवम्बर तक यूनिवर्सिटी परिसर में आयोजित किया जाएगा। तीन दिवसीय इस भव्य आयोजन में 60 से अधिक कॉलेजों की टीमें भाग लेंगी और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी। कार्यक्रम के अंतर्गत 45 से अधिक विभिन्न विधाओं में प्रतियोगिताएँ होंगी, जिनमें संगीत, नृत्य, नाटक, ललित कला, वाद-विवाद, माइम, क्विज़, फोटोग्राफी, लोकगीत, लोकनृत्य आदि शामिल हैं। ये प्रतियोगिताएँ विद्यार्थियों की सृजनशीलता, अभिव्यक्ति और सांस्कृतिक समृद्धि का अद्भुत संगम प्रस्तुत करेंगी।

# संदीप नरवाल बने 'गज़ब गाज़ियाबाद' कबड्डी टीम के मेंटर, खिलाड़ी जोश के साथ मैदान में उतरेंगे

## टीम को उंचाईयों तक पहुंचाने का लिया लक्ष्यः नरवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाज़ियाबाद



उत्तर प्रदेश कबड्डी लीग (यूपीकेएल) सीज़न 2 में हिस्सा लेने जा रही 'गज़ब गाज़ियाबाद' टीम ने अपने मेंटर के रूप में अर्जुन अवॉर्डी और अनुभवी कबड्डी स्टार संदीप नरवाल को नियुक्त किया है।

संदीप नरवाल, जिन्हें कबड्डी की दुनिया में 'द बीस्ट' के नाम से जाना जाता है, भारतीय कबड्डी के सबसे प्रभावशाली खिलाड़ियों में से एक हैं।

उन्हें वर्ष 2021 में अर्जुन अवॉर्ड और भीम अवॉर्ड से सम्मानित किया जा चुका है। वे विश्व एवं एशियाई चैम्पियन रह चुके हैं और प्रो कबड्डी लीग के सीज़न 9 तक शानदार प्रदर्शन कर चुके हैं। अब वे अपने अनुभव और ऊर्जा से गज़ब गाज़ियाबाद टीम को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने का लक्ष्य लेकर जुड़े हैं। टीम के ओनर आशीष शर्मा और एडवोकेट कार्तिकेय शर्मा ने इस मौके पर कहा,"संदीप नरवाल जैसे दिग्गज खिलाड़ी के जुड़ने से हमारी टीम में एक नई ऊर्जा और आत्मविश्वास आया है। उनके मार्गदर्शन में खिलाड़ी और भी अधिक जुनून और जोश के साथ मैदान में उतरेंगे। हमें पूरा भरोसा है कि गज़ब गाज़ियाबाद बेहतरीन प्रदर्शन करेगी। उत्तर प्रदेश कबड्डी लीग के फाउंडर एवं ओनर संभव जैन ने कहा की संदीप नरवाल के मेंटर बनने से गज़ब गाज़ियाबाद टीम का मनोबल बढ़ा है। उन्होंने कहा की यूपीकेएल सीज़न 2 में टीम दमदार प्रदर्शन करने को पूरी तरह तैयार हैं। टीम के हेड कोच किरनपाल सिंह हैं और बतौर असिस्टेंट कोच गुलबीर सिंह प्लेयर्स को ट्रेंड करेंगे। गज़ब गाज़ियाबाद टीम के प्रमुख खिलाड़ियों में अनिल कुमार, हर्ष ढाका, रोनक सिंह, उदय दाबस, अभिषेक पांडेय, अमन पवार, अर्पित चौहल, अमन राणा, शौर्य सिंह, विपुल चौधरी, हरिओम, विशाल कुमार और गोपाल शर्मा शामिल है।

# रालोद उत्तर प्रदेश अर्बन बॉडी कमेटी का सदस्य बनाए जाने पर इंद्रजीत टीटू का स्वागत

## ढोल नगाड़े के साथ इंद्रजीत का स्वागत किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाज़ियाबाद



राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ इंद्रजीत सिंह टीटू का मेरठ रोड राष्ट्रीय लोकदल के कार्यालय पर स्वागत किया गया। टीटू को उत्तर प्रदेश अर्बन बॉडी कमेटी का सदस्य बनाया गया है। कार्यक्रम का आयोजन महानगर अध्यक्ष श्रीमती रेखा चौधरी ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत इंद्रजीत सिंह ने भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह को माल्या अर्पण करके की गई। पूरी सभा का संचालन प्रदेश के महामंत्री श रविंद्र चौहान ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष रेखा चौधरी ने की। पूरे जिले से काफी लोग इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यालय पहुंचने पर ढोल नगाड़े के साथ इंद्रजीत का स्वागत किया गया सभी ने फूल माला और गुलदस्ता देकर कार्यालय पहुंचने पर स्वागत किया।

# गांव कुकडौला के सरकारी स्कूल का होगा कायाकल्प, मेयर ने किया भूमि पूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम



मानेसर नगर निगम के गांव कुकडौला के सरकारी स्कूल का कायाकल्प होगा। मेयर डॉ इंद्रजीत कौर यादव ने वीरवार को स्कूल में होंडा कंपनी के सहयोग से शुरू हो रहे विकास कार्यों का भूमि पूजन कर शुभारंभ किया।

होंडा कंपनी सीएसआर के तहत स्कूल में 20 लाख रुपए खर्च करेगी। इस दौरान मेयर ने बताया कि सीएसआर के तहत कंपनी स्कूल में एक कमरा, छात्र-छात्राओं के लिए अलग शौचालय, मुख्य गेट, टाइल्स लगाने, रंग-रोगन और वर्षा जल के संचयन के लिए वाटर हार्वेस्टिंग पिट का निर्माण करेगी। विद्यार्थियों को न केवल बेहतर शैक्षिक वातावरण मिलेगा।


## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प गुरूग्राम | रेवाड़ी जिले में गोठड़ा टप्पा खोरी में सैनिक स्कूल में फेज-III और IV (गैर आवासीय) भवन के लैंडस्केपिंग कार्य का विकास + 1 कार्य। | 04.11.2025 17.11.2025 | 28.96 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9717214202 zilesinghhort@gmail.com |
| 2 | लोनिवि भ व प हिसार | फतेहाबाद जिले में टोहाना में नये बस स्टैंड का निर्माण (13 पैसेंजर लिफ्ट का प्रावधान केवल)। | 03.11.2025 10.11.2025 | 16.65 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प हिसार | एससीएसपी स्कीम के तहत हिसार जिले में नाथुवाना से मत्तेरशाम रोड आरडी 0.00 से 2.40 (रोड आईडी 10420) को चौड़ा करना और मजबूतीकरण (एचटी/एलटी लाइन की शिफ्टिंग केवल)। | 03.11.2025 10.11.2025 | 2.30 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि भ व प हिसार | हिसार जिले में दिल्ली हिसार सुलेमानकी (एनएच-10) रोड कि.मी. 160.30 से औद्योगिक क्षेत्र तक बालसमंद डिस्टी. तक (आरडी 0.00 से 1.600 तक) रोड का पुनर्निर्माण (रोड आईडी 4834)। | बंद होने की तिथि 14.11.2025 | 342.07 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9878384499 pwd-eepd1-hissar@hry.nic.in |
| 5 | लोनिवि भ व प हिसार | हिसार जिले में (आदमपुर निर्वाचन क्षेत्र) कार्य कार्यक्रम 2025-26 ग्रुप नं. 19 में 6 अदद रोड को चौड़ा करना और मजबूतीकरण (I) गांव कबरेल रोड आरडी 0.00 से 1.000 (रोड आईडी 4928) में कबरेल डोभी रोड पंचायत घर वाया फिरनी दक्षिण तरफ (II) हिसार घुरसाल से सलेमगढ़ रोड आरडी 0.00 से 0.600 (रोड आईडी 5024) (III) बुराक से भिरानी तक राजस्थान बॉर्डर तक रोड आरडी 0.00 से 3.050 (रोड आईडी 4944) (IV) बुराक से बंदाहेड़ी रोड आरडी 0.00 से 5.940 (रोड आईडी 4942) (V) घुरसाल से राज्य सीमा रोड आरडी 0.00 से 1.300 (रोड आईडी 4939) (IV) घुरसाल से बंदाहेड़ी रोड रोड आरडी 0.325 से 4.000 और 4.100 से 8.500 (रोड आईडी 4940) + 1 कार्य। | बंद होने की तिथि 12.11.2025 | 563.18 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9878384499 pwd-eepd1-hissar@hry.nic.in |
| 6 | लोनिवि भ व प गुरूग्राम | गुरूग्राम में न्यू ज्यूडिशियल कॉम्पलैक्स 'टावर ऑफ जस्टिस' में कोर्ट रूम्स और चेम्बर्स में वॉल पैनलिंग, स्टोरेज यूनिट्स समेत इंटीरियर वुडन वर्क और अन्य सम्बद्ध संघटकों हेतु कार्य। | बंद होने की तिथि 17.11.2025 | 623.36 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1- gurgaon@hry.nic.in |
| 7 | लोनिवि भ व प हिसार | हिसार जिले में प्रांतीय मंडल सं. 1, लोनिवि भ व प शाखा हिसार में शाहपुर स्टोर हिसार में आकार 53 मिमी से 22.4 मिमी में स्टोन मैटल की आपूर्ति, ढुलाई और संग्रहण + 2 कार्य। | बंद होने की तिथि 10.11.2025 | 10.15 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9878384499 pwd-eepd1-hissar@hry.nic.in |
| 8 | पंचायती राज अम्बाला | डी-प्लान - गांव शाहपुर नुर्द ब्लॉक नारायणगढ़ में एससी चौपाल का निर्माण और गांव टोका में बीसी चौपाल का निर्माण + 2 कार्य। | 04.11.2025 10.11.2025 | 42.31 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2551368 prexeeng.amb@hry.nic.in |
| 9 | पंचायती राज भिवानी | गांव बारदु जोगी, ब्लॉक लोहारू में शमशान घाट में शैड का निर्माण, स्कीम वीएजीवाई + 16 कार्य। | 05.11.2025 10.11.2025 | 98.77 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1664243927 prexeeng.bhw@hry.nic.in |
| 10 | महिला एवं बाल विकास, हिसार | हिसार जिले में आंगनवाड़ी केन्द्रों के लिए एसएनपी और अन्य मदों का परिवहन। | 03.11.2025 17.11.2025 | ईएमडी 50000 | https://wcdhry.gov.in | 1662239097 pohsr.wcd@gmail.com |
| 11 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी, मण्डी डबवाली | कालांवाली कस्बा अमरुत 2.0 :- 'जल घर में 2 अदद एस/एस टैंक, पीसी, चारदिवारी, रोड और पथ का निर्माण, फिल्टर बैड्स की मरम्मत, फालतू मिट्टी को हटाना और सम्प वैल, पीसी, राइजिंग मेन, चारदिवारी का निर्माण, 2 अदद बूस्टिंग स्टेशनों का निर्माण और 3 अदद बूस्टर्स का संवर्धन कार्य अर्थात प्रत्येक बूस्टर में यूजीआर, पम्पिंग मशीनरी और वितरण प्रणाली के निर्माण के साथ-साथ टैप कनेक्शन और वाटर मीटर और उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्य हेतु डीएनआईटी।' सीएच हैड :- कालांवाली :- कालांवाली कस्बा जिला सिरसा में (अमरुत 2.0) जलापूर्ति योजना का अपडेशन, पुनरोद्धार, 2 अदद बूस्टिंग स्टेशन का निर्माण और वितरण प्रणाली का मजबूतीकरण। | 03.11.2025 24.11.2025 | 904.82 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8730000001 ee.mandidabwali@gmail.com |
| 12 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, चरखी दादरी | लोहारू फीडर के आरडी 7700 पर वी.आर. ब्रिज का पुनर्निर्माण + 3 कार्य। | 31.10.2025 17.11.2025 | 443.73 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1250297003 xenlwsdadri@gmail.com |
| 13 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, रोहतक | सिंचाई भवन बिल्डिंग रोहतक की व्हाइट वॉशिंग और पेंटिंग + 2 कार्य। | बंद होने की तिथि 11.11.2025 | 15.96 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9812111077 xenwsdnrtk@gmail.com |
| 14 | बागवानी विभाग हरियाणा गुरूग्राम | डीएचओ, गुरूग्राम में हाई-टेक ग्रीन हाउस (एचटीजीएच) की मरम्मत और अप-ग्रेडेशन। | 07.11.2025 17.11.2025 | ईएमडी 28000 | https://etenders.hry.nic.in | 8059016595 dhogurugram0@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in    पीआरडीएच-11/2026/280/40072/I/88/7 दि. 06.11.25

## पेज एक का शेष

### 64.66 फीसदी वोटिंग...

उमड़ा है। साफ है कि इस बार पहले चरण में 7.76 फीसदी ज्यादा वोटिंग हुई है। लेकिन, इसके पीछे भी महिलाओं की बंपर वोटिंग है। देर शाम तक बूथों पर महिलाओं की लंबी कतारें लगी रहीं। सबसे ज्यादा बेगूसराय में 67.32%, शेखपुरा में सबसे कम 52.36% वोटिंग हुई। राजधानी पटना में 55.02% मतदान हुआ। राजधानी पटना में 55.02% मतदान हुआ। बिहार की 243 सीटों पर 2 फेज में चुनाव हो रहे हैं। 14 नंवबर को नतीजे आएंगे। पहले फेज में 2 डिप्टी सीएम समेत 18 मंत्रियों की साख दांव पर है। 10 हॉट सीटें हैं। जिसमें तेजस्वी यादव, तेजप्रताप यादव, सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा, अनंत सिंह समेत कई बड़े चेहरे हैं।

**10 हजार की स्कीम ने महिला वोटरों में भरा जोश:** चुनाव विश्लेषकों के मुताबिक 10 हजार की स्कीम एनडीए की कोर महिला वोटरों में जोश भर सकता है। सरकार ने डेढ़ करोड़ महिलाओं के हाथ में 10 हजार रुपए दे दिए हैं। यह बिहार की महिला वोटरों का करीब 40 फीसदी है। डेढ़ करोड़ महिला वोटरों को 10 हजार देने का मतलब है कि असर साढ़े चार करोड़ (प्रति परिवार चार सदस्य मानें तो) वोटरों पर पड़ेगा। पिछले चुनाव में 167 सीटों पर महिलाओं ने बंपर वोटिंग की थी। इसमें से 99 सीटों पर एनडीए जीती थी। जहां पुरुषों के बंपर वोट पड़े थे, वहां एनडीए उम्मीदवार पीछे थे। ऐसी 26-27 सीटें ही एनडीए के खाते में आई थीं।

**2020: जब हुई थी ज्यादा वोटिंग:** साल 2000 के बिहार विधानसभा चुनाव में सबसे ज्यादा वोटिंग हुई थी। आरजेडी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी, लेकिन बहुमत से कुछ सीटें कम रह गईं। जेडीयू और भाजपा अलायंस में थे। कांग्रेस और कुछ अन्य छोटे दलों को कुछ सीटें मिली थीं। राबड़ी देवी ने बहुमत होने का दावा किया और फिर मुख्यमंत्री बनीं। उनकी सरकार 2005 तक चली, जब राज्य में राजनीतिक अस्थिरता के बाद विधानसभा भंग हुई और दोबारा चुनाव कराए गए।

### कैमरे के सामने भिड़े ...

जिसके बाद दोनों नेताओं के बीच कैमरे पर जमकर बहस हुई। विजय कुमार सिन्हा ने अजय सिंह पर शराब पीने का आरोप लगाया, जबकि अजय सिंह ने आरोपों से इनकार किया।

### 3. वैशाली में जवानों ...

**4. सीवान में बुर्के पर बवाल, पुलिस पहुंची:** सीवान जिले के गोरेयाकोठी विधानसभा क्षेत्र में मतदान के दौरान एक बूथ पर हंगामे की स्थिति बन गई। भाजपा प्रत्याशी और वर्तमान विधायक देवेशकांत सिंह जब मतदान केंद्र का जायजा लेने पहुंचे, तो वहां मौजूद मुस्लिम महिला मतदाताओं का बुर्का हटाकर जांच करने को लेकर विवाद हो गया। यह मामला लकड़ी नवीगंज के बूथ संख्या 349 का बताया जा रहा है।

### अगले सप्ताह कनाडा...

कर रहा है। इससे पहले जून-2025 में कनाडा के कनानकीस में आयोजित किए गए समूह के शिखर सम्मेलन में भारत का नेतृत्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया था। विदेश मंत्रियों के सम्मेलन के दौरान अंतरराष्ट्रीय चुनौतियों के मुद्दे पर मंथन के साथ ही इनसे निपटने के जरूरी उपाय के रूप में वैश्विक सहयोग को मजबूती प्रदान करने के मामले पर भी चर्चा की जाएगी। बताते चलें कि भारत के विदेश मंत्री की कनाडा यात्रा एक ऐसे समय पर हो रही है। जब बीते वक्त में कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद ने भारत का दौरा किया था। ओटावा में प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के नेतृत्व में नई सरकार के गठन के बाद यह पहला ऐसा मौका था। जब कनाडा की विदेश मंत्री भारत की यात्रा पर आई थीं।

**खालिस्तानी आतंकियों के मुद्दे पर रहता तनाव:** दोनों देशों के संबंधों में तनाव का सबसे बड़ा कारण खालिस्तानी आतंकवादियों और उनकी चरमपंथी गतिविधियों का मुद्दा रहा है। प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की अगुवाई वाली पूर्ववर्ती कनाडाई सरकार ने खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मामले में भारत के शीर्ष राजनीतिक नेतृत्व की संलिप्तता का गंभीर आरोप लगाया था। जिसके बाद दोनों देशों के संबंधों में अत्यधिक गिरावट देखने को मिली थी। मार्क कार्नी की नई सरकार के गठन के बाद हालांकि भारत-कनाडा संबंधों में सुधार की उम्मीद जगी है। बहुत संभावना है कि विदेश मंत्री एस.जयशंकर की कनाडा यात्रा के दौरान उनकी अनीता आनंद के साथ द्विपक्षीय बातचीत होगी। जिसमें दोनों देशों के आपसी संबंधों (खालिस्तानियों के मुद्दे सहित) के अलावा साझा सुरक्षा चुनौतियों से संबंधित क्षेत्रीय और वैश्विक मामलों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया जाएगा।

### कल से शुरू ...

अंगोला के राष्ट्रपति ने खासतौर पर आमंत्रित किया है। यात्रा के दौरान राष्ट्रपति मुर्मू और अंगोला के राष्ट्रपति के बीच एक द्विपक्षीय बैठक होगी। इसके अलावा वह 11 नवंबर को अंगोला की आजादी की 50वीं वर्षगांठ के समारोह में भी शिरकत करेंगी। इसके अलावा उनका अंगोला की संसद में संबोधन होगा और वह अफ्रीकी देश में रहने वाले भारतीय समुदाय से भी मुलाकात करेंगी।

11 से 13 नवंबर तक होगी बोत्सवाना की यात्राः अंगोला की तरह ही बोत्सवाना की यात्रा के लिए भी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को बोत्सवाना के राष्ट्रपति ने आमंत्रित किया है। जो उनकी इस विदेश यात्रा का दूसरा पड़ाव होगा। भारत और बोत्सवाना के राष्ट्रपति के बीच आपसी बातचीत होगी। जिसमें रक्षा, निवेश, प्रौद्योगिकी, कृषि, स्वास्थ्य, फार्मास्यूटिकल्स, ऊर्जा और दोनों देशों की आम जनता के बीच संबंधों को और अधिक प्रगाढ़ बनाने के मुद्दे पर विचार-विमर्श किया जाएगा। इसके अलावा भारत और बोत्सवाना के आपसी संबंधों को मजबूती प्रदान के विकल्पों की तलाश भी शीर्ष नेताओं की बातचीत के दौरान की जाएगी। अपनी यात्रा में राष्ट्रपति मुर्मू बोत्सवाना की राष्ट्रीय सभा को संबोधित करने के साथ ही वहां के कुछ सांस्कृतिक-ऐतिहासिक स्थलों का दौरा भी करेंगी।

### हे भगवान... ये ....

खोज करने पर पता चलता है कि फेरेरो फैशन और पोर्ट्रेट फोटोग्राफी के लिए मशहूर हैं, और उनकी कई तस्वीरें अनस्पलैश नाम की वेबसाइट पर मौजूद हैं।

### नौसेना के बेड़े ...

नौसेनाप्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ने की। इस पोत का देश की समुद्री सेना में शामिल होना बल की हाइड्रोग्राफिक और समुद्री क्षमताओं को मजबूत बनाने के दृढ़ संकल्प को दर्शाता है। नौसेना ने यह जानकारी साझा करते हुए बताया कि इक्षक पोत बड़े सर्वेक्षण जहाजों की श्रेणी यानी एसवीएल का तीसरा जहाज है। कोलकाता के गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई) द्वारा स्वदेशी आधार पर इसका निर्माण किया गया है। समारोह में नौसेना की दक्षिणी कमांड के प्रमुख वाइस एडमिरल समीर सक्सेना और जीआरएसई के कई अधिकारी व कर्मी शामिल हुए।

**समुद्री क्षेत्र में मजबूत होगी राष्ट्रीय सुरक्षा:** एडमिरल त्रिपाठी ने कहा कि नौसेना में इक्षक के शामिल होने से देश की हाइड्रोग्राफिक सर्वेक्षण और स्वदेशी शिपबिल्डिंग क्षमता में सराहनीय बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। यह जरूरी समुद्री इलाकों में भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत बनाने के साथ ही समुद्री सुरक्षा को चाक-चौबंद बनाए रखने में मददगार साबित होगा। समुद्री हित और सामरिक दृष्टिकोण के मामले में भी हम इसके जरिए लाभान्वित होंगे। जहाज के बल में शामिल होने के बाद नौसेनाप्रमुख ने इसके कुछ भागों का व्यक्तिगत रूप से जाकर जायजा लिया। जहां उन्हें इक्षक की निर्माण यात्रा, स्वदेशी सिस्टम की फिटिंग के बारे में ब्रीफिंग दी गई। जहाज के चालक दल के सदस्यों, जीआरएसई के अधिकारियों के साथ भी एडमिरल त्रिपाठी ने मुलाकात की। जिसमें उन्होंने जहाज को तैयार करने के दौरान प्रदर्शित किए गए उनके पेशेवराना अंदाज तथा समर्पण की सराहना की।

### संस्कृत में इक्षक...

हथियार और सैन्य उपकरणों से भी ये पूरी तरह से लैस है। नौसेना ने बताया कि पोत का डिजाइन बंदरगाहों, तटों, आवाजाही वाले समुद्री चैनलों और गहरे पानी वाले सर्वेक्षणों को आसानी से करने के लिए किया गया है। जो भी डेटा इस दौरान मिलेगा। वह देश के समुद्री सुरक्षा फ्रेमवर्क के मद्देनजर काफी महत्वपूर्ण होगा। कार्यक्रम में इक्षक के कैप्टन त्रिभुवन सिंह ने कमीशन किए जाने वाले वारंट को पढ़ा और उसके बाद राष्ट्रगान व परंपरागत सलामी के साथ जहाज के अग्र भाग पर जहाज के प्रतीक चिन्ह वाला ध्वज फहराया गया।

### महिला सुविधाओं से ...

जरूरी सिस्टम लगाए गए हैं। इक्षक में हेलीकॉप्टर सहयोग भी मौजूद रहेगा। जिसकी मदद से यह विभिन्न अभियानों के दौरान दोहरी भूमिका (सर्वेक्षण पोत और मानवीय सहायता-आपदा राहत) के अलावा जरूरत पड़ने पर अस्पताल वाले एक जहाज के रूप में भी अपनी भूमिका निभा सकेगा। उन्होंने कहा, यह पहला ऐसा पोत है, जिसमें महिलाओं के रहने के लिए भी सुविधाएं मौजूद हैं। जो नौसेना के समावेशिता और आधुनिकीकरण की प्रतिबद्धता को प्रमाणित करती हैं।

### हाईकोर्ट की ओबीसी...

कोर्ट के 22 मई, 2024 के उस फैसले को चुनौती दी गई थी, जिनमें 2010 से पश्चिम बंगाल में कई जातियों को दिए गए ओबीसी दर्जे को रद्द कर दिया गया था। हाई कोर्ट ने पश्चिम बंगाल पिछड़ा वर्ग (अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के अलावा) (सेवाओं और पदों में रिक्तियों का आरक्षण) अधिनियम, 2012 के तहत ओबीसी के रूप में दिए गए 37 वर्गों के अलावा अप्रैल 2010 और सितंबर 2010 के बीच दिए गए 77 आरक्षण वर्गों को रद्द कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस बी आर गवई, जस्टिस के. विनोद चंद्रन और जस्टिस विपुल एम पंचोली की पीठ ने राज्य सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल की दलीलों पर गौर किया कि हाई कोर्ट ने याचिकाओं पर सुनवाई के लिए 18 नवंबर की तारीख तय की है। जस्टिस गवई ने कहा, "जब मामला सुप्रीम कोर्ट के संज्ञान में है तो हाई कोर्ट इस मामले में कैसे आगे बढ़ सकता है। हम स्पष्ट करते हैं कि जब तक अगला आदेश पारित नहीं हो जाता, कलकत्ता हाई कोर्ट में आगे कोई कार्यवाही नहीं होगी।" न्यायालय ने कहा कि याचिकाओं पर अगली सुनवाई चार हफ्ते बाद होगी। राज्य सरकार की ओर से पेश हुए वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल की दलीलों पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा पहली नजर में हाईकोर्ट का आदेश गलत लगता है। कोर्ट ने कहा कि हाईकोर्ट ऐसा आदेश कैसे दे सकता है? जबकि आरक्षण तय करना सरकार का काम है, अदालत का नहीं। सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार की नई ओबीसी सूची को लागू करने की अनुमति दे दी।

जब लिस्ट पर हाई कोर्ट ने रोक लगाई थी तब मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी ने कहा था, नई लिस्ट में मुस्लिम उप-समूहों की संख्या 77 से बढ़कर 80 हो गई है और गैर-मुस्लिम समूहों की संख्या 36 से बढ़कर 60 हो गई है। बंगाल में नए ओबीसी सर्वे में पिछड़ापन ही एकमात्र मापदंड था, धर्म नहीं। लिस्ट बनाते समय सिर्फ यह देखा गया कि कौन पिछड़ा है, यह नहीं देखा गया कि कौन किस धर्म का है।

### हरलीन ने पूछा- ...

में बल्लेबाज हरलीन देओल ने पीएम मोदी से एक ऐसा मजेदार सवाल पूछ लिया कि पूरा पीएम आवास ठहाकों से गूंज उठा। दरअसल, बातचीत के दौरान पीएम मोदी ने हरलीन देओल के नेचर और उनकी क्षमता की तारीफ की, जब हाई प्रेशर मैच में उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया। जवाब में हरलीन देओल ने अचानक कहा कि सर आपका स्किनकेयर रूटीन क्या है, आप बहुत ग्लो करते हो सर.. उनके ये सवाल पूछते ही पूरे कमरे में हंसी का फव्वारा फूट पड़ा। खुद पीएम मोदी भी उनके इस सवाल पर हंसी नहीं रोक पाए और वह बोले कि मेरा इस विषय पर ज्यादा ध्यान नहीं गया था। साथी खिलाड़ी स्नेह राणा ने तुरंत कहा कि सर ये तो देश के करोड़ों लोगों का प्यार है। टीम के कोच अमोल मजूमदार ने भी मजाक में कहा कि देखिए सर, इन्हीं शरारती खिलाड़ियों से मुझे रोज जूझना पड़ता है, इसलिए मेरे बाल सफेद हो गए हैं।

**क्यों बनवाया भगवान हनुमान का टैटू?** : पीएम ने दीप्ति से पूछ लिया कि आपने अपने हाथ पर भगवान अनुमान का टैटू क्यों बनवाया है। दीप्ति ने कहा कि मुझे हनुमान जी पर खुद से भी ज़्यादा भरोसा है। जब मैं मैदान पर होती हूँ, तो उनका आशीर्वाद मुझे हमेशा हिम्मत और आत्मविश्वास देता है। क्रांति गौड़ ने प्रधानमंत्री से कहा कि उनके भाई उनके बहुत बड़े प्रशंसक हैं, इस पर मोदी ने उन्हें मिलने के लिए खुला निमंत्रण दिया।

### फिट इंडिया मूवमेंट ....

खाद्य तेल का 10 फीसदी अभी से कम कर देना चाहिए। इसके अलावा उन्होंने स्कूली बच्चों को प्रभावित करने के मकसद से खास सलाह भी दी और कहा कि सफलता की ताकत आपके हाथ में है तो आप एक छोटा सा काम कर सकते हैं। आप कुछ दिन के बाद अपने स्कूलों में जाएं, जहां से आप पढ़कर निकले हैं। आप उन बच्चों से बातें कीजिए। आप इसके लिए 3 स्कूलों का चयन कीजिए। एक साल में एक स्कूल एक दिन दीजिए।

### राष्ट्रपति को जर्सी ...

बधाई दी और कहा कि उन्होंने इतिहास रच दिया है और युवा पीढ़ी के लिए आदर्श बन गए हैं। उन्होंने आगे कहा कि यह टीम भारत का प्रतिबिंब है। वे विभिन्न क्षेत्रों, विभिन्न सामाजिक पृष्ठभूमियों और विभिन्न परिस्थितियों का प्रतिनिधित्व करते हैं, लेकिन वे एक टीम हैं -

### धोनी, कपिल और ....

हैं। यानी अब महिलाओं की कप्तान हरमनप्रीत ने भी इस गौरवशाली सूची में अपनी जगह बना ली है। यह भारत की महिलाओं का पहला विश्वकप खिताब है, जिसने 2005 और 2017 के फाइनल हार की टीस को भुलाने में मदद की।


## पूर्व दिशा की ओर जाने वाली विशेष रेलगाड़ियाँ–2025

दीपावली एवं छठ पूजा त्यौहारों के उपरांत रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु उत्तर रेलवे द्वारा अन्य क्षेत्रीय रेलों के सहयोग से दिनांक 07.11.2025 से 09.11.2025 तक पूर्व दिशा की ओर निम्नलिखित विशेष रेलगाड़ियाँ चलाई जायेंगी, जिनका विवरण निम्नानुसार है:–

**दिनांक 07.11.2025 (शुक्रवार) को पूर्व दिशा में प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची**

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | स्थान | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 04022 | नई दिल्ली | 14:00 | गोरखपुर जं. | 05:00 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गाज़ियाबाद, हापुड़, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, हरदोई, लखनऊ एनआर, गोंडा जं. एवं बस्ती |
| 04090 | आनन्द विहार (ट.) | 14:25 | पटना जं. | 11:00 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., वाराणसी जं., गाज़ीपुर सिटी, बलिया, सहतवार, सुरेमनपुर, छपरा एवं पाटलिपुत्र |
| 04070 | आनन्द विहार (ट.) | 00:20 | राजगीर | 19:50 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता. एवं 3 टियर वाता., | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पटना जं., राजेन्द्रनगर ट., बख्तियारपुर, बिहार शरीफ एवं नालंदा |
| 04450 | नई दिल्ली | 15:10 | दरभंगा | 16:30 | शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, अलीगढ़ जं., कानपुर सेंट्रल, उन्नाव जं., ऐशबाग, बादशाहनगर, गोंडा जं., गोरखपुर, देवरिया सदर, सीवान जं., छपरा, सोनपुर जं., हाजीपुर जं., मुजफ्फरपुर जं. एवं समस्तीपुर जं. |
| 04454 | नई दिल्ली | 20:00 | मानसी | 23:30 | शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, अलीगढ़ जं., टूण्डला जं., इटावा, कानपुर सेंट्रल, उन्नाव जं., ऐशबाग, बादशाहनगर, बाराबंकी जं., गोंडा जं., बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर, देवरिया सदर, सीवान जं., छपरा, सोनपुर जं., हाजीपुर जं., शाहपुर पटोरी, बरौनी जं., बेगूसराय एवं खगड़िया जं. |
| 04456 | नई दिल्ली | 22:40 | धनबाद | 02:20 | शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, हापुड़, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, हरदोई, आलमनगर, उतरेटिया जं., रायबरेली जं., अमेठी, मॉ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़, भदोही, वाराणसी जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, गया, कोडरमा, हज़ारीबाग़ रोड, पारसनाथ एवं गोमो |
| 04458 | आनन्द विहार (ट.) | 13:40 | भागलपुर | 14:30 | शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, पटना जं., पटना साहेब, फतुहा, खुसरूपुर, बख्तियारपुर जं., बाढ़, मोकामा जं. हाथीदा जं., बडहिया, लक्खीसराय जं., किउल जं., कजरा, अभयपुर, धरहरा, जमालपुर जं., बरियारपुर एवं सुलतानगंज |
| 04016 | आनन्द विहार (ट.) | 15:30 | सीतामढ़ी | 15:00 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, हापुड़, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, हरदोई, लखनऊ, गोंडा जं., गोरखपुर, कप्तानगंज जं., सिसवा बाजार, बगहा, हरिनगर, नरकटियागंज जं., सिकटा, रक्सौल जं. एवं बैरगनिया |
| 04452 | नई दिल्ली | 18:15 | हावड़ा जं. | 23:30 | शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, अलीगढ़ जं., टूण्डला जं., इटावा, गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., जंघई जं., वाराणसी जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, गया, कोडरमा, पारसनाथ, धनबाद जं., आसनसोल जं., दुर्गापुर, बर्द्धमान एवं बैण्डेल जं., |
| 04094 | हजरत निजामुद्दीन | 11:00 | पटना जं. | 05:00 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता. एवं 3 टियर वाता. | गाजियाबाद, गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा और दानापुर |
| 04096 | आनन्द विहार (ट.) | 00:05 | पाटलिपुत्र | 21:30 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., वाराणसी जं., गाज़ीपुर सिटी, फेफना जं., बलिया, सहतवार, बकुल्हा, छपरा एवं दिघवारा |
| 04098 | नई दिल्ली | 09:30 | हसनपुर रोड | 12:00 | 3 टियर वाता. इकोनॉमी एवं सामान्य | गाजियाबाद, कानपुर सेंट्रल, उन्नाव, ऐशबाग, बादशाहनगर, बाराबंकी, बुढ़वल, गोंडा, गोरखपुर, कप्तानगंज, सिसवा बाजार, बगहा, नरकटियागंज, बेतिया, सगौली, बापूधाम मोतिहारी, मुजफ्फरपुर एवं समस्तीपुर जं. |
| 03256 | आनन्द विहार (ट.) | 23:30 | पटना जं. | 18:35 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा एवं दानापुर |
| 05580 | आनन्द विहार (ट.) | 05:15 | पूर्णियाँ कोर्ट | 13:45 | 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, हापुड़, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर जं., गोंडा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., कप्तानगंज जं., बगहा, नरकटियागंज जं., सिकटा, रक्सौल जं., बैरगनिया, सीतामढ़ी, जनकपुर रोड, शिशो, सकरी जं., झंझारपुर, घोघरडीहा, निर्मली, सरायगढ़, सुपौल, गढ़ बरुआरी, सहरसा जं., दौरम मधेपुरा, मुरलीगंज और बनमनखी जं. |
| 02276 | दिल्ली जं. | 09:30 | सूबेदार गंज | 19:35 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य | अलीगढ़ जं., टूण्डला जं., इटावा जं., गोविंदपुरी एवं फतेहपुर |
| 03640 | दिल्ली जं. | 19:00 | गया | 11:30 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन एवं अनुग्रह नारायण रोड |
| 05090 | आनन्द विहार (ट.) | 18:00 | छपरा | 14:00 | सामान्य | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर जं., बुढ़वल जं., गोंडा जं., बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर जं., कप्तानगंज जं., रामकोला, पडरौना, थावे जं., दिघवा दुबौली एवं मशरख |

**दिनांक 08.11.2025 (शनिवार) को पूर्व दिशा में प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची**

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | स्थान | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 02252 | नई दिल्ली (वंदे भारत) | 08:35 | पटना जं. | 21:30 | वाता. कुर्सीयान एवं एग्जि. कुर्सीयान | अलीगढ़ जं., कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर एवं आरा |
| 04090 | आनन्द विहार (ट.) | 14:25 | पटना जं. | 11:00 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., वाराणसी जं., गाज़ीपुर सिटी, बलिया, सहतवार, सुरेमनपुर, छपरा एवं पाटलिपुत्र |
| 04008 | आनंद विहार (ट.) | 08:30 | जोगबानी | 17:00 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, हापुड़, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, हरदोई, आलमनगर, उतरेटिया जं., रायबरेली जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., वाराणसी जं., औंड़िहार जं., गाजीपुर सिटी, बलिया, सुरैमनपुर, छपरा,सोनपुर जं., हाजीपुर जं., शाहपुर पटोरी, बरौनी जं., बेगूसराय, खगड़िया जं., मानसी जं., नवगछिया, कटिहार जं., पूर्णिया जं., अररिया कोर्ट एवं फारबिसगंज |
| 04450 | नई दिल्ली | 15:10 | दरभंगा | 16:30 | शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, अलीगढ़ जं., कानपुर सेंट्रल, उन्नाव जं., ऐशबाग, बादशाहनगर, गोंडा जं., गोरखपुर, देवरिया सदर, सीवान जं., छपरा, सोनपुर जं., हाजीपुर जं., मुजफ्फरपुर जं. एवं समस्तीपुर जं. |
| 04454 | नई दिल्ली | 20:00 | मानसी | 23:30 | शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, अलीगढ़ जं., टूण्डला जं., इटावा, कानपुर सेंट्रल, उन्नाव जं., ऐशबाग, बादशाहनगर, बाराबंकी जं., गोंडा जं., बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर, देवरिया सदर, सीवान जं., छपरा, सोनपुर जं., हाजीपुर जं., शाहपुर पटोरी, बरौनी जं., बेगूसराय एवं खगड़िया जं. |
| 04456 | नई दिल्ली | 22:40 | धनबाद | 02:20 | शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, हापुड़, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, हरदोई, आलमनगर, उतरेटिया जं., रायबरेली जं., अमेठी, मॉ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़, भदोही, वाराणसी जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, गया, कोडरमा, हज़ारीबाग़ रोड, पारसनाथ एवं गोमो |
| 04458 | आनन्द विहार (ट.) | 13:40 | भागलपुर | 14:30 | शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, पटना जं., पटना साहेब, फतुहा, खुसरूपुर, बख्तियारपुर जं., बाढ़, मोकामा जं. हाथीदा जं., बडहिया, लक्खीसराय जं., किउल जं., कजरा, अभयपुर, धरहरा, जमालपुर जं., बरियारपुर एवं सुलतानगंज |
| 04016 | आनन्द विहार (ट.) | 15:30 | सीतामढ़ी | 15:00 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, हापुड़, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, हरदोई, लखनऊ, गोंडा जं., गोरखपुर, कप्तानगंज जं., सिसवा बाजार, बगहा, हरिनगर, नरकटियागंज जं., सिकटा, रक्सौल जं. एवं बैरगनिया |
| 04452 | नई दिल्ली | 18:15 | हावड़ा जं. | 23:30 | शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, अलीगढ़ जं., टूण्डला जं., इटावा, गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., जंघई जं., वाराणसी जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, गया, कोडरमा, पारसनाथ, धनबाद जं., आसनसोल जं., दुर्गापुर, बर्द्धमान एवं बैण्डेल जं., |
| 04094 | हजरत निजामुद्दीन | 11:00 | पटना जं. | 05:00 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता. एवं 3 टियर वाता. | गाजियाबाद, गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा और दानापुर |
| 04096 | आनन्द विहार (ट.) | 00:05 | पाटलिपुत्र | 21:30 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., वाराणसी जं., गाज़ीपुर सिटी, फेफना जं., बलिया, सहतवार, बकुल्हा, छपरा एवं दिघवारा |
| 04098 | नई दिल्ली | 09:30 | हसनपुर रोड | 12:00 | 3 टियर वाता. इकोनॉमी एवं सामान्य | गाजियाबाद, कानपुर सेंट्रल, उन्नाव, ऐशबाग, बादशाहनगर, बाराबंकी, बुढ़वल, गोंडा, गोरखपुर, कप्तानगंज, सिसवा बाजार, बगहा, नरकटियागंज, बेतिया, सगौली, बापूधाम मोतिहारी, मुजफ्फरपुर एवं समस्तीपुर जं. |
| 03698 | दिल्ली जं. | 08:55 | गया | 00:30 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन एवं अनुग्रह नारायण रोड |
| 02418 | दिल्ली जं. | 09:30 | प्रयागराज जं. | 19:40 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य | अलीगढ़ जं., टूण्डला जं., इटावा जं., गोविंदपुरी एवं फतेहपुर |
| 02310 | आनन्द विहार (ट.) | 19:30 | राजेंद्रनगर (ट.) | 10:00 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता. एवं 3 टियर वाता. इकोनॉमी | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा, दानापुर एवं पटना जं. |
| 05590 | आनन्द विहार (ट.) | 13:00 | छपरा | 09:00 | सामान्य | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर जं., बुढ़वल जं., गोंडा जं., बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर जं., कप्तानगंज जं., रामकोला, पडरौना, थावे जं., दिघवा दुबौली और मशरख |
| 05502 | आनन्द विहार (ट.) | 05:30 | मुजफ्फरपुर जं. | 22:15 | शयनयान एवं सामान्य | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र एवं हाजीपुर जं. |
| 05512 | आनन्द विहार (ट.) | 12:00 | सहरसा जं. | 17:15 | 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, अलीगढ़ जं., टूण्डला जं., इटावा, कानपुर सेंट्रल, ऐशबाग, बादशाहनगर, बाराबंकी जं., गोंडा जं., बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर, देवरिया सदर, सीवान जं., छपरा, सोनपुर जं., हाजीपुर जं., मुजफ्फरपुर जं., समस्तीपुर जं., दलसिंह सराय, बरौनी जं., बेगूसराय, खगड़िया जं. एवं मानसी जं. |

**दिनांक 09.11.2025 (रविवार) को पूर्व दिशा में प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची**

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | स्थान | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 02254 | नई दिल्ली (वंदे भारत) | 08:35 | पटना जं. | 21:30 | वाता. कुर्सीयान एवं एग्जि. कुर्सीयान | अलीगढ़ जं., कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर एवं आरा |
| 04090 | आनन्द विहार (ट.) | 14:25 | पटना जं. | 11:00 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., वाराणसी जं., गाज़ीपुर सिटी, बलिया, सहतवार, सुरेमनपुर, छपरा एवं पाटलिपुत्र |
| 04450 | नई दिल्ली | 15:10 | दरभंगा | 16:30 | शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, अलीगढ़ जं., कानपुर सेंट्रल, उन्नाव जं., ऐशबाग, बादशाहनगर, गोंडा जं., गोरखपुर, देवरिया सदर, सीवान जं., छपरा, सोनपुर जं., हाजीपुर जं., मुजफ्फरपुर जं. एवं समस्तीपुर जं. |
| 04454 | नई दिल्ली | 20:00 | मानसी | 23:30 | शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, अलीगढ़ जं., टूण्डला जं., इटावा, कानपुर सेंट्रल, उन्नाव जं., ऐशबाग, बादशाहनगर, बाराबंकी जं., गोंडा जं., बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर, देवरिया सदर, सीवान जं., छपरा, सोनपुर जं., हाजीपुर जं., शाहपुर पटोरी, बरौनी जं., बेगूसराय एवं खगड़िया जं. |
| 04456 | नई दिल्ली | 22:40 | धनबाद | 02:20 | शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, हापुड़, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, हरदोई, आलमनगर, उतरेटिया जं., रायबरेली जं., अमेठी, मॉ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़, भदोही, वाराणसी जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, गया, कोडरमा, हज़ारीबाग़ रोड, पारसनाथ एवं गोमो |
| 04458 | आनन्द विहार (ट.) | 13:40 | भागलपुर | 14:30 | शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, पटना जं., पटना साहेब, फतुहा, खुसरूपुर, बख्तियारपुर जं., बाढ़, मोकामा जं. हाथीदा जं., बडहिया, लक्खीसराय जं., किउल जं., कजरा, अभयपुर, धरहरा, जमालपुर जं., बरियारपुर एवं सुलतानगंज |
| 04016 | आनन्द विहार (ट.) | 15:30 | सीतामढ़ी | 15:00 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, हापुड़, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, हरदोई, लखनऊ, गोंडा जं., गोरखपुर, कप्तानगंज जं., सिसवा बाजार, बगहा, हरिनगर, नरकटियागंज जं., सिकटा, रक्सौल जं. एवं बैरगनिया |
| 04452 | नई दिल्ली | 18:15 | हावड़ा जं. | 23:30 | शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, अलीगढ़ जं., टूण्डला जं., इटावा, गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., जंघई जं., वाराणसी जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, गया, कोडरमा, पारसनाथ, धनबाद जं., आसनसोल जं., दुर्गापुर, बर्द्धमान एवं बैण्डेल जं., |
| 04094 | हजरत निजामुद्दीन | 11:00 | पटना जं. | 05:00 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता. एवं 3 टियर वाता. | गाजियाबाद, गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा और दानापुर |
| 04096 | आनन्द विहार (ट.) | 00:05 | पाटलिपुत्र | 21:30 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., वाराणसी जं., गाज़ीपुर सिटी, फेफना जं., बलिया, सहतवार, बकुल्हा, छपरा एवं दिघवारा |
| 04098 | नई दिल्ली | 09:30 | हसनपुर रोड | 12:00 | 3 टियर वाता. इकोनॉमी एवं सामान्य | गाजियाबाद, कानपुर सेंट्रल, उन्नाव, ऐशबाग, बादशाहनगर, बाराबंकी, बुढ़वल, गोंडा, गोरखपुर, कप्तानगंज जं., सिसवा बाजार, बगहा, नरकटियागंज, बेतिया, सगौली, बापूधाम मोतिहारी, मुजफ्फरपुर एवं समस्तीपुर जं. |
| 03698 | दिल्ली जं. | 08:55 | गया | 00:30 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन एवं अनुग्रह नारायण रोड |
| 05580 | आनन्द विहार (ट.) | 05:15 | पूर्णियाँ कोर्ट | 13:45 | 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, हापुड़, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर जं., गोंडा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., कप्तानगंज जं., बगहा, नरकटियागंज जं., सिकटा, रक्सौल जं., बैरगनिया, सीतामढ़ी, जनकपुर रोड, शिशो, सकरी जं., झंझारपुर, घोघरडीहा, निर्मली, सरायगढ़, सुपौल, गढ़ बरुआरी, सहरसा जं., दौरम मधेपुरा, मुरलीगंज और बनमनखी जं. |
| 05284 | आनन्द विहार (ट.) | 07:00 | मुज़फ़्फ़रपुर जं. | 04:50 | 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य | मुरादाबाद, शाहजहाँपुर, हरदोई, लखनऊ एनआर, गोंडा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., बगहा, हरिनगर, नरकटियागंज जं., बेतिया, सगौली जं., बापूधाम मोतिहारी, पिपरा, चकिया, मेहसी एवं मोतीपुर |
| 02418 | दिल्ली जं. | 09:30 | प्रयागराज जं. | 19:40 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य | अलीगढ़ जं., टूण्डला जं., इटावा जं., गोविंदपुरी एवं फतेहपुर |
| 02392 | आनन्द विहार (ट.) | 23:20 | पटना जं. | 17:20 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयन. एवं सामा. | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा एवं दानापुर |
| 05220 | आनन्द विहार (ट.) | 12:00 | मुजफ्फरपुर जं. | 09:45 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयन. एवं सामा. | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, सोनपुर एवं हाजीपुर |
| 03310 | दिल्ली जं. | 11:45 | धनबाद | 13:00 | 3 टियर वाता. इकोनॉमी | टूण्डला जं., गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., वाराणसी जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, गया जं., कोडरमा, हज़ारीबाग़ रोड, पारसनाथ एवं गोमो |
| 05590 | आनन्द विहार (ट.) | 13:00 | छपरा | 09:00 | सामान्य | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर जं., बुढ़वल जं., गोंडा जं., बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर जं., कप्तानगंज जं., रामकोला, पडरौना, थावे जं., दिघवा दुबौली और मशरख |
| 05504 | आनन्द विहार (ट.) | 05:30 | मुजफ्फरपुर जं. | 22:15 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र एवं हाजीपुर जं. |
| 05514 | आनन्द विहार (ट.) | 12:00 | सहरसा जं. | 17:15 | शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, अलीगढ़ जं., टूण्डला जं., इटावा, कानपुर सेंट्रल, ऐशबाग, बादशाहनगर, बाराबंकी जं., गोंडा जं., बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर, देवरिया सदर, सीवान जं., छपरा, सोनपुर जं., हाजीपुर जं., मुजफ्फरपुर जं., समस्तीपुर जं., दलसिंह सराय, बरौनी जं., बेगूसराय, खगड़िया जं. एवं मानसी जं. |

**रेल यात्रा के दौरान ज्वलनशील पदार्थ जैसे कि पटाखे, पेट्रोल, गैस सिलेण्डर, केरोसिन, इत्यादि कदापि लेकर सफर न करें।**

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य जानकारी जैसे कि सीट उपलब्धता और समय–सारणी आदि के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

उत्तर रेलवे

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहको की सेवा मे मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें



सामान्य रूप से पेड़-पौधे प्रकाश-संश्लेषण की क्रिया द्वारा जल, वायु और सूर्य की किरणों की सहायता से अपना भोजन तैयार करते हैं। लेकिन कुछ पौधे ऐसे भी होते हैं, जो छोटे-छोटे जीवों से भी अपना भोजन और पोषण प्राप्त करते हैं। जानो, ऐसे ही कुछ अनोखे कीटभक्षी पौधों के बारे में।

# अनोखे पौधे जो करते हैं कीट-पतंगों का शिकार!

वनस्पति जगत
डॉ. दीपक कोहली

बच्चो, प्रकृति में हर जंतु और पौधा अपने-अपने तरीके से जीवन-यापन करता है। लेकिन क्या तुम जानते हो कि कुछ पौधे सिर्फ हवा, पानी और सूरज की रोशनी से नहीं, बल्कि कीड़ों और छोटे जीवों से भी अपना भोजन प्राप्त करते हैं? ऐसे पौधों को कीटभक्षी पौधे कहते हैं।

## कहां मिलते हैं, कैसे होते हैं

कीटभक्षी पौधे अकसर दलदली, कीचड़ वाली या खारी मिट्टी वाले क्षेत्रों में पाए जाते हैं। ऐसी मिट्टी में पौधों के लिए जरूरी पोषक तत्व बहुत कम होते हैं। इसलिए ये पौधे अपने भोजन के लिए कीड़ों, मक्खियों और छोटे कीट-पतंगों पर निर्भर रहते हैं। इन पौधों के पत्ते, फूल और कभी-कभी तने इस तरह विकसित होते हैं कि वे कीड़ों को आकर्षित कर सकें और उन्हें पकड़ सकें। उनके रंग, आकार और खुशबू, कीड़े और छोटे जीवों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। ये कीटभक्षी पौधे दिखने में बहुत सुंदर और रंग-बिरंगे होते हैं। ये पौधे अपनी सुंदरता-मोहकता के साथ-साथ अपने अनोखे शिकार करने के तरीके के लिए भी जाने जाते हैं।

## कैसे होता है अंकुरण

कीटभक्षी पौधे मिट्टी से कम पोषक तत्व प्राप्त करने के बावजूद, अपने भोजन/शिकार से जरूरी नाइट्रोजन और फॉस्फोरस प्राप्त कर लेते हैं। इन पौधों के बीज बहुत छोटे होते हैं, इनका अंकुरण बहुत धीरे-धीरे होता है। जब ये पौधे छोटे होते हैं, तो इनके पत्ते बहुत नाजुक और पतले होते हैं। जैसे-जैसे पौधा बड़ा होता है, इनके पत्ते शिकारी बनने लगते हैं। यह पूरी प्रक्रिया बहुत ही अद्भुत और जादुई लगती है। कौन-कौन से पेड़-पौधे कीटभक्षी होते हैं, यह भी जानो-

## लंबे गिलास या घड़े के आकार का पौधा पिचर प्लांट

इसे पिटकॉल ट्रैप प्लांट के नाम से भी जाना जाता है। पिचर प्लांट में लंबे गिलास या घड़े जैसे पत्ते होते हैं, जिनके अंदर रस या पाचन एंजाइम भरा रहता है। कीड़े-मकोड़े इस रस की ओर आकर्षित होकर पत्ते में गिर जाते हैं। इसकी चिकनी सतह और फिसलन भरे नीचे की ओर झुके बालों के कारण इसमें फंसे कीट बाहर नहीं निकल नहीं पाते। यह पौधा पाचन एंजाइम की सहायता से कीड़े को पचा लेता है। अपने रंग और आकार के अनूठेपन के कारण पिचर प्लांट को 'प्रकृति का जादू' भी कहा जाता है।

## ओस जैसी बूंदों से चिपका लेता है सनड्यूज प्लांट



सनड्यूज प्लांट बहुत ही नाजुक और सुंदर होता है। इसके पत्तों पर लंबे तंतु बने होते हैं। इन तंतुओं के सिरे पर एक चिपचिपी ग्रंथि पाई जाती है, जो धूप में ओस (ड्यू) की बूंदों जैसी चमकती है। इसीलिए इसका नाम 'सनड्यूज' पड़ा। ये चमकदार बूंदें जैसी ग्रंथियां कीड़ों को अपनी ओर आकर्षित करती हैं। कीड़ा इन बूंदों से चिपक जाता है और पत्ते धीरे-धीरे उसे पचा लेते हैं।

## शिकार को झपटकर पकड़ता है वीनस फ्लाईट्रैप

वीनस फ्लाईट्रैप नामक कीटभक्षी पौधा, अपने पत्तों को दो भागों में खुला रखता है। पत्तों के किनारों पर मोटे कांटेनुमा संरचना होती है। इसके भीतरी हिस्से पर छोटे-छोटे बाल पाए जाते हैं। जब कोई कीड़ा इन अंदरूनी बालों को छूता है, तो ये खुले पत्ते झपट्टा मारकर तुरंत बंद हो जाते हैं। इसमें मौजूद पाचन एंजाइम के कारण फ्लाईट्रैप में फंसा कीड़ा धीरे-धीरे पचकर या मेल्ट होकर पौधे को आवश्यक पोषक तत्व प्रदान करता है।

बच्चो, यह समझना बहुत जरूरी है कि ये पौधे बहुत नाजुक होते हैं। इन्हें इनके प्राकृतिक आवास से निकालना या तोड़ना बिल्कुल सही नहीं है। इन्हें देखने के लिए तुम बॉटेनिकल गार्डन या रिजर्व फॉरेस्ट में जा सकते हो। ये कीटभक्षी पौधे हमें यह भी याद दिलाते हैं कि हर जीव और पौधा अपने



तरीके से जीवन जीता है। प्रकृति ने इन्हें अलग-अलग विशेषताओं से युक्त बनाया है। ये कीटभक्षी पौधे जैव विविधता (बायो डायवर्सिटी) को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। तो जब भी तुम जंगल या किसी बॉटेनिकल गार्डन में जाओ, तो इन छोटे शिकारी पौधों को ध्यान से देखो और उनके अनोखेपन का आनंद लो। *




### मेंढक-गिरगिट जैसे जंतु भी हो जाते हैं ट्रैप

बच्चो, ये कीटभक्षी पौधे कीट-पतंगे, कीड़े-मकोड़े का भक्षण तो करते ही हैं, कभी-कभी छोटे मेंढक, गिरगिट या अन्य छोटे जंतु भी इनके जाल में फंस जाते हैं। है न कमाल की बात! ये सभी कीटभक्षी पौधे अपनी अनोखी शिकार तकनीक के लिए जाने जाते हैं।

## दुनिया का सबसे छोटा आईलैंड
# जहां हैं केवल एक घर-एक पेड़

बच्चो, तुमने अपनी जीके की बुक में दुनिया के सबसे बड़े आईलैंड ग्रीनलैंड के बारे में पढ़ा होगा। लेकिन क्या तुम सबसे छोटे आईलैंड के बारे में जानते हो? यहां हम तुम्हें स्मॉलेस्ट आईलैंड 'जस्ट रूम एनफ' के बारे में बता रहे हैं।



रोचक
रेखा शाह आरबी

बच्चो, आईलैंड यानी द्वीप जमीन का ऐसा टुकड़ा होता है, जो चारों तरफ पानी से घिरा होता है। दुनिया में अलग-अलग आकार-प्रकार और विशेषताओं वाले कई आईलैंड स्थित हैं। घूमने-फिरने के शौकीन लोग मौज-मस्ती और नेचर के करीब कुछ समय गुजारने के लिए ऐसे आईलैंड की यात्रा करना खूब पसंद करते हैं। ऐसे द्वीपों की प्राकृतिक सुंदरता, जैव विविधता और अन्य विशेषताएं पर्यटकों को खूब पसंद आती हैं। यहां की शांति, साफ-सुथरा वातावरण पर्यटकों को आकर्षित करते हैं। दरअसल, सामान्य स्थल की तुलना में आईलैंड यानी द्वीप अधिक शांत और प्रदूषणमुक्त होते हैं।

**अनेक द्वीप हैं दुनिया में:** दुनिया भर में अनेक फेमस आईलैंड्स हैं, जैसे- ग्रीनलैंड, न्यू गिनी, बोर्नियो, मेडागास्कर, सुमात्रा आदि। अपने देश में भी लक्षद्वीप और अंडमान निकोबार जैसे खूबसूरत आईलैंड हैं। ये सभी आईलैंड्स अपनी-अपनी खूबियों के लिए प्रसिद्ध हैं।

**जस्ट रूम एनफ आईलैंड:** यह तो तुमको पता होगा कि दुनिया का सबसे बड़ा आईलैंड, ग्रीनलैंड है। इसका क्षेत्रफल 2,166,086 वर्ग किलोमीटर है। लेकिन क्या तुम जानते हो कि दुनिया का सबसे छोटा आईलैंड कौन-सा है? नहीं पता, चलो हम बताते हैं! दुनिया के सबसे छोटे आईलैंड का नाम है 'जस्ट रूम एनफ' आईलैंड। यह अमेरिका के न्यूयॉर्क में सेंट लॉरेंस नदी में स्थित है। तुम्हें जानकर आश्चर्य होगा कि यह आईलैंड इतना छोटा है कि इस पर केवल एक मकान बनाने भर की ही जगह है। आईलैंड के छोटे आकार को देखते हुए ही इसका नाम जस्ट रूम एनफ रखा गया है। इस पूरे आईलैंड का फैलाव मात्र 3,300 स्क्वायर फीट तक ही सीमित है। इस आईलैंड पर एक घर, एक पेड़ के अलावा कुछ झाड़ियां ही हैं। पहले इस आईलैंड का नाम 'हब आईलैंड' था। साल 1950 में किसी धनी व्यक्ति ने इसको खरीद कर इस पर मकान बनवाया और एक पौधा लगाया। जो अब एक पेड़ बन चुका है। जब इस पर मकान बनकर तैयार हो गया तो इसका नाम हब आईलैंड से बदल कर जस्ट रूम एनफ कर दिया गया। नदी के किनारे से देखने पर यह आईलैंड बहुत मनमोहक लगता है। इसकी सुंदरता को करीब से देखने के लिए दुनिया भर के सैलानी यहां पर घूमने-फिरने के लिए आते रहते हैं। अपने सबसे छोटे आकार के कारण ही इस आईलैंड का नाम गिनीज बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में भी दर्ज है। *

कविता / ओम निश्चल

# उठो सुबह की वेला आई!



उठो सुबह की वेला आई!
उमग-उमग कर चिड़ियां चहकीं
कोयल लेती है अंगड़ाई।
सूरज कब का जगा हुआ है
देखो बाल सूर्य की किरणें
दूर पहाड़ी पर हिरणों की
टोली आई सबसे मिलने
बच्चे इनके खेल रहे हैं
आपस में ही छुपम-छुपाई।
उठो सुबह की वेला आई!
कलश लिए चल पड़ी सुबह ही
देखो पनिहारिन की टोली
बिना हलक की प्यास मिटे
कैसे निकलेगी मुंह से बोली
वो क्या जानें संघर्षों को
जिनके पांव न फटी बिवाई।
उठो सुबह की वेला आई!
चादर तान देर तक सोई
हुई देख लो अभी टिटहरी
मगर पपीहा बजा रहा है
कब से विहल राग पिपहरी
देखो फुदक रही गौरैया
नाच उठी घर की अंगनाई।
उठो सुबह की वेला आई!

## बूझो तो जानें



1. जंगल का 'राजा' कहलाता,
बासी भोजन कभी न खाता।
सभी जानवर इससे डरते,
राजा की इज्जत हैं करते।।



2. मरुस्थल का जहाज कहलाए,
ढेरों काम बनाता।
बोझा ढोता, खेत जोतता,
यात्राएं करवाता।।

3. माता का दर्जा पाया है,
दूध मिले गुणकारी।
रंग सफेद और काला भी,
यह है पूज्य हमारी।।

- डॉ. घमंडीलाल अग्रवाल

उत्तर: 1.शेर, 2.ऊंट, 3.गाय



## जीके क्विज-178

1. हाल ही में इंडियन वूमेंस क्रिकेट टीम ने किस देश की टीम को हराकर आइसीसी वूमेंस वन-डे क्रिकेट वर्ल्ड कप जीता?
2. विश्व कप विजेता भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कैप्टन का नाम क्या है?
3. आइसीसी की ताजा वन-डे रैंकिंग के अनुसार विश्व के सर्वश्रेष्ठ बैट्समैन कौन बने हैं?
4. हाल ही में जापान की पहली महिला प्रधानमंत्री कौन बनी हैं?
5. सुप्रीम कोर्ट के 53वें मुख्य न्यायाधीश कौन होंगे?
6. भारत के वर्तमान केंद्रीय सहकारिता मंत्री कौन हैं?
7. निकट दृष्टि दोष में किस लेंस का इस्तेमाल किया जाता है?
8. पेड़-पौधे वायुमंडल से कौन-सी गैस अवशोषित करते हैं?
9. संसार का सबसे छोटा महाद्वीप कौन-सा है?
10. हाल में ही किस रॉकेट के द्वारा भारतीय वैज्ञानिकों ने सीएमएस 03 उपग्रह का सफल प्रक्षेपण किया?



बच्चो, जीके क्विज-178 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-177 का उत्तर :** 1. लियोनेल मेसी, 2.अयोध्या, 3.राष्ट्रीय एकता दिवस, 4. 24 अक्टूबर, 5.राजस्थान, 6.लैक्टोबैसिलस, 7.जॉन मथाई, 8.हैंस लेपर्शी, 9.कोलकाता, 10.मुंशी प्रेमचंद


**जीके क्विज-177 का सही उत्तर देने वाले :** रितेश-मटियारी, रजनी-बलरामपुर, कबीर-हिसार, पूनम-गुना, बलजीत-भिवानी, ज्योति-बैकुंठपुर, रमेश-बैकुंठपुर, आंचल-ईमेल से, अजय-रोहतक, अंकुश-बिलासपुर, कुसुम-बलौदा बाजार



कहानी
दिविक रमेश

होलू को एक दिन सड़क पर रोता हुआ एक बच्चा मिला। उसने जानना चाहा कि बच्चा रो क्यों रहा है? बच्चे से उसने एक नहीं कई सवाल किए। बच्चे के जवाबों से होलू का दिमाग और चकरा गया।

# रोता बच्चा और होलू



होलू ने देखा। सड़क किनारे एक बच्चा बैठा है। रो रहा है। पता नहीं क्यों? होलू को मां की बात याद आई। कोई परेशान हो तो उसकी मदद करनी चाहिए। होलू ने सोचा क्या करें? उसे चिंता हुई। पूछ ही लिया, 'तुम कौन हो?'

बच्चे ने होलू की ओर देखा। रोना थोड़ा कम हुआ। सुबकते हुए बोला, 'बच्चा हूं।'

'वह तो मुझे मालूम है, पर तुम कर क्या रहे हो?' होलू ने थोड़ा परेशान होकर पूछा।

'रो रहा हूं।' बच्चे ने कहा। कह कर वह फिर रोने लगा।

होलू का तो माथा ही चकरा गया-कैसा बच्चा है? समझ ही नहीं आया कि आगे क्या पूछे। थोड़ी देर तक होलू को कुछ समझ में नहीं आया। तभी कुछ सूझा। उसने फिर पूछा, 'यह तो दिख रहा है, पर तुम रो क्यों रहे हो?' अब बच्चे की बारी थी, थोड़ा चौंकने की। उसने होलू की ओर देखा। ऐसे, जैसे होलू उसकी निगाह में बुद्धू हो।

उसका रोना रुक चुका था। मुंह बनाकर बोला, 'इतना भी नहीं मालूम, कोई क्यों रोता है? क्या तुम कभी नहीं रोए?'

'रोया तो हूं। अभी तो मुझे तुम्हें रोता देखकर रोना आ रहा है, पता नहीं क्यों?' होलू ने पूछा, 'तुम्हें पता है?' 'नहीं तो..।' बच्चे ने लगभग रोते-रोते ही जवाब दिया। थोड़ी देर दोनों एक-दूसरे को देखते रहे।

होलू ने याद करने की कोशिश की। यही कि पिछली बार वह कब रोया था और क्यों रोया था? होलू ने देखा, बच्चा उसी की ओर देख रहा है। रोना छोड़कर सुबक रहा है। उसे यह भी लगा कि बच्चा कुछ ऐसे देख रहा है, जैसे वह जीत गया हो। विजेता हो। होलू को याद आया, बोला, 'मैं तो इसलिए रोया था, मां ने मेरी बात नहीं मानी थी। मुझे बहुत गुस्सा जो आया था।' बच्चा अब तक चुप था। बोला, 'मैं भी तो इसीलिए रो रहा हूं। उधर देखो, दीवार की ओर।' होलू ने देखा, वहां सामने नई दीवार चिनी जा रही है। एक राजमिस्त्री दीवार बना रहा था। पास ही एक महिला थी। वह कभी उसे ईंट पकड़ाती तो कभी मसाला देती थी। बच्चा तपाक से बोला, 'वही तो मेरी मां है।' 'अच्छा..?' होलू थोड़ा चौंकते हुए बोला।

बच्चे ने बताया, 'मैंने मां से कहा कि मैं भी काम करूंगा। पर मां ने डांट दिया। बोली-तू यहां बैठ, अभी तू छोटा है। बस इसीलिए रो रहा हूं। मुझे छोटा क्यों कहा मां ने?'


होलू कुछ सोच में पड़ गया। उसे मां की बात भी ठीक लग रही थी और बच्चे की भी। क्या कहे वह। पर उसे समझ ही नहीं आ रहा था कि वह ऐसा क्यों सोच रहा है। कुछ देर तक जब होलू को कुछ नहीं सूझा तो उसने यही सोचा कि घर जाकर मां से पूछेगा। उसे बस यह जरूर अच्छा लगा कि अब बच्चा चुप था। बच्चा अपने पास रखी चीजों में खोता जा रहा था। होलू घर की ओर लौट चला था। *



कहानी
सरस्वती रमेश

पर्वत को अपने विशाल होने का बहुत घमंड था। वह पशु-पक्षियों को अपने से बहुत छोटा मानता था। गिलहरी, खरगोश और चिड़िया से उसने ऐसा बोल भी दिया। लेकिन एक दिन ऐसा कुछ हुआ कि पर्वत का घमंड चूर हो गया।

# पर्वत का घमंड



एआई इमेज

बरगद के पेड़ पर गिल्लू गिलहरी रहती थी। गिलहरी दिनभर इधर-उधर कूदती रहती। खरगोश, चिड़िया जैसे उसके दोस्त थे, वह उनसे मिलती-जुलती रहती। कभी-कभी उछलते-कूदते तीनों पर्वत तक पहुंच जाते। इन्हें देख पर्वत अभिमान से भर उठता, सोचता, 'ये कितने छोटे हैं, मैं कितना बड़ा-विशाल। आसमान को छूता, बादलों से बातें करता, हवाओं के साथ खेलता। इन सब की तो मेरे आगे कोई हैसियत ही नहीं है।' एक दिन गिल्लू गिलहरी, पीकू खरगोश और मुनमुन चिड़िया के साथ पर्वत पर खूब धमा-चौकड़ी मचा रही थी। तीनों कभी पर्वत पर कूदते तो कभी उसके बदन पर फिसलते। यह देखकर पर्वत को क्रोध आ गया। वह गुस्से से गरजा, 'तुम लोग ये क्या कर रहे हो?' गुस्से में पर्वत का चेहरा लाल हो गया था। उसे देख गिल्लू और पीकू को हंसी आ गई। गिल्लू हंसते हुए बोली, 'हम लोग यहां खेल रहे हैं। तुम भी खेलोगे हमारे साथ?' 'नहीं, मैं छोटे लोगों के साथ नहीं खेलता।' पर्वत घमंड से बोला। 'हम छोटे हैं तो क्या हुआ?' गिल्लू आश्चर्य से बोली। 'छोटों का कोई मान-सम्मान नहीं होता। वे किसी काम के नहीं होते।' पर्वत अकड़ कर बोला। 'अच्छा, तुम बड़े हो, लो जरा यह मूंगफली फोड़कर दिखाओ।' गिल्लू बोली।

'मूंगफली जैसी छोटी चीज मैं नहीं फोड़ सकता।' पर्वत ने बहाना बनाया। 'हार गए न..! देखो मैं कितनी आसानी से फोड़ देती हूं।' गिल्लू ने मूंगफली अपने दांतों में दबाकर झट से फोड़ दी।


'मूंगफली नहीं फोड़ सकता तो क्या, मेरे ऊपर कितने ही पेड़-पौधे, पशु-पक्षी रहते हैं। मैं सबको संभाल कर खड़ा रहता हूं।' पर्वत अभी भी घमंड से चूर था। तभी अचानक जोर की आंधी आई। गिल्लू और पीकू भागकर अपने बिलों में छुप गए। चिड़िया एक पेड़ पर दुबक पर बैठ गई। आंधी के साथ बारिश भी शुरू हो गई। मूसलाधार बारिश और हवा के थपेड़ों से पर्वत तहस-नहस होने लगा। उस पर उगे कुछ पेड़-पौधे गिरने लगे। पर्वत की चट्टानें दरकने लगीं। बेचारा पर्वत बहुत देर बारिश की मार झेलता रहा। जब बारिश बंद हुई तो गिल्लू और पीकू बिल से बाहर निकल आए। पर्वत की दशा बहुत बुरी थी। वह मन ही मन सोच रहा था, 'इस नन्ही गिलहरी, खरगोश और चिड़िया का तो कुछ भी न बिगड़ा और मैं इतना शक्तिशाली होने के बाद भी तहस-नहस हो गया, बिखर-सा गया।' तभी गिल्लू ने पर्वत से कहा, 'पर्वत भाई, देखा तुमने। इतने विशाल होने के बाद भी तुम बारिश से नहीं बच सके। अब तो समझ गए होगे कि बड़ा-विशाल होने से कुछ नहीं होता। छोटों का भी अपना एक महत्व है।' पर्वत का सिर लज्जा से झुका गया, बोला, 'तुम ठीक कह रही हो गिल्लू बहन। मैंने तुम लोगों को छोटा समझ, तुम्हारा अपमान किया। मुझे माफ कर दो।' 'माफी मांगने की कोई जरूरत नहीं। तुम्हें अपनी गलती का अहसास हुआ यही काफी है। आज से हम दोस्त हैं।' गिल्लू बोली।

'बिल्कुल, अब तुम मेरे ऊपर खूब फुदकना। मैं बिल्कुल गुस्सा नहीं करूंगा।' पर्वत बोला।

उस दिन से पर्वत ने घमंड छोड़ दिया। गिल्लू गिलहरी, पीकू खरगोश और मुनमुन चिड़िया पर्वत पर मजे से खेलते-कूदते, पर्वत भी इनके साथ आनंद लेता। *

## अंतर बताओ

बच्चो, यहां पूसी बिल्ली के दो चित्र दिए गए हैं। एक जैसे दिख रहे इन चित्रों में छह अंतर हैं। तुम्हें पांच मिनट में ये छह अंतर खोजने हैं। तो देर किस बात की, फटाफट सभी छह अंतर खोजो।



उत्तर: 1. बिल्ली के सिर पर रखे कोन की डिजाइन में बस दो कलर है, तीसरा हरा रंग गायब है। 2. बिल्ली की पूंछ का पिछला हिस्सा सफेद नहीं है। 3.बिल्ली के दाएं पैर पर अधिक बाल है। 4.बिल्ली के मुंह का आंतरिक हिस्सा ब्लैक दिख रहा है। 5.पीछे बाईं तरफ एक्स्ट्रा ग्रीन झाड़ी उगी हुई है। 6.दाईं तरफ बिल्ली के पंजे के पास एक्स्ट्रा झाड़ी उगी हुई है।

## रास्ता खोजो

बच्चो, यहां दिए गए चित्र में बत्तख का एक नन्हा बच्चा उदास है, क्योंकि वह अपनी मां और भाई-बहन से बिछड़कर रास्ता भटक गया है। तुम सही रास्ता खोजकर इस नन्हे बत्तख को अपनी फैमिली तक पहुंचने में मदद तो करो जरा।



# टेस्ला को हरियाणा में फैक्ट्री लगाने का न्योता

## मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने टेस्ला की दक्षिण पूर्व एशिया क्षेत्र की वरिष्ठ निदेशक इसाबेल फैन से साथ बैठक की

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़



मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने विश्व प्रसिद्ध इलेक्ट्रिक कार निर्माता कंपनी टेस्ला को हरियाणा में अपना मैन्युफैक्चरिंग प्लांट स्थापित करने का आमंत्रण देते हुए कहा कि राज्य सरकार इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने और औद्योगिक निवेश आकर्षित करने के लिए हर संभव सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने टेस्ला प्रतिनिधियों को हरियाणा इलेक्ट्रिक व्हीकल पॉलिसी की प्रति भेंट की और बताया कि हरियाणा इस क्षेत्र में अग्रणी बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। नायब सिंह सैनी यहां टेस्ला कंपनी के प्रतिनिधियों के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि टेस्ला हरियाणा में अपना मैन्युफैक्चरिंग प्लांट स्थापित करती है, तो इससे कंपनी की बिक्री में उल्लेखनीय वृद्धि होगी और भारतीय उपभोक्ताओं को टेस्ला इलेक्ट्रिक कारें अधिक किफायती दरों पर उपलब्ध हो सकेंगी। उन्होंने बताया कि हरियाणा की इलेक्ट्रिक व्हीकल नीति निवेशकों को आकर्षक प्रोत्साहन, सुदृढ़ बुनियादी ढांचा और उद्योगों के लिए अनुकूल माहौल प्रदान करती है।



### सीएम गुरुग्राम में पहले एकीकृत टेस्ला सेंटर का उद्घाटन करेंगे

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हरियाणा निवेश और नवाचार के लिए आदर्श गंतव्य बन चुका है। राज्य सरकार उद्योगों को विश्वस्तरीय सुविधाएं और अनुकूल वातावरण प्रदान कर रही है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में टेस्ला की उपस्थिति राज्य के औद्योगिक एवं तकनीकी विकास को नई गति देगी। इस अवसर पर टेस्ला की वरिष्ठ निदेशक इसाबेल फैन ने मुख्यमंत्री को भारत के पहले एकीकृत टेस्ला सेंटर के शुभारंभ समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया, जो आगामी 27 नवंबर को गुरुग्राम में आयोजित किया जाएगा। यह सेंटर एक ही परिसर में एक्सपीरियंस सेंटर, डिलीवरी सेंटर, सर्विस सेंटर, ऑफिस स्पेस और सुपरचार्जिंग स्टेशन को सम्मिलित करेगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सुश्री इसाबेल फैन को श्रीमद्भगवद गीता की प्रति भी भेंट की।

मुख्यमंत्री ने इलेक्ट्रिक व्हीकल पॉलिसी की प्रति

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार द्वारा राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में 7 नवम्बर को प्रदेशभर में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जो राष्ट्रभक्ति, एकता और सांस्कृतिक गौरव से ओत-प्रोत होंगे। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी अंबाला में राज्य स्तरीय समारोह की अध्यक्षता करेंगे। जिला मुख्यालयों पर आयोजित कार्यक्रमों में विभिन्न मंत्रिगण, सांसद, विधायक और अन्य गणमान्य व्यक्ति मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। यदि किसी कारणवश कोई मुख्य अतिथि कार्यक्रम में शामिल नहीं हो पाता है, तो संबंधित उपायुक्त समारोह की अध्यक्षता करेंगे।

### मुख्यमंत्री बोले- सरकार स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा दे रही सरकार

सीएम नायब सैनी ने गुरुवार को अमेरिकी बहुराष्ट्रीय ऑटोमोटिव और स्वच्छ ऊर्जा कंपनी टेस्ला को राज्य में विनिर्माण इकाई स्थापित करने के लिए राज्य समर्थन की पेशकश की। टेस्ला इंक की भारतीय सहायक कंपनी टेस्ला इंडिया मोटर्स एंड एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड के एक प्रतिनिधिमंडल ने सैनी से मुलाकात कर उन्हें गुरुग्राम में स्थापित किए जा रहे टेस्ला एक्सपीरियंस सेंटर के उद्घाटन के लिए आमंत्रित किया। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कंपनी की दक्षिण-पूर्व एशिया निदेशक इसाबेल फैन ने किया।

### *मुख्य सचिव ने पत्र जारी किया*

*मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी द्वारा जारी पत्र के अनुसार, अंबाला जिले के नारायणगढ़ में पवन सैनी, मुलाना में संतोष सारवान और अंबाला शहर में असीम गोयल मुख्य अतिथि रहेंगे। भिवानी शहर में श्रुति चौधरी के साथ विधायक घनश्याम दास सर्राफ, लोहारू में जय प्रकाश दलाल और बवानीखेड़ा में विधायक कपूर सिंह कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। चरखी दादरी में लोकसभा सांसद धर्मबीर सिंह और विधायक सुनील सतपाल सांगवान तथा बाढड़ा में विधायक उमेद सिंह अतिथि रहेंगे।फरीदाबाद में केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर जबकि बड़खल में विधायक धनेश अदलखा, फरीदाबाद एनआईटी में सतीश कुमार फागना, बल्लभगढ़ में मूलचंद शर्मा और पृथला में टेकचंद शर्मा कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। फतेहाबाद में राज्यसभा सांसद किरण चैधरी के साथ दूड़ाराम, टोहाना में देवेन्द्र सिंह बबली और रतिया में सुनीता दुग्गल उपस्थित रहेंगी।*

## खबर संक्षेप

### ई-अटेंडेंस को लेकर हाईकोर्ट में दायर याचिका ली वापस

**भोपाल।** प्रदेश के सरकारी स्कूलों में ई-अटेंडेंस को लेकर स्कूल शिक्षा विभाग के आदेश के विरूद्ध प्रस्तुत याचिका याचिकाकर्ता ने वापस ले ली है। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा और जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने स्पष्ट किया कि राज्य सरकार के इस नीतिगत फैसले में हस्तक्षेप करने का कोई ठोस कारण नहीं है। इसके बाद याचिकाकर्ता ने खुद ही याचिका वापस ले ली। बताया जा है कि जनहित याचिका गेस्ट टीचर कोऑर्डिनेशन कमेटी, अशोक नगर के अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह की ओर से दायर की थी। इसमें 20 जून 2025 को जारी आदेश को चुनौती दी गई थी।

### एमपी-सीजी सीमा पर पहुंचा हाथी, वन विभाग कर रहा निगरानी

**भोपाल।** छत्तीसगढ़ सीमा से लगे मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले में एक हाथी के प्रवेश की संभावना बनी है। यह एक दांत वाला नर हाथी बुधवार सुबह जैतहरी तहसील के चोलना गांव से सटे छत्तीसगढ़ के मारवाही वन परिक्षेत्र के शिवनी बीट जंगल में देखा गया। वन विभाग ने इसके देर रात अनूपपुर जिले में प्रवेश करने की आशंका जताई है। हाथी के संभावित विचरण क्षेत्र के ग्रामीणों को देर शाम और रात के समय सतर्क रहने की अपील की गई है। वन विभाग इस हाथी की लगातार निगरानी कर रहा है।

## उपजिला निर्वाचन अधिकारी को बीएलओ ने बताई स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन को लेकर अनगिनत मैदानी समस्याएं

# जिन लोगों का नाम वर्ष-2003 की वोटर लिस्ट में नहीं, पिता का नाम नदारद, उस वोटर का गणना पत्रक को लेकर समझ नहीं पाए बीएलओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मंगलवार से शुरु हुए स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) को लेकर जिले की सात विधानसभाओं में 2029 बीएलओ को गणना फार्म देकर फील्ड में उतारा गया है। पहले दिन जब बीएलओ को मतदाताओं को गणना पत्रक देने पहुंचे, तो अधिकतर मतदाताओं ने मौके पर ही गणना पत्रक को भर दिया। कुछ मतदाताओं ने जानकारी जुटाने की बात कहकर बीएलओ को बाद में गणना पत्रक जमा करने की बात कही।

बीएलओ ने जब गणना पत्रक को बीएलओ एप पर अपलोड करना चाहा, तो चाचा और ताऊ का नाम मैच नहीं हुआ। इधर जिन लोगों का नाम वर्ष-2003 की वोटर लिस्ट में नहीं है, पिता का नाम भी नहीं है, उस वोटर के गणना पत्रक को लेकर भी बीएलओ समझ नहीं पाए। मंगलवार को बीएलओ की अलग-अलग समस्याओं को देखते हुए उपजिला निर्वाचन अधिकारी भुवन गुप्ता ने नरेला सहित अन्य विस के बीएलओ को बुलाकर जानकारी दी। एक बीएलओ ने बताया कि वोटर ने चाचा की जानकारी दर्ज की है, लेकिन बीएलओ एप पर ब्लड रिलेशन में दादा और पिता का विकल्प है। चाचा का विकल्प नहीं आ रहा। जिस पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि इस संबंध में निर्वाचन आयोग को जानकारी दे दी गई है।

1. चाचा, ताऊ का नाम बीएलओ पोर्टल पर नहीं कर रहा मैच
2. एसआईआर में फील्ड पर उतरे बीएलओ को आ रही दिक्कत



निर्वाचन अधिकारी को बीएलओ ने मैदानी समस्याओं से अवगत कराया।

### बुजुर्ग का वर्ष 1995 में जुड़ा नाम, 2003 की मतदाता सूची से गायब

मध्य क्षेत्र में एक बुजुर्ग को जब गणना फार्म दिया गया तो उन्होंने वर्ष-1995 की जानकारी गणना फार्म में दर्ज कर दी। जबकि वर्ष-2003 की वोटर लिस्ट में उनका नाम ही दर्ज नहीं था। ऐसे में बीएलओ ने बताया कि सिर्फ वर्ष-2003 की वोटर लिस्ट में नाम दर्ज होना अनिवार्य है। पहले दर्ज नाम से कोई लेना देना नहीं है।

### नरेला में फार्म में भर दिए दोनों कॉलम

नरेला स्थित करोंद क्षेत्र के बीएलओ ने बताया कि एक मतदाता ने वर्ष-2003 में दर्ज खुद की जानकारी के साथ पिता की जानकारी भी भर दी है। अब क्या किया जाए। जिस पर गुप्ता ने बताया कि मतदाता के खुद के नाम दर्ज होने के आधार पर उसकी जानकारी बीएलओ एप में अपलोड की जाए।

### एसआईआर को लेकर मतदाताओं के सवालों से बीएलओ परेशान, कई जवाब नहीं दे सके

बिहार में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) के दौरान 68 लाख मतदाताओं के नाम काटने के बाद प्रदेश में एसआईआर को लेकर वोटर्स में तरह-तरह की जिज्ञासाएं हैं। जिसको लेकर एसआईआर के पहले दिन जब बीएलओ फील्ड में गणना पत्रक लेकर उतरे तो मतदाताओं ने उनसे सवालों की झड़ी लगा दी। जिनमें से कई सवालों के जवाब बीएलओ भी नहीं दे सके। पहले दिन कम बीएलओ ही मैदान में उतरे थे, लेकिन दूसरे दिन गणना पत्रक बांटने काम ने जोर पकड़ लिया है। हालांकि अब तक कई इलाकों के मतदातओं के गणना पत्रक प्रिंट होकर नहीं आए हैं। ऐसे में वहां के बीएलओ ने चुनिंदा इलाकों में गणना पत्रक बांटने शुरू किया है। नरेला के पोलिंग बूथ नंबर-33 की बीएलओ शमा बानो से वोटर रिजवान ने पूछा कि जिनका नाम 2003 की सूची में है या उनके पिता, चाचा, दादा या फिर ताऊ का दर्ज है, तो उन्हें दोनों कॉलम में जानकारी दर्ज करना पड़ेगी। बीएलओ ने बताया कि सिर्फ खुद की जानकारी को दर्ज किया जाए। पिता की जानकारी दर्ज करने की जरूरत नहीं है। वहीं दो दिन दो लाख अस्सी हजार गणना पत्रक बांटे गए हैं।



शहाजहांनाबाद में गणना पत्रक देते बीएलओ

### *वार्ड दफ्तरों में दूसरे दिन भी नहीं शुरू की हेल्प डेस्क*

*मंगलवार को अपर आयुक्त वरुण अवस्थी ने नगर निगम के वार्ड दफ्तरों में हेल्प डेस्क बनाने और उनके लगाए गए कर्मचारियों की लिस्ट जारी की थी। आदेश के बाद बुधवार को निगम के दफ्तरों में छुट्टी होने की वजह से हेल्प डेस्क नहीं खोली गई। अब अफसर गुरुवार से हेल्प डेस्क के सक्रिय होने की बात कह रहे हैं।*

### बीएलओ को मिलेंगे दस फीसद कोरे गणना पत्रक

उपजिला निर्वाचन अधिकारी भुवन गुप्ता ने बताया कि सभी बीएलओ को हिदायत दी गई है कि वह मतदाता की सहायता करते हुए सामने ही गणना पत्रक को भरवा लें। अगर मतदाता बाद में देने की बात कहता है और गणना पत्रक गुम या क्षतिग्रस्त हो जाता है, तो उसके लिए सभी बीएलओ को अपने वोटर्स की संख्या के हिसाब से दस प्रतिशत कोरे गणना पत्रक दिए जाएंगे। आयोग को इस संबंध में जानकारी दे दी गई है।

# फर्जी पुलिस वाले बनकर लाखों चुराए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

उतई थाना क्षेत्र में पुलिस कर्मी बनकर लाखों रुपये के चोरी की घटना सामने आई है। दरअसल, आरोपी ने पीड़िता के घर पहुंचकर उसे और उसके परिवार वालों को धमकाया कि उनके घर में ड्रग्स और गांजा छुपाकर रखा गया है। इसके बाद परिवार के सभी सदस्यों को घर से बाहर निकाल दिया और अलमारी में रखे आभूषण चोरी करके फरार हो गए। पुलिस पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

उतई थाना क्षेत्र के ग्राम मर्रा में रहने वाली टामिन बंजारे के घर स्कूटी में दो युवक गाड़ी को गली में खड़ा करके पैदल ही उसके घर पहुंचे और बोले कि हम लोग पुलिस वाले हैं। तुम लोग ड्रग्स और गांजा बिक्री का काम करते हुए। तुम लोगों के खिलाफ पाटन थाना में बहुत शिकायत हैं और डराने धमकाने लगे। इसके बाद घर की जांच करने की बात कही। जांच के नाम पर परिवार के सभी लोगों को घर से बाहर निकाल दिया। इसके बाद अपने मोबाइल से वीडियो बनाने लगे।




### डरा-धमकाकर घर की जांच की

पहले सामने कमरे व पूजा घर में जाकर जांच की। इसके बाद पीछे के कमरे में पहुंच गए जहां अलमारी रखी थी। उसकी चाबी मांगने लगे। जिसका विरोध करने पर महिला को पुलिस बुलाने की धमकी देकर डराने-धमकाने लगे। इससे घबराकर चाबी दी। सभी कमरों की जांच के बाद आरोपी चले गए। उनके जाने के बाद सामान चेक किया गया तो अलमारी में रखा सोने का मंगलसूत्र, चांदी की पायल, बिछिया और कान का झुमका एक छोटा पर्स गायब मिला रखा था। घर वालों के जब तक लूट का एहसास हुआ तब तक शातिर वहां से फरार हो चुके थे। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# फसलों को नुकसान पहुंचा रहा हाथियों का दल

वन मंडल कोरबा में 38 हाथियों का झुंड घूम रहा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

39 हाथियों ने किसानों की फसल को बर्बाद कर दिया। वन मंडल कोरबा में हाथियों के झुंड ने 19 किसानों की फसल को नुकसान पहुंचाया है। करतला रेंज में सबसे अधिक 38 हाथी घूम रहे हैं और उन्होंने सुरईआरा के 4 किसानों की फसल को नुकसान पहुंचाया है।

इसके अलावा बाड़ी में घुसकर पौधे तोड़े। वन विभाग की टीम ग्रामीणों को सतर्क करने का काम कर रही है। ग्रामीणों की मानें तो हाथियों का दल पिछले कई दिनों से इस क्षेत्र में विचरण कर रहा है। जिसके चलते उन्हें कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा। फसल तो बर्बाद हो ही रहे है जान माल का भी खतरा बना हुआ है। उन्हें रात जागकर गुजारनी पड़ रही है। वन विभाग की टीम ग्रामीणों को सतर्क करने का काम कर रही है। वहीं, आसपास गांव में मुनादी कराई जा रही है कि वह हाथियों के करीब और जंगल ना जाए।

## 70 हजार लेकर भागे, लैलूंगा थाना क्षेत्र का मामला

# बैंक से पैसे निकालकर जा रहे युवक से लूट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ

जिले में एक शख्स लूट का शिकार हो गया। बताया जा रहा है कि पीड़ित बैंक से 70 हजार रुपये निकालकर घर जा रहा है। इस बीच रास्ते में बाइक सवार दो बदमाशों ने उसके साथ लूटपाट की। पीड़ित की शिकायत के बाद पुलिस द्वारा मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है, मामला लैलूंगा थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के मुताबिक, ग्राम मुकडेगा के रहने वाले अर्जुन दास महंत 57 साल ने लैलूंगा थाना में रिपोर्ट लिखाते हुए बताया कि वह बाइक से बैंक गया था, जहां अपने खाते से 70 हजार रुपये निकाल कर उसे कपड़े के थैले में रखकर वापस अपने गांव लौट रहा था।

बाइक सवार मदनलाल भगत और अर्जुन दास महंत जब कोतबा बाईपास के पास पहुंचे ही थे कि पीछे की तरफ से बाइक पर सवार होकर दो अज्ञात युवक आए जिसमें बाइक चला रहा बदमाश हेलमेट पहने था तो दूसरे ने कपड़े से चेहरा ढ़का हुआ था।



### *रुपए निकालकर थैला फेंक दिया*

*पीड़ित ने बताया कि बाइक सवार बदमाशों ने उसके हाथ से थैले को झपट्टा मारकर छीन लिया और कोतबा की ओर भागने लगे। अचानक घटी इस घटना के बाद आरोपियों का पीछा करने के दौरान बूढ़ीकूटेन के पास थैला एवं कागजात मिले और उसमें रुपये नहीं थे। आसपास काफी खोजबीन करने के बावजूद आरोपियों का पता नहीं चलने पर पीड़ित ने मामले की शिकायत लैलूंगा थाने में की है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है।*

## प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री को कांग्रेस नेताओं ने अर्पित की पुष्पांजलि

# राज्यपाल रहते हुए अर्जुन सिंह ने पंजाब से आतंकवाद को खत्म किया: चौधरी



व्यापमं चौराहे पर स्व. अर्जुन सिंह को पुष्पांजलि देते हरीश चौधरी, अजय सिंह, पीसी शर्मा आदि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन सिंह को उनकी जयंती पर आदरपूर्वक याद किया गया। प्रदेश के प्रमुख कांग्रेस नेताओं, कार्यकर्ताओं और नागरिकों ने बोर्ड ऑफिस चौराहे पर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की।

इसके बाद शिवाजी नगर स्थित प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में अर्जुन सिंह को पुष्पांजलि अर्पित करने के लिए सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रमों में उनके बड़े बेटे अभिमन्यु सिंह और छोटे बेटे पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह ने उपस्थित रहकर अपने पिता का स्मरण किया।

- सिंह का किया गया स्मरण
- व्यापमं चौराहे पर प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की



पीसीसी में पुष्पांजलि अर्पित करते अजय सिंह

### अर्जुन सिंह व्यक्ति नहीं थे, बल्कि एक विचारधारा थे

प्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी ने कहा कि अर्जुन सिंह व्यक्ति नहीं थे, बल्कि एक विचारधारा थे। ऐसी विचारधारा, जिसने सामाजिक न्याय, गरीब और समग्र विकास तथा संस्कृति के संदर्भ में अपना भरपूर योगदान इस देश को दिया, जिसे आज भी याद किया जाता है। मैं जब पंजाब का कांग्रेस प्रभारी था तो मैंने देखा कि जन जन उनको याद करता है, क्योंकि वहां के राज्यपाल रहते हुए उन्होंने बिना सेना की मदद लिए पंजाब से आतंकवाद को समाप्त किया। इसका श्रेय अर्जुन सिंह को ही जाता है। यह दुनिया में अपने आप में इकलौता उदाहरण है।

### *अर्जुन सिंह को समग्र योगदान के लिए याद किया जाता रहेगा*

*चौधरी ने कहा कि जिस तरह न्यूयॉर्क में निर्वाचित मेयर ने अपने भाषण में नेहरू जी को याद किया ठीक उसी तरह अर्जुन सिंह को भी उनके समग्र योगदान के लिए याद किया जाता रहेगा। नेहरू के बाद इस तरह का व्यक्तित्व अर्जुन सिंह में दिखता है। उनकी जयंती पर हम सभी मिलकर यह प्रण लें कि अर्जुन सिंह की विचारधारा का अनुसरण करते हुए हम सभी मिलकर देश को आगे बढ़ाने में अपना योगदान देंगे। कार्यकतार्ओं को यह प्रण लेना है कि हम उनके बताए मार्ग पर चलते रहेंगे, आज हमारी पीढ़ी का यह कर्तव्य बनता है, जिस विचारधारा को अर्जुन सिंह ने अपनाया उसे हम कैसे अमर करें।*

# लोडर की चपेट में आने से सुपरवाइजर की मौत

### *एनआर इस्पात कंपनी की घटना, मौके पर तोड़ा दम*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़



जिले के पूंजीपथरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम देलारी स्थित एनआर इस्पात कंपनी में गुरुवार की दोपहर एक दर्दनाक हादसा हो गया। कोयला लोडिंग के दौरान लोडर की चपेट में आने से सुपरवाइजर जयप्रकाश भगत (50 वर्ष) की मौके पर ही मौत हो गई।

मिली जानकारी के अनुसार, हादसा उस समय हुआ जब लोडर चालक द्वारा लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाया जा रहा था। अचानक वाहन जयप्रकाश भगत के ऊपर चढ़ गया, जिससे उन्होंने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना के बाद संयंत्र परिसर में अफरा-तफरी मच गई। कंपनी प्रबंधन ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। बताया गया कि मृतक जयप्रकाश भगत झारखंड निवासी थे और पिछले एक वर्ष से अधिक समय से एनआर इस्पात में सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत थे। हादसे की खबर मिलते ही परिजनों को सूचित कर दिया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही पूंजीपथरा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच प्रारंभ कर दी है।

## चिंतन

# एक गीत ने देश को दिला दी गुलामी से आजादी

देश ने पहली बार वंदे मातरम् को 1896 में एक भजन की तरह सुना। उपन्यासकार बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय का यह गीत भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के कोलकाता अधिवेशन में सुनाया गया, जिससे श्रोतागण मंत्रमुग्ध हो गए। गीत में किसी का विरोध नहीं था, बस देशभक्ति के स्वर थे। 10 साल बाद 1905 में, जब बंगाल का विभाजन हुआ और वहां असंतोष फैला, तब अवनींद्र नाथ ठाकुर ने भारत माता की तस्वीर बनाई। भगवा वस्त्रों में एक स्त्री, जिसके हाथ में अनाज की पुंज, एक पुस्तक और एक माला थी। यह चित्र 'वंदे मातरम्' की भावना का जीवंत रूप बन गया। ये दोनों एक दूसरे के पूरक हो गए। यह गीत केवल किसी कवि की कल्पना नहीं था। यह उस आत्मा की पीड़ा भरी पुकार थी, जो वर्षों से मातृभूमि की रक्षा और अस्तित्व के लिए जूझ रही थी। जब ब्रिटिश हुकूमत भारत के लोगों पर अत्याचार की सीमा लांघ रही थी, तब एक ही रात में यह गीत लिखा गया। यह सदियों के दुख और अपमान का शब्दों से पिरोया गया उत्तर था। एक गूंजती पुकार, जिसने उस सोए हुए राष्ट्र को जगाने की कोशिश की जो लंबे समय से पीड़ा में सुन्न हो गया। अत्याचारों से सहमा था। इसका गहरा असर भी हुआ। एक गीत ने पूरे राष्ट्र को एक सूत्र में पिरो दिया। वंदे मातरम् ने न केवल युवाओं में नए जोश का संचार किया बल्कि महिलाओं को भी आजादी के आंदोलन में कूदने को मजबूर कर दिया। यह गीत भारतीय एकता की आत्मा में रच-बस चुका था। रैलियों और घरों में गुनगुनाए जाने वाले इस गीत ने लाखों लोगों के दिलों को प्रांतों और पंथों से ऊपर उठने और देश के लिए खड़े होने का आह्वान किया। इसके शब्दों ने हर देशवासी को एक साथ सपने देखने के लिए प्रेरित किया और अंग्रेजी अनुवाद ने इसे नई पीढ़ियों और पूरे विश्व तक पहुंचाया, ताकि वे भारत की आजादी की पुकार सुन सकें। यह एक आंदोलन का रूप बन गया, जिसने पिछले दो दशकों से भारत को हर तरह के भेदभाव से ऊपर उठकर एक सूत्र में बांधने की शक्ति दी। बंगाल के कांतल पाडा नाम के गांव में 7 नवंबर 1876 को वंदे मातरम गीत की रचना की गई थी और पहली बार 1896 में कांग्रेस के कलकत्ता अधिवेशन में वंदे मातरम् गाया गया था। यानि भारत को आजादी मिलने से करीब 51 साल पहले। भारत के स्वतंत्रता संग्राम में इस गीत ने बड़ी भूमिका निभाई थी। लोगों को आजादी की लड़ाई के लिए प्रेरित करने का काम किया था। अंग्रेजों के लिए ये विरोध का स्वर था। जहां भी आजादी के मतवाले एकजुट होते, अंग्रेजी सरकार के विरोध में प्रदर्शन करते, वहां ये गीत गूंजता और उनके उत्साह को कई गुणा बढ़ा देता। कांग्रेस के अधिवेशन से लेकर लाहौर की फांसी तक, वंदे मातरम् विद्रोह की सांस बन गया। भगत सिंह, चंद्रशेखर आज़ाद, बटुकेश्वर दत्त और अनेक क्रांतिकारियों ने इसे मौत का सामना करते हुए जोर से पुकारा। सुभाष चंद्र बोस ने इसे आजाद हिंद फौज की मार्चिंग धुन बना दिया। यह गीत ऐसा गूंजा कि अंगेजों को देश भारत छोड़कर जाना पड़ा। आज भी यह गीत देशवासियों को एक सूत्र में बांध रहा है, वंदे मातरम्।

## विस चुनाव
ऋतुपर्ण दवे



# मंगलराज की चाहत और बिहार का खामोश मतदाता

बिहार विधानसभा चुनाव का पहला चरण गुरुवार को संपन्न हो गया। बड़े से बड़े नेताओं ने इन क्षेत्रों में दौरे कर लिए। हालांकि बिगड़े मौसम ने भी खूब रंग दिखाया। बावजूद इसके सड़क मार्ग से नेता, ज्यादा से ज्यादा क्षेत्रों तक पहुंचने में कामयाब रहे। लेकिन, इस चुनाव में असल मुद्दों के बजाए पूरा चुनावी माहौल सुशासन बनाम जंगलराज के आरोपों में उलझा हुआ है। वहीं मतदाता खामोश है। मंगलराज की बात कोई करता नहीं। उन तथ्यों और सच्चाई से भी नेता परहेज करते दिखे जो बिहार की मौजूदा दशाओं की वजह हैं। बिहार में सिर्फ राजनीति और वर्चस्व की लड़ाई हमेशा जीतती रही, लेकिन क्या इस बार बिहार में मतदाताओं की उदासीनता से आश्चर्यजनक तरीके से अंतर्मन की पीड़ा या कोई चौकाने वाला संदेश तो नहीं निकलेगा? मतदाताओं की अजीब चुप्पी का क्या मतलब निकाला जाए? दरअसल बिहार को लेकर जो दावे किए जाते हैं कि वहां 'विकास' चुनावी मुद्दा नहीं हो सकता, कहीं इस बार भी उसका जवाब पहले दौर में तो नहीं मिला, आगे मिलेगा यह भी नहीं पता? अंतरराष्ट्रीय पत्रिका जर्नल ऑफ डेवलपमेंट स्टडीज में प्रकाशित 2023 का एक अध्ययन बताता है कि वहां 68 प्रतिशत ग्रामीण बिहारी अपनी पहचान आधारित राजनीति की बजाय बुनियादी ढांचे और रोजगार सृजन को प्राथमिकता देते हैं। क्या इसे मतदाताओं की अपने नेताओं से अपेक्षाओं में बदलाव संकेत नहीं माना जा सकता? लेकिन सच्चाई यह है कि विकास को लेकर बिहारवासियों की सोच बदल रही है। इस छठ के दौरान पूरे देश से बड़ी संख्या में लाखों बिहारवासी लाख दावों के बावजूद किन हालातों में अपने-अपने घर पहुंचे और सोशल मीडिया पर कैसे-कैसे बयान आए, सबको पता है। हर हाथ में मोबाइल और इंटरनेट तथा दूसरे राज्यों के विकास की कहानियों के वीडियो और रील्स देखकर उनके मन में भी रोजगार, विकास, सम्मान और घर की चाहत दिखी। इस चुनाव में वहां मुद्दों की राजनीति के बजाए आपसी छींटाकशी और भाषा का बिगड़ा संतुलन भी आहत करता रहा। बिहार को जानने वाले मानते हैं कि 1952 से 1993 तक लागू रही मालभाड़ा समानीकरण नीति बिहार के विकास में बाधा रही। इससे दूसरे राज्यों के उद्योगों को कम परिवहन लागत पर बिहार के खनिज संसाधनों तक पहुंच मिली और बिहार अपना मजबूत औद्योगिक आधार बनाने से चूक गया। बिहार से शुरू हुई बूथ कैप्चरिंग ने कभी देश को चौंकाया था। कहने को तो बिहार हमेशा से बदनाम किया जाता रहा, लेकिन इसके जिम्मेदार खुद स्थानीय राजनेता हैं। बिहार की श्रम शक्ति का जितना उपयोग देश-विदेश में होता है, उतना वहीं होता तो शायद तस्वीर कुछ और होती। बाहुबलियों से लेकर मिनी चंबल कहलाने वाले राज्य की सच्चाई यह है कि यहां काम कम और बदनाम ज्यादा किया गया। भ्रष्टाचार और नक्सलवाद गहरी जड़ों ने खूब कहर ढाया। 1967 के नक्सलबाड़ी विद्रोह के बाद नक्सलवाद का अंकुरित बीज 1980 के दशक तक इस भ्रम में खूब फला-फूला कि नक्सली गरीबों के हितैषी हैं। इस दौर में प्रशासनिक अधिकारियों पर हुए हमलों और भूमि सुधार के नाम पर नक्सलियों ने अपनी जड़ें गहरी कीं। यहीं से बिहार के हालात बदले और कानून व्यवस्था चरमरा गई। 1990 आते-आते बड़े से बड़े अधिकारियों की हत्याओं ने डर का माहौल बनाया। आज भी बिहार में ऐसी हत्याओं की चर्चाएं नहीं थमतीं जो अनसुलझी हैं। राज्य अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एससीआरबी) के आंकड़े बताते हैं कि अपराध दर के हिसाब से बिहार दस सबसे खराब राज्यों में से एक रहा। इसी साल जून तक हत्या के 1379 मामले दर्ज किए गए। 2024 में यही आंकड़ा 2,786 तथा 2,023 में 2,863 रहा। अपराधों पर बिहार पुलिस का मानना है कि अवैध हथियार, फर्जी लाइसेंस और गोला-बारूद का अवैध कारोबार इसकी वजह है। संपत्ति विवाद, वर्चस्व की लड़ाई और व्यक्तिगत प्रतिशोध भी कारण हैं। चुनाव के दौरान भी अपराध रुक नहीं रहे हैं। जहां मोकामा काण्ड ने पूरे देश का ध्यान खींचा जिसमें पुराने बाहुबली दुलारचंद यादव की हत्या हुई। वहीं, आरा में बदमाशों ने बाइक से जा रहे पिता-पुत्र प्रमोद कुमार और प्रियांशु कुमार जो कि राजमिस्त्री थे, की हत्या कर दी। इसी तरह सिवान जिले के दरौंदा थाने में पोस्टेड पुलिस दारोगा अनिरुधद्ध प्रसाद की क्रूरता से हुई हत्या ने कानून व्यवस्था को आईना दिखाया। दूसरी छोटी-मोटी आपराधिक घटनाओं ने बिहार को फिर बदनाम किया। अब यहां हो रहे विधानसभा चुनाव में मुख्य मुकाबला एनडीए और महागठबंधन के बीच है। बहरहाल बिहार में चुनावी बहार जरूर है लेकिन सवाल भी बहुत हैं। अहम यह कि सुशासन के दावों और 20 साल के बाद भी जंगलराज की पोल-खोल में लगे सियासी रहनुमाओं से बिहार का आम मतदाता यह क्यों नहीं सुन पा रहा कि मंगलराज भी आएगा?

( ये उनके अपने विचार हैं।)

# सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की प्रथम उद्घोषणा



## वंदे मातरम्
अमित शाह

> भारत का राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम्', जिसका इतिहास किसी युद्धभूमि से नहीं, बल्कि एक विद्वान बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय के शांत लेकिन अडिग संकल्प से शुरू होता है। सन् 1875 में, जगद्धात्री पूजा (कार्तिक शुक्ल नवमी या अक्षय नवमी) के दिन, उन्होंने उस स्तोत्र की रचना की जो भारत की स्वतंत्रता का शाश्वत गीत बन गया। 'वन्दे मातरम्' केवल भारत का राष्ट्रीय गीत ही नहीं, सिर्फ स्वतंत्रता आन्दोलन का प्राण ही नहीं बल्कि यह बंकिमचन्द्र चटोपाध्याय द्वारा 'सांस्कृतिक राष्ट्रवाद' की प्रथम उद्घोषणा है। समय आ गया है कि हम अपने इतिहास, अपनी संस्कृति, अपनी मान्यताओं और अपनी परंपराओं को भारतीयता की दृष्टि से देखें।

हमारे देश के इतिहास में ऐसे कई अहम पड़ाव आए, जब गीतों, कलाओं ने अलग-अलग रूपों में लोकभावनाओं को सहेजकर आंदोलन को आकार देने में अहम भूमिका निभाई। चाहे छत्रपति शिवाजी महाराज की सेना के युद्धगीत हों, आज़ादी के आंदोलन में सेनानियों के गान या आपातकाल के विरुद्ध युवाओं के सामूहिक गीत, इन गीतों ने भारतीय समाज को स्वाभिमान की प्रेरणा भी दी और एकजुट भी बनाया। ऐसा ही है भारत का राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम्', जिसका इतिहास किसी युद्धभूमि से नहीं, बल्कि एक विद्वान बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय के शांत लेकिन अडिग संकल्प से शुरू होता है।

सन् 1875 में, जगद्धात्री पूजा (कार्तिक शुक्ल नवमी या अक्षय नवमी) के दिन, उन्होंने उस स्तोत्र की रचना की जो भारत की स्वतंत्रता का शाश्वत गीत बन गया। इन पवित्र शब्दों को लिखते हुए, वे भारत की गहनतम सभ्यतागत जड़ों से प्रेरणा ले रहे थे। अथर्ववेद के उद्घोष 'माता भूमिः पुत्रो अहं पृथिव्याः' से लेकर देवी महात्म्य में विश्वमाता के आह्वान से प्रेरणा ले रहे थे। बंकिम बाबू का यह मंत्र, प्रार्थना भी था और भविष्यवाणी भी। 'वन्दे मातरम्' केवल भारत का राष्ट्रीय गीत ही नहीं, सिर्फ स्वतंत्रता आन्दोलन का प्राण ही नहीं बल्कि यह बंकिमचन्द्र चटोपाध्याय द्वारा 'सांस्कृतिक राष्ट्रवाद' की प्रथम उद्घोषणा है। इसने हमें याद दिलाया कि भारत केवल ज़मीन का एक टुकड़ा नहीं, बल्कि एक भू-सांस्कृतिक राष्ट्र है , जिसकी एकता उसकी संस्कृति और सभ्यता से आती है। यह केवल भू-भाग नहीं है, बल्कि तीर्थ है, स्मृति, त्याग, शौर्य और मातृत्व से बंधी पवित्र भूमि है। जैसा कि महर्षि अरबिंद ने वर्णन किया, बंकिम आधुनिक भारत के एक ऋषि थे, जिन्होंने अपने शब्दों के माध्यम से राष्ट्र की आत्मा को पुनर्जीवित किया। उनका 'आनंदमठ' केवल एक उपन्यास नहीं, बल्कि गद्य में एक मंत्र था, जिसने एक ऐसे राष्ट्र को जागृत किया जो अपनी दिव्य शक्ति को भूल चुका था।

अपने एक पत्र में, बंकिम बाबू ने लिखा : 'मुझे कोई आपत्ति नहीं है यदि मेरे सभी कार्य गंगा में बहा दिए जाएं। यह श्लोक ही अनंत काल तक जीवित रहेगा। यह एक महान गान होगा और लोगों के हृदय को जीत लेगा।' ये शब्द भविष्यसूचक थे। औपनिवेशिक भारत के सबसे अंधकारमय काल में लिखा गया, 'वंदे मातरम्' जागृति का प्रभात-गीत बन गया, एक ऐसा भजन जिसने 'सांस्कृतिक राष्ट्रवाद' को सभ्यतागत गौरव के साथ जोड़ दिया। ऐसी पंक्तियां केवल वही व्यक्ति लिख सकता था जिसके रोम-रोम में राष्ट्र के प्रति भक्तिभाव कूट-कूट कर भरा हो। 1896 में, रवींद्रनाथ टैगोर ने 'वंदे मातरम्' को धुन में पिरोया और कोलकाता कांग्रेस अधिवेशन में इसे गाया, जिससे इसे वाणी और अमरता प्राप्त हुई। यह गीत भाषा और क्षेत्र की सीमाओं से आगे बढ़कर पूरे देश में गूंज उठा। तमिलनाडु में सुब्रमण्यम भारती ने इसका तमिल अनुवाद किया, और पंजाब में क्रांतिकारियों ने इसे गाते हुए ब्रिटिश राज को खुली चुनौती दी।

1905 में, बंग-भंग आंदोलन के दौरान, बंगाल में विद्रोह भड़क उठा। अंग्रेजों ने 'वंदे मातरम्' के सार्वजनिक पाठ पर प्रतिबंध लगा दिया था, फिर भी 14 अप्रैल, 1906 को बारीसाल में, हजारों लोगों ने इस आदेश की अवहेलना की। जब पुलिस ने शांतिपूर्ण सभा



पर लाठीचार्ज किया, तो पुरुष और महिलाएं सड़कों पर 'वंदे मातरम्' का नारा लगाते हुए लहूलुहान हो गए। वहां से, 'वंदे मातरम्' का मंत्र, ग़दर पार्टी के क्रांतिकारियों के साथ कैलिफ़ोर्निया पहुंच गया। आज़ाद हिंद फ़ौज में गूंजा, जब नेताजी के सैनिक सिंगापुर से मार्च कर रहे थे और 1946 के रॉयल इंडियन नेवी की क्रांति में भी गूंजा, जब भारतीय नाविकों ने ब्रिटिश युद्धपोतों पर तिरंगा फहराया। खुदीराम बोस से लेकर अशफ़ाक़उल्ला ख़ान तक, चंद्रशेखर आजाद से लेकर तिरुपुर कुमारन तक, नारा एक ही था।

यह अब सिर्फ़ एक गीत नहीं रहा; यह भारत की सामूहिक आत्मा की आवाज़ बन गया था। महात्मा गांधी ने स्वयं स्वीकार किया था, 'वंदे मातरम्' में 'सबसे सुस्त रक्त को भी जगाने की जादुई शक्ति' थी। इसने उदारवादियों और क्रांतिकारियों तथा विद्वानों और नाविकों को तक एकजुट किया।

महर्षि अरबिंद ने इसीलिए कहा था कि, यह 'भारत के पुनर्जन्म का मंत्र' है। 26 अक्टूबर को 'मन की बात' कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'वंदे मातरम्' गीत के इस इतिहास की देशवासियों को फिर से याद दिलाई और राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम्' के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 7 नवंबर से भारत सरकार की ओर से अगले एक वर्ष तक अलग-अलग कार्यक्रमों का आयोजन करने का निर्णय लिया। इन आयोजनों के माध्यम से देश भर में 'वंदे मातरम्' का पूर्ण गान होगा, जिससे देश की युवा पीढ़ी 'सांस्कृतिक राष्ट्रवाद' के विचार को आत्मसात कर पाए। आज जब हम भारत पर्व मना रहे हैं और सरदार पटेल की जयंती पर उन्हें श्रद्धापूर्वक स्मरण कर रहे हैं, तो यह भी याद करते हैं कि कैसे सरदार साहब ने 'एक भारत' का निर्माण कर 'वंदे मातरम्' की भावना को ही मूर्त रूप दिया था। यह गीत केवल अतीत का स्मरण मात्र नहीं, बल्कि भविष्य के लिए एक आह्वान भी है। 'वंदे मातरम्' आज भी विकसित भारत 2047 के हमारे संकल्प में प्रेरणा दे रहा है। यह भारत के सभ्यतागत आत्मविश्वास का प्रतीक है। अब, इस भावना को आत्मनिर्भर और श्रेष्ठ भारत में परिवर्तित करना हमारी ज़िम्मेदारी है।

'वंदे मातरम्' स्वतंत्रता का गीत है, अटूट संकल्प की भावना है, और भारत के जागरण का प्रथम मंत्र है। राष्ट्र की आत्मा से जन्मे शब्द कभी समाप्त नहीं होते, वे सदैव जीवित रहते हैं, पीढ़ियों तक गूंजते रहते हैं। यह जयघोष युगों और पीढ़ियों में अनंतकाल तक प्रतिध्वनित होता रहेगा। समय आ गया है कि हम अपने इतिहास, अपनी संस्कृति, अपनी मान्यताओं और अपनी परंपराओं को भारतीयता की दृष्टि से देखें। वंदे मातरम् !

( लेखक केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

# कृष्ण योग के सूत्र



संकलित
## दर्शन

भगवान श्रीकृष्ण के अनुसार सिर्फ शरीर का नियमन ही योग नहीं है, बल्कि आत्मा के साक्षात्कार के लिए किया गया हरेक प्रयास योग की श्रेणी में आता है। इसी कारण श्रीकृष्ण को योगेश्वर कहा जाता है । वे जनक हैं योग के, धाराएं बहती हैं उनसे योग की, बस जिसको जो आयाम स्पर्श करता है, वह उस आयाम पर अग्रसर हो जाता है। आप जिस योग को योग मानते है, वह पतंजलि योग है। पतंजलि सबसे बड़े वैज्ञानिक है अंतर्जगत के। उनकी पहुंच एक वैज्ञानिक मन की है। उनके पास वैज्ञानिक मस्तिष्क है, लेकिन उनकी यात्रा भीतरी है। किंतु हमारे कृष्ण योगेश्वर हैं । वे दृष्टि देते हैं, स्वतंत्रता देते है, प्रेम और करुणा से आपको भरते है। वे जिससे आपको भरते हैं, वे वह स्वयं ही हैं, इसीलिए कृष्ण का योग धारा बन जाता है, आपसे आपको मिलता है और एक दिन केवल वही ही बचते हैं, आप उनमें मिल जाते हैं। कुछ कृष्ण के योग के पहलू जो केवल हम श्रवण करते हैं, पढ़ते हैं, पर वे सूत्र हैं कृष्ण-योग के'तस्माद्योगाय युज्यस्व योगः कर्मसु कौशलम' अर्थात इससे समत्वबुद्धि योग के लिए ही चेष्टा करो, यह समत्वबुद्धि-रूप योग ही कर्मों में चतुरता है। अर्थात कर्मो में कुशलता को ही योग कहते है। कृष्ण तीन शब्दों का प्रयोग करते हैं-अकर्म, कर्म और विकर्म। कर्म वे उसे कहते हैं, सिर्फ करने को ही कर्म नहीं कहते। अगर करने को ही कर्म कहें, तब तो अकर्म में कोई जा ही नहीं सकता। फिर तो अकर्म हो ही नहीं सकता। कर्म को कृष्ण ऐसा करना कहते हैं, जिसमें कर्ता का भाव है। जिसमें करने वाले को यह पता है कि मैं कर रहा हूं।

# क्या आपकी दुकान में ईश्वर मिलेंगे?



संकलित
## प्रेरणा

आठ साल का एक बच्चा एक रुपए का सिक्का मुट्ठी में लेकर एक दुकान पर जाकर कहाः क्या आपके दुकान में ईश्वर मिलेंगे? दुकानदार ने यह बात सुनकर सिक्का नीचे फेंक दिया और बच्चे को निकाल दिया। बच्चा पास की दुकान में जाकर 1 रुपए का सिक्का लेकर चुपचाप खड़ा रहा! लेकिन, उस अबोध बालक ने हार नहीं मानी। एक दुकान से दूसरी दुकान, दूसरी से तीसरी, ऐसा करते करते कुल चालीस दुकानों के चक्कर काटने के बाद एक बूढ़े दुकानदार के पास पहुंचा। उस बूढ़े दुकानदार ने पूछाः तुम ईश्वर को क्यों खरीदना चाहते हो? क्या करोगे ईश्वर लेकर? बच्चे ने बड़े उत्साह से उत्तर दियाः इस दुनिया में मां के अलावा मेरा और कोई नहीं है। मेरी मां दिनभर काम करके मेरे लिए खाना लाती है। मेरी मां अब अस्पताल में हैं। अगर मेरी मां मर गई तो मुझे कौन खिलाएगा ? डाक्टर ने कहा है कि अब सिर्फ ईश्वर ही तुम्हारी मां को बचा सकते हैं। क्या आपके दुकान में ईश्वर मिलेंगे? दुकानदारः हां, मिलेंगे! कितने पैसे हैं तुम्हारे पास? बच्चाः सिर्फ एक रुपए। बच्चे की मां का ऑप्रेशन हुआ। और बहुत जल्द ही वह स्वस्थ हो उठीं। डिस्चार्ज के कागज़ पर अस्पताल का बिल देखकर उस महिला के होश उड़ गए। डॉक्टर ने उन्हें आश्वासन देकर कहाः टेंशन की कोई बात नहीं है। एक वृद्ध सज्जन ने आपके सारे बिल चुका दिए हैं। साथ में एक चिट्ठी भी दी है। महिला चिट्ठी खोलकर पढ़ने लगी, उसमें लिखा था, मुझे धन्यवाद देने की कोई आवश्यकता नहीं है। आपको तो स्वयं ईश्वर ने ही बचाया है.. मैं तो सिर्फ एक ज़रिया हूं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### हरियाणा के बहाने राहुल का चुनाव आयोग पर आरोप

राहुल कांग्रेस के ऐसे नेता है जो हमेशा गलत वजहों से खबरों में रहते है। राहुल की टिप्पणी और आरोप हमेशा बेतुके और असंगत होते है। बिहार चुनाव में पहले चरण के चुनाव के पूर्व हरियाणा के बहाने चुनाव आयोग पर मनगढ़ंत आरोप लगाए। हरियाणा में आठवां वोटर फर्जी और भाजपा ने वोट चुराने के बेमतलब आरोप लगाकर मन को शांत करने की कोशिश राहुल ने की है। हरियाणा में 25 लाख से ज्यादा वोटर्स फर्जी बताकर सीधा निर्वाचन आयोग को घेरने का प्रयास किया है। लेकिन निर्वाचन आयोग ने इसे बेबुनियाद और तथ्यविहीन बताया।भाजपा ने कहा कि कांग्रेस की असली हार की वजह उनके अपने नेता है। राहुल की ये बाते कुंठा को ही व्यक्त करती है।

*-कांतिलाल मांडोत, सूरत*

## करंट अफेयर

### एफडीए की नकली बोटॉक्स बेच रही वेबसाइट्स को चेतावनी




अमेरिकी स्वास्थ्य नियामकों ने बोटॉक्स और झुर्रियों को कम करने के लिए इस्तेमाल होने वाली अन्य दवाओं के नकली या अप्रमाणित संस्करण बेचने वाली 18 वेबसाइट्स को बुधवार को चेतावनी पत्र भेजे हैं। अमेरिका के खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) ने कहा कि वह इन उत्पादों के कारण होने वाली क्षति की रिपोर्ट मिलने के बाद कार्रवाई कर रहा है, जिनमें इन उत्पादों के इस्तेमाल के दुष्प्रभाव भी शामिल हैं। बोटॉक्स वास्तव में बोटुलिनम नामक दुनिया के सबसे जहरीले पदार्थों में से एक का तरल और शोधित रूप है। यह तत्व अस्थायी रूप से नसों के संकेतों को अवरुद्ध कर देता है, जिससे मांसपेशियों को आराम मिलता है। बोटॉक्स को सबसे अधिक सौंदर्य प्रयोजनों (कॉस्मेटिक इस्तेमाल) के लिए जाना जाता है, लेकिन अमेरिका में इसे कई चिकित्सा स्थितियों जैसे मांसपेशियों में ऐंठन, नेत्र विकार और माइग्रेन के इलाज के लिए भी मंजूरी प्राप्त है। एफडीए के अनुसार, चेतावनी पत्र ज्यादातर कॉस्मेटिक वेबसाइट्स को भेजे गए हैं। हर मामले में कंपनियां अनधिकृत या गलत लेबल वाले बोटॉक्स जैसी दवाएं बेच रही थीं, जिन्हें एजेंसी ने कभी मंजूरी नहीं दी। कभी-कभी यह विषाक्त तत्व इंजेक्शन वाली जगह से शरीर के अन्य हिस्सों में फैल सकता है।

## ऑफ बीट

### मोटापे की नई दवाएं कोई 'चमत्कारी इलाज' नहीं



इक्कीसवीं सदी में मोटापा सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक बनकर उभरा है। यह एक दीर्घकालिक रोग है जो शारीरिक, मानसिक और सामाजिक रूप से कई जटिलताएं उत्पन्न करता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, 1990 से 2022 के बीच मोटापे का वैश्विक प्रसार दोगुना हो गया और अब यह दुनिया भर में, 88 करोड़ वयस्क और 16 करोड़ बच्चों सहित एक अरब से अधिक लोगों को प्रभावित कर रहा है। फ्रांस भी इससे अछूता नहीं है। एक अनुमान के अनुसार, देश में करीब 80 लाख लोग मोटापे से ग्रस्त हैं। इसकी दर 1997 में 8 .5 प्रतिशत से बढ़कर 2012 में 15 प्रतिशत और 2020 में 17 प्रतिशत हो गई। हाल में विकसित नई दवाएं- ग्लूकागन-लाइक पेप्टाइड-1 (जीएलपी-1) एनालॉग्स- चिकित्सकों के लिए नई उम्मीदें लेकर आई हैं, लेकिन विशेषज्ञों का कहना है कि केवल इन दवाओं के भरोसे मोटापे पर काबू नहीं पाया जा सकता। डब्ल्यूएचओ के अनुसार, अधिक वजन और मोटापा शरीर में असामान्य या अत्यधिक वसा संचय है जो स्वास्थ्य के लिए जोखिमपूर्ण होता है। 25 से अधिक बॉडी मास इंडेक्स (बीएमआई) को अधिक वजन और 30 से अधिक को मोटापा माना जाता है।

## ट्रेंड

### वे चाहते क्या हैं



राहुल गांधी ने अभी से मान लिया है कि बिहार चुनाव में कांग्रेस की लुटिया डूबने वाली है। एक ओर राहुल प्रेस कांफ्रेंस में वोट चोरी का रोना रोते हैं और दूसरी ओर एसआईआर का विरोध करते हैं। उनको खुद भी नहीं पता कि वे चाहते क्या हैं?

**- जेपी नड्डा, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री**

### बिहार का गौरव



मेरा वादा है कि बिहार में दुनिया की सबसे बेहतरीन यूनिवर्सिटी बनेगी, युवाओं का भी भविष्य यहीं से बनेगा, और दुनिया भर के लोग फिर से यहां अपना रास्ता तलाशने आएंगे। नालंदा कभी दुनिया का सबसे महान विश्वविद्यालय था, हम सुनिश्चित करेंगे कि उसका वही पुराना गौरव फिर से वापस लौटे।

**- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस**

### चुनाव आयोग की पोल



आज राहुल गांधी ने चुनाव आयोग की पोल खोल दी है। अब चुनाव आयोग क्या सफाई देगा? हरियाणा को लेकर राहुल जी ने इलेक्शन कमीशन को एक्सपोज कर रख दिया। चुनाव आयोग की मिलीभगत साफ पकड़ी गई है।

**-अशोक गहलौत, पूर्व सीएम, राजस्थान**

### माफिया राज को बढ़ावा



हेमंत सरकार माफिया राज को बढ़ावा दे रही है। बालू घाट माफियाओं के चंगुल में है। ग्रामीण अपनी जरूरतों के लिए बालू नहीं उठा सकते लेकिन माफियाओं के ट्रक नदियों को रौंदते हुए अवैध खनन कर रहे हैं।

**- बाबूलाल मरांडी, पूर्व सीएम, झारखंड**

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## प्रधानमंत्री ने भागलपुर में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए लालू परिवार और गांधी परिवार पर साधा निशाना

# राजद वाले 'जंगल राज पाठशाला' में सिखाते हैं अपहरण, फिरौती और रंगदारी: पीएम मोदी

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को भागलपुर में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए राजद पर करारा हमला बोला। उन्होंने कहा कि बिहार में राजद के सदस्यों को 'जंगल राज पाठशाला' में प्रशिक्षित किया गया है, जहां उन्होंने ए से अपहरण, एफ से फिरौती, आर से रंगदारी सीखा है। उनके स्कूल में पी से परिवारवाद, जी से घोटाला सिखाया जाता है। राजद का ककहरा कट्टा, कटुता, क्रूरता, कुशासन, भ्रष्टाचार और कुशासन है। प्रधानमंत्री मोदी ने आगे दावा किया कि पिछले कुछ महीनों से, कांग्रेस नेता दावा कर रहे हैं कि उनकी पार्टी बड़ी है और राजद बस एक छोटा सा सहयोगी है। लेकिन राजद ने कांग्रेस के इस अहंकार को चुनौती दी है, उनके 'नामदार' के अहंकार को चुनौती दी है और कांग्रेस के सिर पर बंदूक तानकर, उन्होंने मुख्यमंत्री पद की उम्मीदवारी छीन ली है। अब, कांग्रेस के लोग राजद से बदला लेने की तैयारी कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने लालू यादव के परिवार और राहुल गांधी के परिवार को दो सबसे भ्रष्ट परिवार करार दिया और कहा कि मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत राशि उनके बैंक खाते में जाती। प्रधानमंत्री ने कहा कि कल्पना कीजिए कि अगर बिहार का सबसे भ्रष्ट परिवार और देश का सबसे भ्रष्ट परिवार, दोनों ज़मानत पर बाहर, सत्ता में होते, तो यह पैसा कांग्रेस और राजद नेताओं के ख़जाने में जाता, न कि दोनों बहनों के खातों में। अपने चुनावी भाषण में, प्रधानमंत्री मोदी ने भागलपुर के



लिए एनडीए सरकार के फोकस बिंदु को भी रेखांकित किया और पर्यटन एवं परिवहन पर विशेष जोर दिया।

प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को 'नामदार' बताते हुए दावा किया कि लोकसभा में विपक्ष के नेता कभी बिहार आना ही नहीं चाहते थे। उन्होंने कहा, कांग्रेस के 'नामदार' काफी समय से गायब हैं। लोग कहते हैं कि वह बिहार आना ही नहीं चाहते थे, उन्हें जबरन यहाँ लाया गया था। लेकिन अब वे राजद को ही नुकसान पहुंचा रहे हैं। जो लोग सत्ता के स्वार्थ के लिए अपने ही साथियों को धोखा दे सकते हैं, वे कभी बिहार के शुभचिंतक नहीं हो सकते।

## अमित शाह ने राहुल की 'मतदाता अधिकार यात्रा' को 'घुसपैठिया बचाओ यात्रा' बताया

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस पर घुसपैठियों को संरक्षण और पनाह देने का आरोप लगाया है। बिहार के बेतिया में बृहस्पतिवार को एक चुनावी सभा में अपने भाषण के दौरान शाह ने राहुल गांधी पर भी तीखे कटाक्ष किए। शाह ने राहुल की 'मतदाता अधिकार यात्रा' को 'घुसपैठिया बचाओ यात्रा' बताया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के बार-बार के बयानों और प्रेस कॉन्फ्रेंस के बावजूद, भाजपा देश से हर घुसपैठिए को निकालने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस अभियान का एजेंडा बांग्लादेशी घुसपैठियों को भारत की मतदाता सूची में बनाए रखना है।

### बिहार के बेतिया में कहा, भाजपा देश से हर घुसपैठिए को निकालने के लिए

अमित शाह ने कहा, मुझे बताइए कि हमें बांग्लादेशियों के नाम मतदाता सूची से हटाने चाहिए या नहीं? चार महीने पहले राहुल बाबा ने 'घुसपैठिया बचाओ यात्रा' शुरू की थी और कहा था कि बांग्लादेशी घुसपैठियों को हमारी मतदाता सूची में बने रहना चाहिए। मैं पूछना चाहता हूं क्या बांग्लादेशी घुसपैठियों को यह तय करना चाहिए कि मुख्यमंत्री कौन होगा? राहुल गांधी चाहे जितनी भी प्रेस कॉन्फ्रेंस कर लें, भाजपा देश से हर घुसपैठिए को निकालने का काम करेगी।

शाह ने कहा कि आज बिहार का पहले चरण का मतदान हो रहा है, दूसरे चरण का मतदान 11 तारीख को होगा। मैं पूरे बिहार में घूमता-घूमता रामनगर आया हूं। 14 तारीख को सुबह 8 बजे मतगणना होगी और 11 बजते-बजते लालू और राहुल की पार्टी का सूपड़ा साफ हो जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए प्रचंड बहुमत के साथ फिर से एक बार बिहार में सरकार बनाने वाली है। उन्होंने आगे कहा कि आप लोग बताओ बिहार की मतदाता सूची से घुसपैठियों को निकालना चाहिए या नहीं निकालना चाहिए?

विपक्ष के नेता राहुल ने किया दावा

## केंद्र में हमारी सरकार बनी तो बिहार को मिलेगा सबसे बड़ा विश्वविद्यालय



कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने पूर्णिया के कसबा में संबोधित करते हुए बिहार की बदहाली के लिए एनडीए सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनते ही बिहार में देश का सबसे बड़ा और विश्वस्तरीय विश्वविद्यालय खोला जाएगा। बिहार में आज लोग अस्पताल में जीने नहीं, बल्कि मरने जाते हैं, उन्होंने वोट चोरी का आरोप दोहराया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि मौजूदा सरकार संविधान पर आक्रमण कर रही है और वोट चोरी करके चुनाव जीतने की साजिश रच रही है।

## चुनाव निष्पक्ष हुए तो जनता सत्ता पक्ष को खदेड़ देगी: प्रियंका



बिहार में चुनावी अभियान के दौरान कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने गोविंदगंज में जनसभा को संबोधित किया और भावनात्मक और राजनीतिक दोनों तरह के संदेश दिए. उन्होंने कहा कि अगर बिहार में चुनाव निष्पक्ष तरीके से हुए तो जनता मौजूदा सत्ता पक्ष को खदेड़ देगी। प्रियंका ने पेपर लीक, बेरोजगारी और वोट कटौती को सबसे बड़े मुद्दे बताते हुए कहा कि बिहार के युवाओं का भविष्य लगातार बर्बाद हो रहा है। उन्होंने लोगों से कहा कि बिहार के लोगों को देश में अपनी भागीदारी समझनी होगी और अपनी ऐतिहासिक भूमिका को पहचानना होगा।

## थाईलैंड से वोट देने पटना पहुंचीं तन्वी शाह

बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान के बीच तन्वी शाह का नाम हर जुबां पर है। ये वही तन्वी शाह हैं जो मूल रूप से बिहार की हैं, लेकिन थाईलैंड में रहती हैं। इन्हें जब पता लगा कि चुनावी बिगुल बज गया है, तो फैसला किया कि मुझे हर कीमत पर लोकतंत्र के इस महापर्व में हिस्सा लेना है।

## चुनाव पर दुनिया की नजर, 7 देशों के 16 प्रतिनिधि पहुंचे पटना

चुनाव से पहले भारतीय चुनाव आयोग के अंतरराष्ट्रीय चुनाव आगंतुक कार्यक्रम के तहत 7 देशों के 16 प्रतिनिधियों ने बिहार चुनाव के पहले चरण के लिए व्यवस्था देखी। व्यवस्था देखने के लिए इंडोनेशिया, कोलंबिया, फिलीपींस, फ्रांस, बेल्जियम, दक्षिण अफ्रीका और थाईलैंड के प्रतिनिधि आए।



उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी।



तेज प्रताप यादव।



सीएम नीतीश भी इंक लगी अंगुली दिखाते हुए।



तेज प्रताप ने सपरिवार मतदान किया।



पटना में वोटिंग के लिए लगी लोगों की कतार।

## इधर गधे, उधर भी गधे, सब तरफ गधे अच्छे घोड़ों को नहीं मिल रही घास: नितिन



सुपौल के गांधी मैदान में एनडीए की जनसभा में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने एनडीए को समर्थन और वोट की अपील की। इनोवेशन, टेक्नोलॉजी पर चर्चा की। विपक्ष पर व्यंग्य कसते हुए कहा इधर गधे, उधर गधे,सब तरफ गधे अच्छे घोड़ों को नहीं मिल रही घास और गधे खा रहे।

## माफिया की उल्टी गिनती शुरू



सीतामढ़ी में जनसभा में उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ने महागठबंधन पर जमकर हमला बोला। योगी ने कहा कि बिहार के अंदर पहले चरण के मतदान ने साबित कर दिया है, कांग्रेस, आरजेडी और उनके सहयोगियों के लिए बिहार में कोई स्थान नहीं है। यहां माफिया की उल्टी गिनती शुरू हो गई।

## 12 बजे ही आरजेडी ने कर दिया सरेंडर



पहले फेज की वोटिंग के बीच मतदान केंद्रों पर बिजली सप्लाई बंद करने के राष्ट्रीय जनता दल के आरोप की निंदा करते हुए भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि उन्होंने कभी उम्मीद नहीं की थी कि विपक्षी दल मतदान के दिन दोपहर 12 बजे निराशा में हाय तौबा करना शुरू कर देगा। आरजेडी ने सरेंडर कर दिया।

---

## खबर संक्षेप


### पीएम कल 4 नई वंदे भारत को झंडी दिखाएंगे

**वाराणसी।** पीएम मोदी 8 नवंबर को वाराणसी का दौरा करेंगे और चार नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को झंडी दिखाएंगे। यह विश्वस्तरीय रेल सेवाओं के माध्यम से नागरिकों को सुगम, त्वरित और अधिक आरामदायक यात्रा प्रदान करने के प्रधानमंत्री के विजन को साकार करेगा।



### पादरी बना आरोपी 24 साल बाद गिरफ्तार

**चेन्नई।** कानून के हाथ लंबे हैं.। ये बात तमिलनाडु के चेन्नई से गिरफ्तार हुए रेप के आरोपी के मामले में साबित हो गई। केरल के तिरुवनंतपुरम में 2001 में एक नाबालिग लड़की का यौन उत्पीड़न हुआ था। पुलिस ने चेन्नई में उसे 24 साल फरार रहने के बाद गिरफ्तार किया। उसकी पहचान हो गई है।



### दिग्गज एक्टर हरीश राय का निधन

**नई दिल्ली।** पिछले महीने पांच-पांच दिनों के अंतर में बॉलीवुड ने अपने 3 दिग्गज सितारों को खो दिया। कन्नड़ फिल्मों के दिग्गज एक्टर हरीश राय का निधन हो गया है, जिससे पूरी इंडस्ट्री में शोक की लहर है। वह 55 साल के थे। राय ने फिल्म 'रॉकी' के चाचा का किरदार निभाया था।



### बाराबंकी में इंटरसिटी से निकलने लगा धुआं

**बाराबंकी।** इंटरसिटी एक्सप्रेस गुरुवार सुबह नौ बजकर 15 बजे गोरखपुर से लखनऊ जा रही थी। इसी बीच बुढ़वल रेलवे स्टेशन के ओवर ब्रिज के पास ट्रेन के पहुंचने पर अचानक ट्रेन के डी-6 जनरल कोच के पहियों से धुआं उठने लगा। इससे उसमें सवार यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई।



---

## शीर्ष कोर्ट में सुनवाई के दौरान ऐसा भी आया वाकया

# वेलनेस चैंपियन की.... अदालत से गुहार नेशनल इमरजेंसी घोषित करें 'मीलॉर्ड'

## दमघोंटू हवा के मद्देनजर सुप्रीम कोर्ट में एक जनहित याचिका दायर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली समेत देश के कई हिस्सों और शहरों में बढ़ते प्रदूषण और दमघोंटू हवा के मद्देनजर सुप्रीम कोर्ट में एक जनहित याचिकादायर की गई है और वायु प्रदूषण के स्तर को नियंत्रित करने की मांग की गई है। इतना ही नहीं याचिकाकर्ता ने अपनी अर्जी में राष्ट्रीय स्तर पर सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकालॉलागू करने की भी मांग की है ताकि ग्रामीण से लेकर शहरी स्तर तक लोगों को प्रदूषण के गंभीर परिणामों से बचाया जा सके। यह याचिका ल्यूक क्रिस्टोफर कॉउटिन्हो ने दायर की है, जो पीएम मोदी के फिट इंडिया मूवमेंट के वेलनेस चैंपियन यानी दूत रहे हैं। उन्होंने तर्क दिया है कि एक व्यापक नीतिगत ढांचे के बावजूद, ग्रामीण और शहरी भारत के बड़े हिस्से में वायु की गुणवत्ता लगातार खराब बनी हुई है और कई मामलों में यह बदतर स्तर को भी पार कर गई है।



### संविधान का हवाला दिया

याचिकाकर्ता ने संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत जीवन और स्वास्थ्य के अधिकार का हवाला देते हुए कोर्ट से अधिकारियों को वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के ठोस उपाय करने का निर्देश देने की मांग की है। इस बात पर प्रकाश डाला गया है कि दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, चेन्नई, बेंगलुरु आदि प्रमुख भारतीय शहरों में प्रदूषकों का वार्षिक औसत केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा अधिसूचित राष्ट्रीय परिवेशी वायु गुणवत्ता मानकों के तहत निर्धारित सीमा से लगातार अधिक बना हुआ है।

### मानकों का घोर उल्लंघन

याचिकाकर्ता ने जोर दिया है कि भारतीय मानक पहले से ही एक उच्च सीमा निर्धारित करते हैं, क्योंकि विश्व स्वास्थ्य संगठन के 2021 वायु गुणवत्ता दिशानिर्देश के लिए वार्षिक औसत सीमा निर्धारित करते हैं। दिल्ली में प्रदूषण मानकों का घोर उल्लंघन करते हैं।

### अधिकारी विफल, लोग 'विकल'

अधिकारियों की विफलता को उजागर करते हुए याची ने दावा किया है कि नागरिक हर दिन जहरीली हवा में सांस लेने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि वायु गुणवत्ता निगरानी कार्यक्रमों से ग्रामीण क्षेत्रों का बहिष्करण एक बुनियादी ढांचागत कमजोरी को दर्शाता है।

### क्रिस्टोफर जीवनशैली गुरु और बड़े थिंकर

ल्यूक क्रिस्टोफर कॉउटिन्हो एक भारतीय जीवनशैली गुरु और एकीकृत एवं जीवनशैली चिकित्सा के क्षेत्र में थिंकर हैं, जो स्वास्थ्य के प्रति लोगों को जागरूक करते रहे हैं। वह उत्तम स्वास्थ्य के लिए पोषण, व्यायाम, नींद, इमोशनल डिटॉक्स और अध्यात्म जैसे पांच स्तंभों पर जोर देते रहे हैं। वे यू केयर वेलनेस प्रोग्राम के संस्थापक हैं और स्वास्थ्य पर बेस्टसेलिंग पुस्तकें लिखने के लिए जाने जाते हैं। वह वायु प्रदूषण जैसे सामाजिक मुद्दों के समाधान के लिए भी सक्रिय रहे हैं।

## हवा में घुलते जहर से 'फेफड़ों पर प्रदर्शन का दबाव' बढ़ रहा



### दिल्ली में प्रदूषण पर थरूर का तंज

**नई दिल्ली।** सर्दियों का मौसम दिल्ली में दोहरी चुनौती लेकर आता है। दीपावली जैसे त्योहार में आतिशबाजी भी दिल्ली की वायु गुणवत्ता पर नकारात्मक असर डालती है। आतिशबाजी के बाद दिल्ली का एक्यूआई खतरनाक स्तर पर है। वायु गुणवत्ता खराब होने के कारण दिल्ली-एनसीआर में रहने वाले लोगों को सांस से जुड़ी स्वास्थ्य समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। इस जटिल चुनौती के बीच कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने तंज कसते हुए कहा, प्रदूषण का स्तर बढ़ने के कारण नवंबर में फेफड़े पर प्रदर्शन का दबाव और बढ़ेगा। थरूर ने लगातार बिगड़ती दिल्ली-एनसीआर की वायु गुणवत्ता को लेकर एक्स हैंडल पर कटाक्ष किया। इस बार हिंदी भाषा में लिखा।

### अपनी तीखी टिप्पणी के कारण फिर चर्चा में आए

आम तौर पर अपनी कठिन अंग्रेजी शब्दावली को लेकर चर्चा में रहने वाले थरूर ने लगातार बिगड़ती दिल्ली-एनसीआर की वायु गुणवत्ता को लेकर एक्स हैंडल पर कटाक्ष किया। इस बार हिंदी भाषा में जारी बयान में थरूर ने लिखा, 'जैसे-जैसे नवंबर का महीना चढ़ेगा, फेफड़ों पर परफॉरमेंस का बोझ बढ़ेगा!' उन्होंने ये टिप्पणी छह नवंबर की सुबह 10 बजे की एक्यूआई की स्थिति को लेकर की। गुरुवार को दिल्ली में धुंध भरी सुबह और वायु गुणवत्ता सूचकांक'खराब' और 'बेहद खराब' श्रेणी में रही। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने इस पर चिंता जताई है।एक रिपोर्ट के मुताबिक शाम तक एक्यूआई खराब होकर 'बहुत खराब' श्रेणी में जाने की आशंका है। डॉक्टरों का कहना है कि प्रदूषण के कारण दिल्ली के अस्पतालों में सांसद लेने में तकलीफ की शिकायत करने वाले मरीजों की संख्या बढ़ रही है।

---

कर्नाटक सरकार को फिर झटका

## संघ के कार्यों पर रोक के फैसले पर स्टे के खिलाफ याचिका रद्द

एजेंसी ⏭ बेंगलुरु

कर्नाटक उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें हाईकोर्ट के पूर्व में दिए गए आदेश को चुनौती दी गई थी। एक सिंगल जज की पीठ ने राज्य सरकार के उस आदेश पर रोक लगा दी थी, जिसमें सार्वजनिक जगहों पर संघ की गतिविधियों को प्रतिबंधित किया गया था। अब जस्टिस एस जी पंडित और गीता के बी की खंडपीठ ने सरकार को निर्देश दिया कि वह सरकार के फैसले पर लगे स्टे को हटाने के लिए उन्हीं सिंगल जज से संपर्क करे।



### इस आदेश पर हो रहा विवाद

कर्नाटक सरकार ने बीते दिनों एक आदेश जारी किया था, जिसमें सार्वजनिक जगहों पर निजी संगठनों की गतिविधियों के लिए सरकार की अनुमति लेना अनिवार्य कर दिया गया था।

## जब तक लोग ये फॉर्म नहीं भरेंगे, वे फॉर्म नहीं भरेंगी

एजेंसी ⏭ कोलकाता

### एसआईआर पर भड़कीं ममता



पश्चिम बंगाल में एसआईआर शुरू होने के दूसरे दिन बीएलओ मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी के घर पहुंच गए. वो गणना फॉर्म लेकर पहुंचे थे। सीएम ममता ने कहा है कि जब तक बंगाल के सभी लोग ये फॉर्म नहीं भरेंगे, वो फॉर्म नहीं भरेंगी। इस ऐलान को लेकर उन्होंने फेसबुक पर एक पोस्ट भी किया है। सीएम ममता ने लिखा, बीएलओ प्रभारी हमारे मोहल्ले में आए थे। वे मेरे निवास कार्यालय में आए और पता लगाया कि निवास में कितने मतदाता हैं और उन्हें फॉर्म दिए। जब तक बंगाल का हर व्यक्ति फॉर्म नहीं भरता, मैंने फॉर्म नहीं भरूंगी। तृणमूल बंगाल में एसआईआर की शुरुआत को लेकर मुखर रही है। ममता ने खुद कहा था कि वह बंगाल में एसआईआर शुरू नहीं होने देंगी। मंगलवार को जब एसआईआर की शुरुआत हुई तो अभिषेक-ममता सड़क पर उतर आए।

---

रिटायरमेंट की डेट बता भड़के सीजेआई

## 24 नवंबर के बाद तारीख चाहिए तो आप हमें बता दो

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



ट्रिब्यूनल रिफॉर्म्स एक्ट मामले में सुनवाई कर रहे सुप्रीम कोर्ट से एक बार फिर केंद्र सरकार को फटकार पड़ी है। सीजेआई बीआर गवई ने स्थगन की मांग पर आपत्ति जताई है। इससे पहले भी उन्होंने मामले को बड़ी बेंच के पास भेजे जाने के अनुरोध को लेकर केंद्र पर सवाल उठाए थे और कहा था कि लगता है सरकार मौजूदा पीठ से बचना चाह रही है। अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणि ने मामले में स्थगन की मांग की थी। सुप्रीम कोर्ट ने एएसजी ऐश्वर्या भाटी की तरफ से यह अनुरोध पेश किया गया था। इस पर सीजेआई गवई ने सवाल उठा दिया कि क्या सरकार उनके रिटायरमेंट होने का इंतजार कर रही है। उन्होंने कहा कि हम दो बार पहले ही आपकी बात मान चुके हैं। कितनी बार और? अगर आप यह 24 नवंबर के बाद चाहते हैं, तो हमें बता दें।

राज्य के कानून मंत्री ने कहा- सभी न्यायिक सुविधाएं मिलेंगी

## कोच्चि में 1000 करोड़ में बनेगी देश की पहली 'ज्यूडीशियल सिटी'

### जजों के बंगले और सभी न्यायिक व्यवस्थाएं एक ही जगह पर होंगी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



केरल के कोच्चि में देश का पहला ज्यूडीशियल सिटी बनाया जाएगा। इसका निर्माण कलामासेरी में 27 एकड़ जमीन पर होगा। इसकी अनुमानित लागत 1,000 करोड़ है। यह 10 साल में अपना आकार लेगा। केरल में बन रहे इस ज्यूडिशियल सिटी में लोगों को एक ही शहर के अंदर पूरे न्यायिक सुविधाएं और व्यवस्थाओं का लाभ मिलेगा। यहां एक ही जगह सभी तरह की न्यायिक सुविधाएं और व्यवस्थाएं मौजूद रहेंगी।

**खास बातें**

- 61 कोर्ट रूम होंगे
- 10 साल में आकार लेगा 17 एकड़ में बनेगा
- 12 लाख वर्ग फीट का हाई कोर्ट परिसर 7 मंजिला होगा



### एआई से लैस होगा कोर्ट

राज्य के कानून मंत्री पी. राजीव ने बताया कि 17 एकड़ के इस विशाल परिसर में 12 लाख वर्ग फीट का हाई कोर्ट परिसर होगा। यही नहीं इस ज्यूडीशियल सिटी में सैटेलाइट इंटरनेट वाले कोर्ट रूम, एआई से लैस कोर्ट, न्यायिक अकादमी और जल्द केस खत्म करने वाली जैसी सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

### 10 साल में होगा तैयार

इस प्रोजेक्ट में 1 हजार करोड़ से ज्यादा खर्च होंगे। 10 साल बाद इसका आकार और उसकी व्यवस्थाएं सुप्रीम कोर्ट से बेहतर करने की तैयारी है। इसके बन जाने के बाद केरल का उच्च न्यायालय जो एर्नाकुलम में है, वो भी ज्यूडिशियल सिटी में शिफ्ट हो जाएगा।

### 3 टावर होंगे

इस ज्यूडिशियल सिटी में संविधान के मुख्य सिद्धांतों समानता, स्वतंत्रता और जीवन के मौलिक अधिकारों को सुनिश्चित करने वाले अनुच्छेद 14, 19 और 21 पर आधारित तीन टावर होंगे। इसमें मुख्य टावर 7 मंजिला का और बाकी दो टावर 6-6 मंजिला होंगे।

### 61 कोर्ट रूम

इस 'न्यायिक शहर' में 61 कोर्ट रूम बनाए जाएंगे। इसमें जजों के बंगले, लॉ इंस्टीट्यूट्स-कॉलेज, एडमिनिस्ट्रेटिव विंग, चैंबर्स भी होंगे।

## खबर संक्षेप

### आर्सेलरमित्तल के शुद्ध लाभ में 31 प्रतिशत वृद्धि

**नई दिल्ली।** इस्पात एवं खनन क्षेत्र की प्रमुख कंपनी आर्सेलरमित्तल का चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में शुद्ध लाभ 31.35 प्रतिशत बढ़कर 37.7 करोड़ डॉलर हो गया। कंपनी ने पिछले साल की समान तिमाही में 28.7 करोड़ डॉलर का शुद्ध लाभ कमाया था। कंपनी जनवरी-दिसंबर वित्त वर्ष का अनुसरण करती है।

### नंदिनी घी की कीमत 90 रुपए बढ़कर 700 रुपए प्रति लीटर



**बेंगलुरु।** कर्नाटक दुग्ध महासंघ (केएमएफ) ने नंदिनी घी की कीमत 90 रुपये प्रति लीटर बढ़ाने की घोषणा की है। अब उपभोक्ताओं को इसके लिए 700 रुपये प्रति लीटर चुकाने होंगे। केएमएफ अधिकारियों ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में बढ़ती लागत के कारण यह निर्णय लिया गया है। वैश्विक स्तर पर भी, मांग के कारण कीमतें बढ़ रही हैं।

### 556 वें प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में लंगर लगा

**नई दिल्ली।** पंजाब एण्ड सिंध बैंक शाखा गुरु का ताल आगरा एव शाखा आईबीडी संजय प्लेस आगरा में स्थानीय शाखाओं ने मिलकर दिनांक 05 नवंबर, 2025 को आचलिक प्रबंधक महोदय श्री अगम कुमार जी के नेतृत्व में श्री गुरू नानक देव जी के 556 वें प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में लंगर सेवा एवं चाय-पान का भव्य आयोजन किया। इस अवसर पर आंचलिक कार्यालय आगरा एवं स्थानीय शाखाओं के समस्त स्टाफ उपस्थित रहे। इस सेवा में हजारों लोगों ने लगर (प्रसाद) ग्रहण किया।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# सेबी नहीं देगा आईपीओ वैल्यूएशन में दखल, निवेशकों पर छोड़ा तुहिन ने फैसला

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने कहा है कि आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) में उच्च मूल्यांकन को लेकर सेबी किसी तरह का हस्तक्षेप नहीं करेगी।

- बाजार को अवसरों के आधार पर मूल्यांकन तय करने की आजादी हो

उन्होंने स्पष्ट किया कि वैल्यूएशन का निर्धारण बाजार और निवेशकों के आकलन पर निर्भर करता है, न कि नियामक के नियंत्रण पर गुरुवार को एक कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों से बातचीत में पांडेय ने कहा- हम मूल्यांकन तय नहीं करते। यह पूरी तरह निवेशक के आकलन पर निर्भर करता है। बाजार को अवसरों के आधार पर स्वतंत्र रूप से मूल्य निर्धारण करने की आजादी होनी चाहिए। यह बयान उस समय आया है जब हाल ही में लेंसकार्ट के 7,200 करोड़ रुपए के आईपीओ के ऊंचे वैल्यूएशन को लेकर बाजार में चिंता जताई गई थी।

### वैल्यूएशन को लेकर चिंताएं उठी

सेबी प्रमुख ने स्वीकार किया कि पहले भी कई बार वैल्यूएशन से जुड़ी चिंताएं उठाई जा चुकी हैं-खासतौर पर नए युग की डिजिटल कंपनियों जैसे नाइका, पेटीएम के आईपीओ के समय। इन मामलों में भी निवेशकों के बीच यह सवाल उठे थे कि क्या कंपनियों के वैल्यूएशन उनकी वास्तविक कमाई और संभावनाओं के अनुरूप हैं।

## चेयरमैन ने कहा, मूल्यांकन का निर्धारण बाजार व निवेशकों के आकलन पर निर्भर

### पारदर्शिता जरूरी

कार्यक्रम में पांडेय ने कंपनियों से यह भी कहा कि उन्हें पर्यावरण, सामाजिक और प्रशासनिक प्रतिबद्धताओं के प्रति 'प्रामाणिक और पारदर्शी' रहना चाहिए। उन्होंने कहा- ईएसजी सिर्फ ब्रांडिंग का हिस्सा नहीं होना चाहिए। इसे मापने योग्य परिणामों, स्वतंत्र ऑडिट और वास्तविक बोर्ड निरीक्षण से जोड़ा जाना चाहिए। उन्होंने यह भी जोड़ा कि आज के समय में ईएसजी कोई वैकल्पिक विकल्प नहीं है, बल्कि व्यवसाय की स्थिरता के लिए एक आवश्यक घटक है।




### नई चुनौतियों पर सुझाव

*सेबी चेयरमैन ने कंपनियों के निदेशकों और वरिष्ठ प्रबंधन से आग्रह किया कि वे निम्नलिखित क्षेत्रों में अपनी क्षमता बढ़ाएं-साइबर जोखिम प्रबंधन, व्यवहार विज्ञान, डेटा नैतिकता और स्थिरता। उन्होंने कहा कि आज के समय में बाजार की जटिलता केवल औपचारिक निरीक्षण से नहीं संभाली जा सकती, बल्कि इसके लिए सूचित और विवेकपूर्ण निर्णय की आवश्यकता है।*

*निवेशक अपने विवेक से निर्णय लेंगे : सेबी का यह स्पष्ट रुख बताता है कि नियामक आईपीओ वैल्यूएशन में दखल नहीं देगा। अब निवेशकों को खुद अपने विवेक से निवेश निर्णय लेने होंगे। साथ ही, नियामक का ध्यान अब कंपनियों के ईएसजी अनुपालन और कॉरपोरेट गवर्नेंस को मजबूत करने पर रहेगा, ताकि बाजार में पारदर्शिता और जवाबदेही बनी रहे।*

## वित्त मंत्री ने कहा, जोखिमों के बारे में जागरूक जरूर करेगी

# सरकार एफएंडओ में खुदरा निवेशकों को शामिल होने से नहीं रोक सकती : सीतारमण

एजेंसी ▸▸| मुंबई

*वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बृहस्पतिवार को कहा कि सरकार खुदरा विक्रेताओं को वायदा एवं विकल्प (एफ एंड ओ) खंड में कारोबार करने से नहीं रोक सकती, लेकिन ऐसे उत्पादों में पैसा लगाने से जुड़े जोखिमों के बारे में जागरूक जरूर करेगी।*

सेबी चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय द्वारा निफ्टी और सेंसेक्स में साप्ताहिक डेरिवेटिव अनुबंधों को बंद करने से इनकार करने के कुछ दिनों बाद आया है। वायदा एवं विकल्प खंड (डेरिवेटिव) पर सरकार के रुख के बारे में पूछे गए एक सवाल का जवाब देते हुए, सीतारमण ने कहा कि सरकार 'एफएंडओ कारोबार के दरवाजे बंद करने के लिए नहीं है, लेकिन वह लोगों को डेरिवेटिव में शामिल जोखिमों के बारे में जागरूक कर सकती है।''

### निवेशक शामिल होने से पहले जोखिम को समझे

इस खंड में खुदरा विक्रेताओं को काफी नुकसान की विभिन्न रिपोर्ट के बीच उन्होंने यह बात कही। उन्होंने एसबीआई 'बैंकिंग एंड इकॉनमिक्स' सम्मेलन में कहा, ''साथ ही, निवेशकों की भी जिम्मेदारी है कि वे इसमें शामिल जोखिमों को समझें। सीतारमण ने एफएंडओ खंड में खुदरा विक्रेताओं के कारोबार के मामले से निपटने के लिए




- निफ्टी व सेंसेक्स में अनुबंध बंद करने से भी किया इंकार
- कारोबार के मामले से निपटने के लिए सुझाव भी मांगे
- वर्ष 2024-25 में एक लाख करोड़ रुपए से अधिक का नुकसान हुआ

*सट्टेबाजी पर अंकुश लगाने उपाय पेश किए थे : भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने पिछले साल नवंबर में डेरिवेटिव कारोबार में अत्यधिक सट्टेबाजी पर अंकुश लगाने के लिए उपाय पेश किए थे। वायदा अनुबंध के तहत खरीदार और विक्रेता एक पूर्व निर्धारित भविष्य की तिथि और मूल्य पर लेन-देन करने के लिए सौदा करते हैं और वे उसके लिए बाध्य होते हैं।*

*अनुबंध बेचने का अधिकार होता है पर बाध्यता नहीं*

*विकल्प सौदों के तहत अनुबंध धारक को एक निश्चित अवधि के भीतर एक निर्धारित मूल्य पर परिसंपत्ति खरीदने या बेचने का अधिकार होता हैं, लेकिन बाध्यता नहीं होती। इन वित्तीय साधनों का उपयोग जोखिमों से बचाव, मूल्य पर सट्टा लगाने और विभिन्न बाजारों में मूल्य निर्धारण (आर्बिट्रेज ट्रेडिंग) अंतर के लिए किया जाता है। हालांकि, इनमें महत्वपूर्ण जोखिम भी होते हैं, जिससे भारी नुकसान हो सकता है।*

### देश को वैश्विक स्तर के बैंकों की जरूरत

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि देश को बड़े और वैश्विक स्तर के बैंकों की जरूरत है और इस संबंध में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) और बैंकों के साथ बातचीत जारी है। सीतारमण ने वित्तीय संस्थानों से उद्योग जगत के लिए कर्ज प्रवाह को बढ़ाने और व्यापक बनाने का आग्रह किया। साथ ही उन्होंने भरोसा जताया कि माल एवं सेवा कर (जीएसटी) दरों में कटौती से मांग बढ़ेगी और इससे कुल मिलाकर निवेश बढ़ेगा।

### सरकार का मुख्य जोर बुनियादी ढांचे के निर्माण पर

वित्त मंत्री ने कहा, ''देश को कई बड़े और विश्वस्तरीय बैंकों की जरूरत है...। सरकार इस पर विचार कर रही है और काम शुरू हो चुका है। हम आरबीआई और बैंकों के साथ इस पर चर्चा कर रहे है।'' सीतारमण ने यह भी कहा कि सरकार का मुख्य जोर बुनियादी ढांचे के निर्माण पर है और पिछले दशक में पूंजीगत व्यय में पांच गुना वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि सरकार ने 2014 से व्यापार को सुगम बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण सुधारों को आगे बढ़ाया है।

### 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाल गया

सीतारमण ने कहा कि सरकार ने प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के माध्यम से चार लाख करोड़ रुपये से अधिक की बचत की और पिछले दशक में 25 करोड़ लोगों को बहुआयामी गरीबी से बाहर निकाला गया। उन्होंने कहा कि सरकार प्रौद्योगिकी की अगुवाई में वृद्धि पर जोर दे रही है। डेटा (इंटरनेट) की लागत आज कम होकर 10 रुपये प्रति जीबी पर आ गयी है जो 2014 में 300 रुपये प्रति जीबी थी।

# सोना 600 रुपये उछला, चांदी भी चमकी

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली



- सोना बढ़कर हुआ 1,24,700 रुपए प्रति 10 ग्राम पर
- चांदी में आई 1,800 रुपए की तेजी

व्यापारियों की ताजा लिवाली और मजबूत वैश्विक संकेतों के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत दो दिनों की गिरावट के बाद बृहस्पतिवार को 600 रुपये बढ़कर 1,24,700 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई।

अखिल भारतीय सराफा संघ ने बताया कि 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत भी 600 रुपये बढ़कर 1,24,100 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गई। मंगलवार को यह 1,23,500 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। स्थानीय सराफा बाजार में, पिछले बाजार सत्र में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,24,100 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। बृहस्पतिवार को चांदी की कीमतें 1,800 रुपये बढ़कर 1,53,300 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गईं।

# श्री एम. एन. गोयल ने एनएफएल के निदेशक तकनीकी का पदभार संभाला



**नोएडा।** श्री एम. एन. गोयल ने नेशनल फर्टिलाइज़र्स लिमिटेड (एनएफएल) के निदेशक (तकनीकी) का पदभार ग्रहण कर लिया है। इससे पहले, वे एनएफएल की नंगल इकाई के कार्यकारी निदेशक थे। श्री गोयल गुरु नानक देव इंजीनियरिंग कॉलेज, लुधियाना से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में स्नातक हैं और रुड़की विश्वविद्यालय (अब आईआईटी रुड़की) से इंजीनियरिंग में स्नातकोत्तर हैं, जहाँ उन्हें विश्वविद्यालय पदक से भी सम्मानित किया गया। प्रक्रिया संयंत्र रखरखाव और परियोजना निष्पादन में उनके पास 33 वर्षों से अधिक का समृद्ध अनुभव है और उन्होंने एनएफएल की बठिंडा, पानीपत और नंगल इकाइयों में विभिन्न प्रमुख पदों पर कार्य किया है। 2018 में भारतीय उर्वरक संघ द्वारा प्रथम पुरस्कार से सम्मानित, श्री गोयल के नाम कई तकनीकी उपलब्धियां दर्ज हैं।

# शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन रही गिरावट

एजेंसी ▸▸| मुंबई



विदेशी पूंजी की लगातार निकासी और निजी क्षेत्र के आईसीआईसीआई बैंक में बिकवाली के बीच बृहस्पतिवार को स्थानीय शेयर बाजार बेहद उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में गिरकर बंद हुए। सेंसेक्स में 148 अंक की गिरावट रही जबकि निफ्टी 88 अंक नीचे आ गया। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 148.14 अंक की गिरावट के साथ 83,311.01 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान इसने 83,846.35 के उच्चतम और 83,237.65 के निम्नतम स्तर को छुआ। निफ्टी 87.95 अंक यानी 0.34 प्रतिशत की गिरावट के साथ 25,509.70 अंक पर बंद हुआ। यह मानक सूचकांकों में गिरावट का लगातार दूसरा दिन रहा। मंगलवार को भी सेंसेक्स और निफ्टी में खासी गिरावट आई थी। बुधवार को बाजार 'गुरु नानक जयंती' पर बंद रहे थे। बृहस्पतिवार को सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से पावर ग्रिड में सर्वाधिक 3.15 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। इटर्नल में 2.44 प्रतिशत, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स में 1.67 प्रतिशत और बजाज फाइनेंस में 1.45 प्रतिशत की गिरावट रही।

## श्री दुर्गाजनसेवा ट्रस्ट किराड़ी मैथिली भोजपुरी अकादमी ने दिल्ली सरकार संग मनाया छठा सामा चकेवा महोत्सव

**नई दिल्ली।** दिल्ली किराड़ी विधानसभा के प्रेमनगर हिंदी विहार लक्ष्मी विहार में श्री दुर्गा जनसेवा ट्रस्ट के द्वारा छठा सामा चकेवा महोत्सव कार्यक्रम मनाया गया जहां क्षेत्र के हजारों लोग सम्मिलित हुए यह त्यौहार भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक है और यह मिथिलांचल का लोकप्रिय त्यौहार है जिसको अब दिल्ली जैसे बड़े शहरों में भी लोग बड़ी धूमधाम से मनाते हैं। श्री दुर्गा जनसेवा ट्रस्ट संस्थापक श्री राम दयाल महतो के द्वारा, हर वर्ष दुर्गा पूजा रामलीला महोत्सव एवं छठ महापर्व का आयोजन भी किया जाता रहा है। बिहार के मिथिलांचल में सामा-चकेवा का खास महत्व है. यह पर्व छठ के साथ ही शुरू हो जाता है और धूमधाम से मनाने की परंपरा है. इस पर्व को भाई-बहन के प्यार के तौर पर मनाया जाता है. इसको लेकर मूर्तिकारों के द्वारा सामा-चकेवा के साथ सतभैया, चुगला जैसे जुड़ी तमाम मूर्तियों का निर्माण किया जाता है. सामा-चकेवा पर्व का संबंध पर्यावरण से भी माना जाता है. पारंपरिक लोकगीतों से जुड़ा सामा-चकेवा मिथिला संस्कृति की वह खासियत है, जो सभी समुदायों के बीच व्याप्त जड़ बाधाओं को तोड़ता है. आठ दिनों तक यह उत्सव मनाया जाता है और नौवें दिन बहनें अपने भाइयों को धान की नयी फसल का चूड़ा एवं दही खिला कर सामा-चकेवा की मूर्तियों को तालाब में विसर्जित कर देते हैं। पौराणिक कथाओं के मुताबिक, भगवान कृष्ण की पुत्री श्यामा और पुत्र शाम्भ के बीच अपार स्नेह था. कृष्ण की पुत्री श्यामा ऋषि कुमार चारूदत्त से ब्याही गयी थी. श्यामा ऋषि मुनियों की सेवा करने बराबर उनके आश्रमों में जाया करती थी. भगवान कृष्ण के मंत्री चुरक को रास नहीं आया और उसने श्यामा के विरूद्ध राजा से शिकायत करना शुरू कर दिया।

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम **अमित पुत्रः** हरि **पताः** सी-488, रघबीर नगर ख्याला, नई दिल्ली, ने **FIR No. 675/23 U/s 379/411/34 IPC थानाः विकासपुरी, दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अमित,** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अमित,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 675/23 U/s 379/411/34 IPC थानाः विकासपुरी, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **अमित,** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **20.12.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री ऋषभ कपूर
जेएमएफसी-05, कमरा संख्या 09
द्वारका न्यायालय, नई दिल्ली

DP/14992/WD/2025
(Court Matter)

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr. P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त आरोपी **गुलशन कुमार, पुत्र** सुभाष **पताः** मकान नं. जे-56 संजय नगर राज नगर सेक्टर 23 गाजियाबाद, **उत्तर प्रदेश FIR No: 278/2016, U/S: 498-A/406/34 IPC, पुलिस थानाः नंद नगरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **गुलशन कुमार,** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **गुलशन कुमार,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **गुलशन कुमार, FIR No: 278/2016, U/S: 498-A/406/34 IPC, पुलिस थानाः नंद नगरी, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **08.12.2025** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
निधि बाला
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी, महिला कोर्ट-03
कमरा नंबर 08 द्वितीय तल, शाहदरा जिला
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/14865/NE/2025
(Court Matter)

## राशिफल

**मेष:** किसी अज्ञात भय से परेशान रहेंगे। परिवार के स्वास्थ का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा।

**वृष:** शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

**मिथुन:** व्यर्थ के झगड़े एवं विवादों से बचें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सुधार होगा। आत्मसंयत रहें। पठन-पाठन में रुचि रहेगी।

**कर्क:** आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी।

**सिंह:** रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। किसी राजनेता से भेंट हो सकती है।

**कन्या:** धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कारोबार में भागदौड़ बढ़ सकती है। कार्यक्षेत्र में कुछ कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है।

**तुला:** क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। धन की स्थिति में सुधार होगा।

**वृश्चिक:** धन की स्थिति में सुधार आएगा। वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे।

**धनु:** वाणी में मधुरता रहेगी। धैर्यशीलता बनाये रखें। कुछ पुराने मित्रों से भेंट हो सकती है। आलस्य की अधिकता रहेगी। दिनचर्या अव्यवस्थित हो सकती है।

**मकर:** लाभ के अवसर मिलेंगे। परिश्रम अधिक रहेगा। वाणी में मधुरता रहेगी। धैर्यशीलता बनाये रखें। परिश्रम की अधिकता रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कुंभ:** कारोबार में सुधार होगा। लाभ में वृद्धि होगी। किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जाने का कार्यक्रम बन सकता है। सेहत का ध्यान रखें।

**मीन:** आय में वृद्धि होगी। माता से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। दिनचर्या अव्यवस्थित रहेगी। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। बातचीत में सन्तुलित रहें।

## भारतीय एमएसएमई की उत्पादकता सीमितः डेलॉइट

**नई दिल्ली।** भारत के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) देश की आर्थिक प्रगति के मजबूत स्तंभ हैं, जो रोजगार, उत्पादन और निर्यात वृद्धि में अहम भूमिका निभाते हैं। यह क्षेत्र भारत के जीडीपी में लगभग 30 प्रतिशत, निर्यात में 45 प्रतिशत का योगदान देता है और 24 करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार प्रदान करता है। डेलॉइट इंडिया के एक नवीनतम अध्ययन के अनुसार, भारतीय एमएसएमई की उत्पादकता में अब भी गंभीर अंतर बना हुआ है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत के एमएसएमई की उत्पादकता बड़ी कंपनियों की तुलना में केवल 18 प्रतिशत है, जबकि ओईसीडी देशों में यह 45-70 प्रतिशत के बीच है। यही अंतर भारतीय एमएसएमई की वैश्विक प्रतिस्पर्धा को सीमित करता है। भारत का एमएसएमई क्षेत्र अब भी कई संरचनात्मक और दीर्घकालिक चुनौतियों का सामना कर रहा है, जिनमें औपचारिक ऋण तक सीमित पहुँच, पुरानी तकनीक, नियामकीय जटिलताएँ और बुनियादी ढाँचे से जुड़ी बाधाएँ शामिल हैं," डॉ. रुमकी मजूमदार, इकोनॉमिस्ट, डेलॉइट इंडिया ने

## के.आर. मंगलम विवि वार्षिक उत्सव 'आइडियाज़ 3.0' के पहले दिन नवाचार


**गुरुग्राम।** के.आर. मंगलम विश्वविद्यालय, गुरुग्राम के वार्षिक नवाचार एवं रचनात्मकता महोत्सव'आइडियाज 3.0'के पहले दिन परिसर उत्साह, जोश और सृजनशील ऊर्जा से भर उठा। इस दो दिवसीय आयोजन के पहले दिन विश्वविद्यालय परिसर में लगभग8,000 से अधिक विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं आगंतुकोंने भाग लिया और नवाचार, उद्यमिता एवं सांस्कृतिक विविधता का उत्सव मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभडी ब्लॉक मंचपर हुआ, जिसका उद्घाटनमाननीय श्री न्यायमूर्ति यू.यू. ललित, भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश, एवंप्रो. (डॉ.) राज नेहरू, विशेष कार्य अधिकारी (ओएसडी), मुख्यमंत्री, हरियाणा सरकारद्वारा किया गया। विश्वविद्यालय ने अन्य विशिष्ट अतिथियों का भी स्वागत किया, जिनमेंडॉ. मनोज धर, निदेशक, एकेडमी ऑफ साइंटिफिक एंड इनोवेटिव रिसर्च ; प्रो. (डॉ.) एस.एस. अग्रवाल, एमेरिटस साइंटिस्ट एवं सलाहकार, सी-डैक (नोएडा); श्री ताकाशी सुजुकी, मुख्य महानिदेशक, जेईटीआरओ इंडिया; एवंप्रो. अशोक ऐमा, पूर्व कुलपति, सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ जम्मूशामिल रहे। अपने स्वागत भाषण मेंप्रो. रघुवीर सिंह, कुलपति, के.आर. मंगलम विश्वविद्यालय, ने कहा कि 'आइडियाज 3.0' विश्वविद्यालय की उस दृष्टि को अभिव्यक्त करता है।

**PUBLIC NOTICE**

My husband Late Sh. Mahender Kumar Verma S/o Sh. Ram Saroop Verma R/o, E-167, Block-E, Shastri Nagar North West, Delhi-110052, had purchased Flat No.-0208, in tower SOCRATES 2, CZAR Suites project, situated at Plot No - GH02, Sector-Omicron, Greater Noida West, Gautam Buddha Nagar, Uttar Pradesh - 201308, after his death, I requested M/s Supertech Limited to transfer the said flat on my name alone, if anybody has any objection, he/she may contact M/s Supertech Limited office at Supertech E-Square, Plot No C2, Sector 96, Noida, Uttar Pradesh, India 201303 within 15 days of the published notice

Mrs, Usha Verma
W/o Late Mahender Kumar Verma

## शब्द पहेली - 6040




**बाएँ से दाएँ**


1.राजीव गांधी की पत्नी का नाम-3,2
4.उदारता,बडप्पन-4
7.भोजन,खाद्य पदार्थ-2
8.प्रहरी,रक्षा करने वाला-3
9.अपशिष्ट पदार्थ-2
10.कामदेव,चंद्रमा-4
11.नाड़ी,नस-2
13.जबरन,जबरदस्ती-3
14.वायदा,वचन-2
15.भवन,आलय-3
17.आर्ट,हुनर-2
19.ख्वाबगाह, आरामगाह, सोने का कमरा-5
22.उद्देश्यहीनता-5
25.परिणाम-2
26.अंजन,नेत्रांजन-3
28.सांझ,संध्या-2
29.अधीन-3
30.निश्चित-2
32.निष्ठावान,सत्तानिष्ठ-4
34.बेइमान,सेंधमार-2
36.दाम,मूल्य-3
37.एक छोटी सवारी गाड़ी-2
38.मुस्लिम कैलेंडर का एक महीना-4
39.अश्रु,आंसू-5

**ऊपर से नीचे**

1.स्वर्ण,कनक-2
2.गुजर करना-3
3.धैर्यवान-3,2
4.राशिचक्र की एक राशि-3
5.आंशिक भीगा हुआ-2
6.सामंजस्य-4
7.यायावर,बंजारा-5
10.चुनाव,वोटिंग-4
12.दुख,कष्ट-2
16.यज्ञ,होम-3
17.कमरा,रूम-2
18.उम्मीद,आस-2
20.जुड़वा-3
21.प्याला-2
22.हृदय,हार्ट-2
23.निकृष्टतर-4
24.बलवान,दमदार-5
25.स्वदेशवासी-5
26.आलसी,निठल्ली-4
27.बुरी आदत-2
31.भरोसा,विश्वास-3
33.आंचल,पल्लू-3
35.अंग्रेजी शराब का एक प्रकार-2
37.समय, वक्त-2

### शब्द पहेली -6039 का हल





# विमेंस प्रीमियर लीग 2026: सभी टीमों ने जारी की रिटेंशन सूची, इन खिलाड़ियों को किया गया रिटेन

एजेंसी ▸▸| मुंबई

विमेंस प्रीमियर लीग के आगामी संस्करण के लिए सभी टीमों ने रिटेन किए गए खिलाड़ियों की सूची जारी कर दी है। गत विजेता मुंबई इंडियंस ने कप्तान हरमप्रीत कौर समेत अपने प्रमुख खिलाड़ियों को बरकरार रखा है। इसी क्रम में सभी टीमों ने अपने-अपने जरूरत के हिसाब से खिलाड़ियों पर दांव लगाया और बाकी खिलाड़ियों को रिलीज किया है। नीलामी 27 नवंबर को दिल्ली में होने की संभावना है। ऐसे में आइए टीमों द्वारा रिटेन किए गए खिलाड़ियों पर एक नजर डाल लेते हैं।

### टीमों ने इन खिलाड़ियों को किया रिटेन

दिल्ली कैपिटल्सः एनेबेल सदरलैंड, मारिजैन कप्प, जेमिमा रोड्रिगेज, शफाली वर्मा और निकी प्रसाद। मुंबई इंडियंसः हरमनप्रीत कौर, नैट साइवर-ब्रंट, अमनजोत कौर, जी कमिलिनी और हेली मैथ्यूज। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरुः स्मृति मंधाना, एलिस पेरी, ऋचा घोष और श्रेयंका पाटिल। गुजरात जायंट्सः एश्ले गार्डनर और बेथ मूनी। यूपी वॉरियर्सः श्वेता सहरावत। यूपी की टीम ने सिर्फ 1 और गुजरात ने सिर्फ 2 खिलाड़ियों को रिटेन किया है। डीसी की टीम और एमआई की टीम ने 5-5 खिलाड़ियों को रिटेन किया है।



### रिटेन किए गए खिलाड़ियों को मिलेंगे इतने पैसे

प्रीमियर लीग की नीलामी के लिए प्रत्येक फ्रेंचाइजी को 15 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की गई है। बोर्ड ने रिटेंशन नियमों के साथ खिलाड़ियों की श्रेणीवार कीमतें भी तय की हैं। रिटेन किए गए खिलाड़ी 1 के लिए 3.5 करोड़, खिलाड़ी 2 के लिए 2.5 करोड़, खिलाड़ी 3 के लिए 1.75 करोड़, खिलाड़ी 4 के लिए 1 करोड़ और खिलाड़ी 5 के लिए 50 लाख रुपये।

### अन्य टीमों के पास बचे इतने पैसे

यूपी वॉरियर्स ने श्वेता को बतौर अनकैप्ड खिलाड़ी रिटेन किया है, जिसके चलते उनके पास सबसे बड़ा 14.5 करोड़ रुपये का पर्स और 4 आरटीएम कार्ड होंगे। गुजरात जायंट्स के पास केवल भारतीय खिलाड़ियों के लिए 3 आरटीएम कार्ड और 9 करोड़ रुपये का पर्स रहेगा। वहीं, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के पास एक आरटीएम कार्ड और 6.25 करोड़ रुपये शेष रहेंगे।

### इन बड़े खिलाड़ियों को टीमों ने किया रिलीज

ऑस्ट्रेलिया की कप्तान एलिसा हीली और मेग लैनिंग के साथ न्यूजीलैंड की ऑलराउंडर अमेलिया कर को उनकी टीमों ने रिलीज कर दिया है। ये सभी खिलाड़ी नीलामी पूल में शामिल होंगी। बड़े नामों में भारतीय महिला क्रिकेट टीम की दीप्ति शर्मा भी शामिल हैं, जिन्होंने विश्व कप में 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' का पुरस्कार जीता था। दीप्ति ने 2025 संस्करण में हीली की गैरमौजूदगी में यूपी वॉरियर्स की कप्तानी भी की थी।

### डीसी और एमआई के पर्स में बचे इतने पैसे

पांच खिलाड़ियों को रिटेन करने वाली टीम के पास 9.25 करोड़ रुपये बचे हैं। 4 खिलाड़ियों के रिटेंशन पर 8.75 करोड़, 3 पर 7.75 करोड़, 2 पर 6 करोड़ और 1 खिलाड़ी पर 3.5 करोड़ रुपये की कटौती होगी। इस तरह, डीसी और एमआई के पास अपनी टीम बनाने के लिए 5.75-5.75 करोड़ रुपये बचेंगे। दोनों टीमों के पास राइट टू मैच कार्ड उपलब्ध नहीं होंगे और उन्हें 16 से 18 खिलाड़ियों का दल तैयार होगा।

### मलोलन रंगराजन को आरसीबी ने बनाया अपना मुख्य कोच

**नई दिल्ली।** मलोलन रंगराजन को आगामी विमेंस प्रीमियर लीग संस्करण के लिए रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का नया मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। वे ल्यूक विलियम्स की जगह लेंगे, जो 2024 से इस पद पर थे। इस संस्करण की शुरुआत जनवरी 2026 में होनी है, जबकि उसी समय विलियम्स बिग बैश लीग में एडिलेड स्ट्राइकर्स के मुख्य कोच के रूप में अपनी जिम्मेदारी निभाएंगे। ऐसे में आइए पूरी खबर पर नजर डालते हैं।



**कौन है रंगराजन ?**

रंगराजन तमिलनाडू क्रिकेट टीम के लिए घरेलू क्रिकेट खेलते थे। वह पिछले छह सालों से आरसीबी की फ्रेंचाइजी से जुड़े हुए हैं और इस दौरान उन्होंने कई अहम भूमिकाएं निभाई हैं। पिछले 2 वर्षों से वे महिला टीम के सहायक कोच की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। अपने अनुभव और रणनीतिक समझ के दम पर उन्होंने टीम के प्रदर्शन को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है, जिसके चलते अब उन्हें मुख्य कोच का पद सौंपा गया है।

## खबर संक्षेप



### न्यूजीलैंड ने दूसरे टी-20 में वेस्टइंडीज को हराया

**ईडन पार्क।** न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम ने दूसरे टी-20 मैच में वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम को 3 रन से हराते हुए सीरीज में फिलहाल 1-1 से बराबरी हासिल की। ईडन पार्क में कीवी टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए मार्क चैपमैन के अर्धशतक (78) की मदद से 207/5 का स्कोर बनाया। जवाब में कैरेबियाई टीम पूरे ओवर खेलने के बाद 204/8 का स्कोर ही बना सकी।
इस तरह से रोमांचक रहा मुकाबला न्यूजीलैंड से डेवोन कॉनवे (16) और रचिन रविंद्र (11) जल्दी आउट हुए। इसके बाद टिम रॉबिन्सन (39) और चैपमैन (78) ने तेजी से बल्लेबाजी की। आखिरी ओवरों में डेरिल मिचेल (28*) और मिचेल सैंटनर (18*) ने टीम का स्कोर 200 के पार पहुंचाया। जवाब में ब्रैंडन किंग शून्य पर आउट हुए। वहीं, एलिक एथानेज (33) और शाई होप (24) बड़ी पारी नहीं खेल सके। इनके बाद रोवमैन पॉवेल (45) और रोमारियो (34) ने संघर्ष किया, लेकिन जीत नहीं दिला सके।

### कमिंस की निगाह दूसरे एशेज टेस्ट में वापसी पर



**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस दूसरे एशेज टेस्ट के लिए वापसी करने की राह पर हैं, लेकिन उन्होंने स्वीकार किया कि मैचों के बीच कम अंतराल को देखते हुए वह इंग्लैंड के खिलाफ सभी अंतिम चारों मैच में नहीं खेल पाएंगे। कमिंस पीठ की चोट के कारण 21 नवंबर से पर्थ में शुरू होने वाले पहले टेस्ट मैच में नहीं खेल पाएंगे। उनकी अनुपस्थिति में ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी स्टीव स्मिथ करेंगे। हालांकि उम्मीद की जा रही है कि वह पहले टेस्ट तक पूरी ताकत से गेंदबाजी करने लगेंगे। दूसरा टेस्ट मैच चार दिसंबर से ब्रिस्बेन में खेला जाएगा और उससे पहले ही उनकी वापसी पर फैसला होगा। कमिंस ने गुरुवार को क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू से कहा मैं वास्तव में अच्छी तरह से तैयार हो रहा हूं और पहले टेस्ट मैच के दौरान मुझे सही तरह से पता चल जाएगा कि मैं किस स्थिति में हूं।

### स्वियातेक को हराकर अनिसिमोवा अंतिम-4 में



**रियाद।** अमांडा अनिसिमोवा ने पहला सेट टाइब्रेकर में गंवाने के बाद शानदार वापसी करते हुए विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर काबिज इगा स्वियातेक को 6-7 (3), 6-4, 6-2 से हराकर डब्ल्यूटीए फाइनल्स टेनिस टूर्नामेंट के अंतिम चार में प्रवेश किया। अमेरिका की इस 24 वर्षीय खिलाड़ी ने विंबलडन के फाइनल में पोलैंड की खिलाड़ी से 6-0, 6-0 से हारने के बाद स्वियातेक पर लगातार दूसरी जीत हासिल की।

## आखिरी ओवरों में अक्षर ने बनाए 21 रन, बने प्लेयर ऑफ द मैच

# भारत ने चौथे टी-20 में ऑस्ट्रेलिया को 48 रन से हराया, सीरीज में बनाई 2-1 से बढ़त

एजेंसी ▸▸| कैरारा गोल्ड कोस्ट

भारतीय क्रिकेट टीम ने चौथे टी-20 मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम को 48 रन से हरा दिया। इसी के साथ 5 मैचों की सीरीज में टीम ने 2-1 से बढ़त ले ली है। सीरीज का पहला मुकाबला बारिश के कारण रद्द हो गया था। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम ने 167/8 का स्कोर बनाया था। जवाब में ऑस्ट्रेलिया की टीम 119 रन ही बना पाई। ऐसे में आइए मैच में बने रिकॉर्ड्स पर एक नजर डालते हैं।

### मैच का लेखा-जोखा

मुकाबले में कंगारू टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। भारतीय टीम के लिए शुभमन गिल ने सबसे बड़ी 46 रनों की पारी खेली। उन्होंने 39 गेंदों का सामना करते हुए ये रन बनाए। आखिरी ओवरों में अक्षर पटेल ने तेज 21 रन बनाए। नाथन एलिस और एडम जैम्पा ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 3-3 विकेट लिए। जवाब में ऑस्ट्रेलिया के लिए कोई बड़ी पारी नहीं खेल पाया। अक्षर, वाशिंगटन सुंदर और शिवम दुबे ने 2-2 विकेट लिए।



### एलिस ने टी-20 अंतरराष्ट्रीय करियर में पूरे किए 50 विकेट

एलिस ने अपने टी-20 अंतरराष्ट्रीय करियर में 50 विकेट पूरे कर लिए। उन्होंने अपना पहला मुकाबला साल 2021 में बांग्लादेश क्रिकेट टीम के खिलाफ खेला था। इस खिलाड़ी ने अब तक 31 मुकाबले खेले हैं और इसकी 31 पारियों में 17.48 की उम्दा औसत से 50 विकेट लिए हैं। उन्होंने 1 बार 4 विकेट हॉल भी लिया है और उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 4/28 का रहा है। उन्होंने अपने करियर में सबसे ज्यादा विकेट (16) भारत के खिलाफ ही लिए हैं।

### जैम्पा ने हारिस रऊफ को छोड़ा पीछे

जैम्पा के टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 134 विकेट हो गए हैं। उन्होंने 107 मुकाबलों की 105 पारियों में ये विकेट लिए हैं। वह इस प्रारूप में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले खिलाड़ियों में 8वें स्थान पर हैं। इस खिलाड़ी ने पाकिस्तान क्रिकेट टीम के हारिस रऊफ को पीछे छोड़ा है। रऊफ ने 94 मुकाबले खेले हैं और 21.10 की औसत से 133 विकेट अपने नाम किए हैं। इस सूची में 182 विकेट के साथ पहले स्थान पर राशिद खान हैं।

### अक्षर ने किया शानदार ऑलराउंडर प्रदर्शन

अक्षर ने मैच में शानदार ऑलराउंडर प्रदर्शन किया। पहले उन्होंने आखिरी ओवरों में ताबड़तोड़ 11 गेंदों में 21 रन बनाए। उनके बल्ले से 1 चौका और 1 छक्का निकला। उनकी स्ट्राइक रेट 190.91 की रही। इसके बाद गेंदबाजी में भी अक्षर छा गए। उन्होंने अपने कोटे के 4 ओवर में सिर्फ 20 रन खर्च किए और 2 बल्लेबाजों को पवेलियन भेजा। उनकी इकॉनमी 5 की रही। अक्षर ने मैथ्यू शॉर्ट (25) और जोश इंग्लिश (12) को अपना शिकार बनाया।

### स्कोर बोर्ड

| भारत | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| अभिषेक शर्मा का डेविड बो जंपा | 28 | 21 | 3 | 1 |
| शुभमन गिल बो एलिस | 46 | 39 | 4 | 1 |
| शिवम दुबे बो एलिस | 22 | 18 | 1 | 1 |
| सूर्यकुमार यादव का डेविड बो बार्टलेट | 20 | 10 | 0 | 2 |
| तिलक वर्मा का इंग्लिस बो जंपा | 05 | 06 | 0 | 0 |
| जितेश शर्मा पगबाधा बो जंपा | 03 | 04 | 0 | 0 |
| वाशिंगटन का कुनहेमन बो एलिस | 12 | 07 | 2 | 0 |
| अक्षर पटेल नाबाद | 21 | 11 | 1 | 1 |
| अर्शदीप का फिलिप बो स्टोइनिस | 00 | 03 | 0 | 0 |
| वरुण चक्रवर्ती नाबाद | 01 | 01 | 0 | 0 |

अतिरिक्त: 09 कुल: 20 ओवर में 167/8 रन
**गेंदबाजी:** इवारशुइस 4-0-31-0, बार्टलेट 4-0-26-1 एलिस 4-0-21-3, स्टोइनिस 4-0-41-1, जंपा 4-0-45-3

| ऑस्ट्रेलिया | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| मिचेल मार्श का अर्शदीप बो दुबे | 30 | 24 | 4 | 0 |
| मैथ्यू शॉर्ट पगबाधा बो अक्षर | 25 | 19 | 2 | 2 |
| जोश इंग्लिस बो अक्षर | 12 | 11 | 2 | 0 |
| टिम डेविड का सूर्यकुमार बो दुबे | 14 | 09 | 1 | 1 |
| जोश फिलिप का चक्रवर्ती बो अर्शदीप | 10 | 10 | 1 | 0 |
| मार्कस पगबाधा बो वाशिंगटन | 17 | 19 | 2 | 0 |
| ग्लेन मैक्सवेल बो चक्रवर्ती | 02 | 04 | 0 | 0 |
| बेन इवारशुइस बो बुमराह | 05 | 07 | 0 | 0 |
| जेवियर बार्टलेट का एवं बो वाशिंगटन | 00 | 01 | 0 | 0 |
| नाथन एलिस नाबाद | 02 | 05 | 0 | 0 |
| एडम जंपा का गिल बो वाशिंगटन | 00 | 01 | 0 | 0 |

अतिरिक्त: 02, कुल: 18.2 ओवर में 119/10 रन
गेंदबाजी: अर्शदीप 3-0-22-1, बुमराह 4-0-27-1, चक्रवर्ती 4-0-26-1, अक्षर 4-0-20-2, दुबे 2-0-20-2, वाशिंगटन 1.2-0-3-3

## पैरा तीरंदाज शीतल देवी ने नया कीर्तिमान स्थापित किया, भारत की एशिया कप सक्षम टीम में जगह बनाई

**नई दिल्ली (भाषा)।** जन्म से ही भुजाहीन पैरा तीरंदाज शीतल देवी ने बृहस्पतिवार को एक और उपलब्धि हासिल करते हुए जेद्दा में होने वाले आगामी एशिया कप चरण तीन के लिए भारत की सक्षम जूनियर टीम में जगह बनाई। पिछले साल नवंबर में ही अमिताभ बच्चन के 'कौन बनेगा करोड़पति' शो में शीतल ने एक इच्छा व्यक्त की थी 'एक दिन सक्षम एथलीटों के साथ प्रतिस्पर्धा करना'। ठीक एक साल बाद उनका यह सपना साकार हो गया। विश्व कंपाउंड चैंपियन शीतल के लिए एक सक्षम अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए भारतीय टीम में शामिल होना एक और ऐतिहासिक उपलब्धि है। शीतल ने टीम की घोषणा के बाद सोशल मीडिया पर लिखा, ''जब मैंने प्रतिस्पर्धा शुरू की थी तो मेरा एक छोटा सा सपना एक दिन सक्षम तीरंदाजों के साथ प्रतिस्पर्धा करना था। शुरुआत में मैं इसमें सफल नहीं हो पाई, लेकिन मैं हर असफलता से सीखते हुए आगे बढ़ती रही। आज वह सपना एक कदम और करीब आ गया है।'' पेरिस पैरालंपिक 2024 में



मिश्रित टीम कंपाउंड स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने वाली शीतल ने तुर्की की पेरिस पैरालंपिक चैंपियन ओजनूर क्यूर गिर्डी से प्रेरणा ली जो विश्व स्तर पर सक्षम तीरंदाजों की स्पर्धाओं में भी भाग लेती हैं। देश भर के 60 से ज्यादा सक्षम तीरंदाजों के बीच समान परिस्थितियों में प्रतिस्पर्धा करते हुए जम्मू-कश्मीर की 18 वर्षीय तीरंदाज शीतल सोनीपत में हुए चार दिवसीय राष्ट्रीय चयन ट्रायल में तीसरे स्थान पर रहीं। शीतल ने क्वालीफिकेशन दौर में 703 अंक हासिल किए (पहले दौर में 352 और दूसरे दौर में 351) जो शीर्ष क्वालीफायर तेजल साल्वे के कुल अंक के बराबर स्कोर था। फाइनल रैंकिंग में तेजल (15.75 अंक) और वैदेही जाधव (15 अंक) ने शीर्ष दो स्थान हासिल किए जबकि शीतल ने 11.75 अंक के साथ तीसरा स्थान हासिल किया।

### शतरंज विश्व कप : गुजरात तीसरे दौर में, निहाल सरीन बाहर

**पणजी (गोवा) (भाषा)।** ग्रैंडमास्टर विदित गुजरात ने बृहस्पतिवार को यहां फिडे शतरंज विश्व कप के दूसरे दौर में अर्जेंटीना के 12 वर्षीय ओरो फॉस्टिनो पर जीत दर्ज की जबकि निहाल सरीन यूनान के ग्रैंडमास्टर कोरकोलोस-आर्डिटिस स्टेमैटिस से हारकर बाहर हो गए। केरल के ग्रैंडमास्टर निहाल को इस टूर्नामेंट में अपनी छाप छोड़ने की उम्मीद थी लेकिन स्टेमैटिस ने लगातार उन पर दबाव बनाया जिससे इस भारतीय ने कई मौके मिलने के बावजूद बाजी गंवा दी। भारत को दिन में दूसरा सबसे बड़ा झटका अरविंद चितम्बरम के हारने से मिला जो हमवतन के वेंकटरमनन से पराजित हो गए। ग्रैंडमास्टर गुजराती ने कुछ मुश्किलों के बाद अंतिम 64 चरण में जगह बनाई। उन्होंने काले मोहरों से खेलते हुए फॉस्टिनो के खिलाफ पहला गेम ड्रॉ कराया जबकि दूसरे में जीत दर्ज की। विश्व जूनियर चैंपियन वी प्रणव भी नॉर्वे के आर्यन तारी को हराकर नॉकआउट टूर्नामेंट के अंतिम 64 चरण में पहुंच गए।

**टी-20 विश्व कप 2026**

## अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा फाइनल मुकाबला



एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम को टी-20 विश्व कप 2026 के फाइनल की मेजबानी के लिए चयनित किया गया है। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल जल्द ही टूर्नामेंट का शेड्यूल जारी कर सकती है।

रिपोर्ट के मुताबिक, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के अधिकारियों की बैठक में फैसला लिया गया कि इस बार विश्व कप 2023 की तुलना में कम शहरों में मैच खेले जाएंगे। हर जगह कम से कम 6 मुकाबले आयोजित किए जाएंगे। टूर्नामेंट की शुरुआत 2026 की शुरुआत में होने की संभावना है और बीसीसीआई ने शेड्यूल आईसीसी को भेजा है। गौरतलब है कि भारत और श्रीलंका मिलकर इस टूर्नामेंट की मेजबानी करने वाले हैं।

### इन स्टेडियम में होंगे मैच

बीसीसीआई ने टी-20 विश्व कप 2026 के लिए अहमदाबाद, दिल्ली, कोलकाता, चेन्नई और मुंबई को संभावित स्थलों के रूप में चयनित किया है। जानकारी के मुताबिक, श्रीलंका में भी 3 स्टेडियमों पर मैच खेले जाएंगे, हालांकि उनके नामों पर अभी स्पष्टता नहीं है। वहीं, बेंगलुरु और लखनऊ को मेजबान शहरों में शामिल किया जाएगा या नहीं इस पर भी फिलहाल कोई फैसला नहीं हुआ है। भारत और श्रीलंका मिलकर इस टूर्नामेंट की मेजबानी करने वाले हैं।

### ये टीमें होंगे शामिल

विश्व कप में हिस्सा लेने वाली सभी 20 टीमें निर्धारित हो गई हैं। मेजबान भारत,श्रीलंका के अलावा, पाकिस्तान, बांग्लादेश, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, वेस्टइंडीज, जिम्बाब्वे, अफगानिस्तान, नेपाल, ओमान, यूएई, इटली, नीदरलैंड, नामीबिया, अमेरिका, कनाडा और आयरलैंड की टीमें हिस्सा लेंगी। कनाडा, इटली,नीदरलैंड ने क्वालीफायर के जरिए अपनी जगह पक्की की है।

### भारत-पाकिस्तान के मुकाबले कोलंबो में होंगे

बीसीसीआई ने स्पष्ट किया है कि भारत और पाकिस्तान के बीच मैच पहले से हुए समझौते के अनुसार कोलंबो में खेला जाएगा। इसके तहत दोनों टीमें अपने लीग मैच किसी तीसरे देश में खेलेंगी। बीसीसीआई और पीसीबी ने चैंपियंस ट्रॉफी से पहले यह तय किया था कि अब वे एक-दूसरे के देशों की यात्रा नहीं करेंगे और तटस्थ मैदानों पर खेलेंगे। टूर्नामेंट की शुरुआत 2026 की शुरुआत में होने की संभावना है और बीसीसीआई ने शेड्यूल आईसीसी को भेजा है।

## चैंपियंस लीग : इंटर मिलान का विजय अभियान जारी, बार्सिलोना ने ड्रॉ खेला

एजेंसी ▸▸| मिलान

इंटर मिलान ने कजाकिस्तान के क्लब कैराट को 2-1 से हराकर चैंपियंस लीग फुटबाल टूर्नामेंट में अपना विजय अभियान जारी रखा लेकिन बार्सिलोना को क्लब ब्रुग ने ड्रॉ पर रोक दिया जबकि एर्लिंग हालैंड ने गोल करने का क्रम जारी रखा जिससे मैनचेस्टर सिटी ने बोरूसिया डॉर्टमुंड पर 4-1 से जीत हासिल की। पिछले वर्ष की उपविजेता इंटर के लिए लुटारो मार्टिनेज और कार्लोस ऑगस्टो ने प्रत्येक हाफ में एक गोल किया, जिससे वह इस प्रतियोगिता में बायर्न म्यूनिख और आर्सेनल के साथ चार मैचों में चार जीत हासिल करने वाली तीसरी टीम बन गई है।



### आत्मघाती गोल से स्कोर हुआ बराबर

बार्सिलोना ने क्लब ब्रुग के खिलाफ 3-3 से ड्रॉ रहे मैच में तीन बार पिछड़ने के बाद वापसी की। बेल्जियम में खेले गए इस मैच में बार्सिलोना को वापसी दिलाने में लामिन यामल का अहम योगदान रहा। उन्होंने 61वें मिनट में गोल किया और 77वें मिनट में उनके ही शॉट पर क्लब ब्रुग के मिडफील्डर क्रिस्टोस त्ज़ोलिस ने आत्मघाती गोल कर दिया जिससे स्कोर 3-3 हो गया।

## वर्ल्ड कप में शानदार प्रदर्शन का तोहफा, स्मृति बनीं प्लेयर ऑफ द मंथ

**दुबई।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने अक्टूबर महीने के प्लेयर ऑफ द मंथ के लिए भारतीय महिला क्रिकेट टीम की स्मृति मंधाना को नामांकित किया है। उनके साथ-साथ दक्षिण अफ्रीका महिला क्रिकेट टीम की लौरा वोल्वार्ड्ट और ऑस्ट्रेलिया की एश्ले गार्डनर नामित हुई हैं। दूसरी तरफ पुरुष वर्ग में दक्षिण अफ्रीका के सेनुरन मुथुसामी, पाकिस्तान के नोमान अली और अफगानिस्तान के राशिद खान नामांकित हुए हैं। मंधाना के लिए वनडे विश्व कप 2025 शानदार बीता। उन्होंने 9 मैचों की इतनी ही पारियों में 54.25 की औसत और लगभग 100 की स्ट्राइक रेट के साथ 434 रन बनाए। इस बीच उन्होंने 1 शतक और 2 अर्धशतक लगाए हैं। वह फाइनल मैच में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 45 रन बनाकर आउट हुई थी। दिलचस्प रूप से मंधाना विश्व कप के एक संस्करण में सर्वाधिक रन बनाने वाली भारतीय महिला बल्लेबाज बनी थी। सलामी बल्लेबाज लौरा वोल्वार्ड्ट महिला विश्व कप 2025 में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली बल्लेबाज रहीं। उन्होंने 9 मैच खेले और इसकी 9 पारियों में 71.37 की औसत और 98.78 की स्ट्राइक रेट से 571 रन बनाए। उन्होंने 460 रन अक्टूबर में हुए विश्व कप मैचों में बनाए। विश्व कप में गार्डनर ने 7 मुकाबले खेले, जिसमें 328 रन बनाने में सफल रहीं। उनके बल्ले से 2 शतक और 1 अर्धशतक निकला। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 115 रन रहा।



## आर्मी एरिया में आयोजित होने वाले महोत्सव में देशभर के खिलाड़ी और आर्मी के जवान शामिल होंगे

# बच्चों को आउटडोर खेलों से जोड़ने जीएफआई का 'भारत गोल्फ महोत्सव' 8 और 9 नवंबर को

**जबलपुर।** गोल्फ फेडरेशन ऑफ इंडिया (जीएफआई) 8 और 9 नवंबर को एक 'भारत गोल्फ महोत्सव' का भव्य आयोजन करने जा रहा है। गोल्फ फेडरेशन ऑफ इंडिया के जनरल सेक्रेटरी आर्यवीर आर्या ने बताय कि आयोजन का मुख्य उद्देश्य देश में गोल्फ को बढ़ावा देना, बच्चों को आउटडोर खेलों से जोड़ना और लोगों को स्वास्थ्य तथा प्रकृति के प्रति जागरूक करना है। यह दो दिवसीय महोत्सव आर्मी एरिया में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें देश भर के गणमान्य व्यक्ति, गोल्फ खिलाड़ी और वीर जवान शामिल होंगे। गोल्फ महोत्सव में अभिनेता रणदीप हुड्डा भी शामिल होंगे, जो वीर जवानों के साथ न केवल गोल्फ खेलेंगे बल्कि बच्चों के साथ कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस प्रतिष्ठित आयोजन में देश भर के गोल्फ खिलाड़ियों के साथ ही डिप्टी सीएम, प्रदेश के कैबिनेट मंत्री, सांसद और कई अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति अपेक्षित है।



*अभिनेता रणदीप हुड्डा खेलेंगे जवानों के साथ गोल्फ, बच्चों के साथ कार्यक्रम में भी होंगे शामिल*

### हर्ष फायरिंग के साथ देशभक्ति गीत भी गूंजेंगे

इस कार्यक्रम में देश भक्ति गीतों से समा बांधा जाएगा। कार्यक्रम में हर्ष फायरिंग का भी आयोजन किया जाएगा। साथ ही वीर शहीद जवानों के परिवार को सम्मानित किया जाएगा।8 नवंबर को सुबह 7:30 बजे फ्लैग मार्च होगा। 8 बजे कोरबा ग्राउंड में मोटापे से लड़ने के लिए दौड़ का आयोजन किया जाएगा। साथ ही 9:30 बजे पौधा रोपण किया जाएगा। 9 नवंबर को भारत गोल्फ महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। 9नवंबर को ही 2 बजे कल्चर महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। उसी दिन प्राइस सेरेमनी और सम्मान कार्यकम भी किया जाएगा।

### इस तरह होंगे कार्यक्रम

8 नवंबर, मोटापे से दौड़ने के दौड़ का आयोजन, गोल्फ ट्रेनिंग के माध्यम से युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहन, पौधारोपण, स्वास्थ्य और प्रकृति के प्रति जागरूकता को बढ़ाना, छात्रों को गोल्फ ट्रेनिंग। 9 नवंबर, गोल्फ खेल का आयोजन,देश भर के गोल्फ खिलाड़ियों का समागम,कल्चरल प्रोग्राम,भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम, जिसमें लगभग 10,000 लोग शामिल होंगे, शहीदों के परिवार का सम्मान किया जाएगा।

### मुख्य उद्देश्य एवं भागीदारी

**गोल्फ को बढ़ावा देनाः** राष्ट्रीय स्तर पर गोल्फ के खेल की लोकप्रियता और पहुंच बढ़ाना।
**युवाओं को प्रेरित करनाः** बच्चों को 'स्क्रीन' की दुनिया से निकालकर खेल के मैदानों तक लाना, लोगों को स्वस्थ जीवन शैली अपनाने और प्रकृति के संरक्षण के प्रति जागरूक करना।

## भारतीय वायुसेना 9 नवंबर को लाचित घाट के ऊपर करेगी फ्लाई-पास्ट

# ब्रह्मपुत्र नदी के ऊपर गरजेंगे भारत के राफेल, तेजस, मिराज और सुखोई, उड़ेगा बांग्लादेश और पाकिस्तान के षड़यंत्र का गर्दा

### ध्वज फॉर्मेशन के बाद स्वदेशी फाइटर जेट की पहली उड़ान होगी ¦ फ्लाई-पास्ट में 75 लड़ाकू विमान हिस्सा लेंगे

एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी

बांग्लादेश में पाकिस्तान की बढ़ती गतिविधियों के बीच असम में भारतीय वायुसेना का शक्ति-प्रदर्शन होने जा रहा है। रविवार (9 नवंबर) को गुवाहाटी में ब्रह्मपुत्र नदी के लाचित घाट पर वायुसेना का बड़ा फ्लाई-पास्ट होने जा रहा है, जिसमें सुखोई, राफेल, तेजस और मिराज सहित कुल 75 लड़ाकू विमान हिस्सा लेने जा रहे हैं। वायुसेना के मुताबिक, लाचित घाट पर होने जा रहे इस फ्लाई पास्ट के लिए पश्चिम बंगाल सहित उत्तर-पूर्व के सात बड़े एयरबेस पूरी तरह अलर्ट पर रहेंगे।

इन एयरबेस में गुवाहाटी, तेजपुर, हासीमारा और बागडोगरा शामिल हैं, जहां से फाइटर जेट, मिलिट्री ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट और हेलीकॉप्टर उड़ान भरेंगे। वायुसेना के सबसे नए एयरक्राफ्ट, सी-295 (मालवाहक सैन्य विमान) मानस फॉर्मेशन में उड़ान भरेंगे, तो मिराज फाइटर जेट, काजीरंगा फॉर्मेशन में नजर आएंगे।





फाइल फोटो

**टीम की रिहर्सल जारी**

इस साल वायुसेना दिवस (8 अक्टूबर) का आयोजन राजधानी दिल्ली के करीब हिंडन एयरबेस पर किया गया था, लेकिन उस दौरान पारंपरिक फ्लाई पास्ट का आयोजन नहीं किया गया था। हिंडन के बजाए इस फ्लाई पास्ट को गुवाहाटी में आयोजित किया जा रहा है। मुख्य दिवस के लिए गुवाहाटी में वायुसेना के लड़ाकू विमानों और सूर्यकिरण एयरोबेटिक्स टीम ने रिहर्सल शुरू कर दी है। पिछले कुछ महीनों से बांग्लादेश में पाकिस्तानी सेना की गतिविधियां बढ़ गई हैं।

#### भारत के उत्तर-पूर्व को बांग्लादेश के मैप में दिखाया था

*हाल ही में पाकिस्तान के टॉप मिलिट्री कमांडर साहिर शमशाद मिर्जा (चेयरमैन, चीफ ऑफ स्टाफ कमेटी) ने बांग्लादेश की राजधानी ढाका का दौरा किया था। इस दौरान बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुखिया, मोहम्मद यूनुस ने मिर्जा को एक ऐसी पुस्तक (कॉफी टेबल बुक) भेंट की थी, जिसके कवर पेज पर भारत के उत्तर-पूर्व के राज्यों को बांग्लादेश के मैप में दर्शाया गया था। पाकिस्तानी नौसेना प्रमुख नावेद अशरफ भी शनिवार (8 नवंबर 2025) से बांग्लादेश के दौरे पर हैं। इस दौरान, बांग्लादेशी नौसेना का एक युद्धपोत, 1971 के बाद पहली बार बांग्लादेश का दौरा करने जा रहा है।*

#### अलग-अलग एयरक्राफ्ट हिस्सा लेंगे

*गुवाहाटी स्थित रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता, लेफ्टिनेंट कर्नल महेंद्र रावत के मुताबिक, फ्लाई पास्ट के दौरान कुल 25 फॉमर्शेन में अलग-अलग एयरक्राफ्ट हिस्सा लेंगे। उत्तर-पूर्व में पहली बार होने जा रहे वायुसेना के पहले फ्लाई-पास्ट में असम की प्राकृतिक धरोहर और ऐतिहासिक वीरों को खासी तरजीह दी गई है।*

---

### अमेरिका के राष्ट्रपति ने फिर अलापा शांतिदूत होने का राग

# भारत-पाक संघर्ष में पांच या सात नहीं कुल आठ विमान मार गिराए गए: ट्रंप

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप दुनिया में शांतिदूत होने का खिताब अपने नाम किए बिना नहीं मानेंगे। इस दिशा में उनके प्रयास भी बेधड़क जारी हैं। जिसमें वो अक्सर भारत समेत दुनिया के बाकी हिस्सों में जारी सैन्य संघर्षों को रुकवाने का क्रेडिट लेने से नहीं चूकते हैं। ताजा मामला मियामी में हुए अमेरिका बिजनेस फोरम से जुड़ा हुआ है। जिसे संबोधित करते हुए ट्रंप ने एक बार से दोहराया कि उन्होंने ही भारत-पाकिस्तान समेत विश्व में आठ जगहों पर चल रहे संघर्षों के बीच मध्यस्थता कर शांति स्थापित की है।

7 से 10 मई 2025 तक चले भारत-पाक संघर्ष (ऑपरेशन सिंदूर) को लेकर उन्होंने ये दावा भी किया कि इसमें कुल 8 विमान मार गिराए गए हैं। लेकिन मैं ही था जिसने एक संभावित परमाणु युद्ध को रोका और उसके लिए दोनों देशों के अमेरिका के साथ व्यापार (टैरिफ) पर रोक लगाने यानी भविष्य में उनसे कोई ट्रेड डील न करने की धमकी दी। जिसके बाद ही संघर्षविराम हुआ और असल शांति स्थापित हुई है।

#### भारत ने ढेर किए पाक के 10 विमान

यहां बता दें कि अमेरिकी राष्ट्रपति का ये कोई नया बयान नहीं है। इसके पहले भी वो दर्जनों से भी अधिक बार भारत और पाकिस्तान तनाव के दौरान कभी 5 तो कभी 7 विमानों के मार गिराए जाने की



घोषणा के साथ ही दोनों देशों के बीच संघर्षविराम कराने का श्रेय ले चुके हैं। कुछ समय पहले भारत ने भी इस सैन्य संघर्ष में देश को हुए नुकसान के तथ्य को स्वीकार किया था। लेकिन वायुसेनाप्रमुख एयरचीफ मार्शल ए.पी.सिंह ने यह साफ किया है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत ने पाकिस्तान के एफ-16, जेएफ-17 समेत कुल करीब 8 से 10 विमानों को मार गिराया था। जिससे सैन्य-सामरिक स्तर पर उसे भारी नुकसान उठाना पड़ा और अंततः वह संघर्षविराम के लिए तैयार हुआ।

#### यूं किया 8 विमान गिरने का दावा

डोनाल्ड ट्रंप फोरम में कहा कि आप जानते हैं कि मैं भारत और पाकिस्तान के साथ व्यापार समझौते के बीच में था। तभी मुझे एक समाचार पत्र के पहले पेज पर प्रकाशित हुई खबर से पता चला कि दोनों देश युद्ध में जा रहे हैं। 7 विमान मार गिराए गए और आठवां बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हुआ। ऐसे में कुल मार गिराए गए विमानों का आंकड़ा आठ है। उन्होंने कहा, शुरुआत में दोनों देश संघर्षविराम के लिए राजी नहीं थे। लेकिन जब मैंने उन्हें समझाया कि आप दोनों परमाणु ताकत वाले देश हैं और अगर आप दोनों एक-दूसरे से युद्ध करेंगे तो अमेरिका आपमें से किसी के भी साथ कोई व्यापार या ऐसा कोई समझौता नहीं करेगा। नतीजा सबके सामने हैं भारत और पाक के बीच संघर्षविराम हुआ और इलाके में शांति कायम हुई।

#### पूरी तरह से द्विपक्षीय था संघर्षविराम

अमेरिका के राष्ट्रपति के बयानों की शुरुआत में ही भारत ने संघर्षविराम को लेकर स्थिति पूरी तरह से साफ कर दी थी। जिसमें उसने कहा था कि दोनों देशों के बीच पाकिस्तान की पहल पर किया गया संघर्षविराम पूरी तरह से द्विपक्षीय था। जिसमें अमेरिका या दुनिया के किसी अन्य देश या शीर्ष नेता ने कोई भूमिका नहीं निभाई है। भारत, पाकिस्तान के साथ अपने तमाम मुद्दों को द्विपक्षीय आधार पर हल करने के पक्ष में है। जिसमें किसी अन्य पक्ष की भूमिका की कोई दरकार नहीं है। भारत के इसी पक्ष को बड़ी मजबूती के साथ स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ मौजूदा साल के जून महीने में कनाडा में हुए जी-7 शिखर सम्मेलन से इतर फोन पर हुई बातचीत में भी स्पष्ट किया था।

---

### यूरोपीय देशों ने रूस के खिलाफ मोर्चा खोला हुआ

# यूरोप में स्पेन बना भारतीय पेट्रोलियम का नया अड्डा, निर्यात में 46,000% का जबरदस्त उछाल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एक तरफ यूरोपीय देशों ने रूस के खिलाफ मोर्चा खोला हुआ है, वहीं दूसरी तरफ रूसी तेल के बिना उनकी ईंधन की जरूरतें भी पूरी नहीं हो पा रही हैं। इसलिए वे दूसरे देशों से रिफाइन किया हुआ तेल मंगाना पड़ रहा है।

इसका बड़ा फायदा भारत को हुआ है। भारत से स्पेन को होने वाले पेट्रोलियम निर्यात में इस साल जबरदस्त उछाल देखने को मिला है। सितंबर 2025 में भारत ने स्पेन को जितना रिफाइंड पेट्रोलियम भेजा, वह पिछले साल की तुलना में लगभग 46,000 प्रतिशत ज्यादा रहा।

और गौर करने वाली बात ये है कि भारत के पास कच्चा तेल रूस से ही आ रहा है। बता दें कि पिछले साल सितंबर में भारत ने स्पेन को सिर्फ 1.1 मिलियन डॉलर का पेट्रोलियम निर्यात किया था, जबकि इस साल सितंबर में यह आंकड़ा 513.7 मिलियन डॉलर तक पहुंच गया। महीने-दर-महीने की तुलना करें तो बढ़ोतरी 61,000 प्रतिशत से भी ज्यादा है।

*रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण यूरोप को रूसी तेल की कमी हो रही है, जिससे भारत को फायदा हुआ है*

*भारत का स्पेन को कुल निर्यात भी सितंबर में 151 प्रतिशत बढ़ा है*



तेल प्रोसेस संयंत्र

#### भारत और स्पेन के बीच मजबूत आर्थिक और व्यापारिक संबंध

स्पेन यूरोपीय संघ में भारत का छठा सबसे बड़ा व्यापार भागीदार है। वित्तीय वर्ष 2023 में, दोनों देशों के बीच कुल व्यापार लगभग 8.25 बिलियन डॉलर था, जिसमें भारत से स्पेन को निर्यात और स्पेन से भारत को आयात शामिल है।

#### रूस से कच्चा तेल ले रहा भारत

यह बदलाव ऐसे समय में आया है जब यूरोपीय संघ ने ऐलान किया है कि जनवरी से वे ऐसे रिफाइंड पेट्रोलियम उत्पादों का आयात पूरी तरह रोक देंगे, जो रूसी कच्चे तेल से बने हैं। भले ही उन्हें किसी तीसरे देश (जैसे भारत) में प्रोसेस किया गया हो। रूस पर युद्ध के चलते अमेरिका और यूरोपीय संघ लगातार नए प्रतिबंध लगा रहे हैं। हाल ही में अमेरिका ने रूस की दो सबसे बड़ी तेल कंपनियों, रोकनेफ्ट और लूकोइल पर अंतरराष्ट्रीय लेन-देन रोक दिया था, जबकि यूरोपीय संघ ने रूसी एलएनजी (लिक्विफाइड नेचुरल गैस) के आयात पर भी 2027 से पूरी तरह रोक लगाने की योजना बनाई है। भारत अभी भी अपनी रिफाइनिंग जरूरतों के लिए काफी हद तक रूसी कच्चे तेल पर निर्भर है। रूस भारत को कुल तेल जरूरतों का लगभग 34 प्रतिशत तेल सप्लाई करता है, जबकि 2022 में यूक्रेन युद्ध से पहले यह हिस्सा केवल 0.2 प्रतिशत था।

#### ईंधन की बढ़ती मांग का फायदा

विशेषज्ञों के मुताबिक, यह बढ़ोतरी इसलिए हुई क्योंकि भारत के रिफाइनर अब दक्षिण यूरोप और इबेरिया क्षेत्र में ईंधन की बढ़ती मांग का फायदा उठा रहे हैं।

#### सवाल है कि आखिर स्पेन ही क्यों?

दरअसल, पहले भारत से अधिकतम रिफाइंड तेल नीदरलैंड्स को जाता था, जो यूरोप का मुख्य वितरण केंद्र माना जाता है। लेकिन अब वहां पर नियम सख्त हो गए हैं और रूसी तेल से बने ईंधन पर प्रतिबंधों की वजह से भारतीय कंपनियां जोखिम से बचते हुए अपना माल सीधे उन देशों को भेज रही हैं।

---

### अदालती सवालों से बढ़ी उलझन

# टैरिफ मामले पर कोर्ट में फंसे ट्रंप, दुनिया को राहत का इंतजार

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के जजों ने बुधवार को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ की वैधता पर सवाल उठाते हुए इस मामले में संदेह जताया, जिसका असर वैश्विक अर्थव्यवस्था पर भी पड़ सकता है. यह मामला ट्रंप की पावर का एक बड़ा टेस्ट माना जा रहा है।



सुप्रीम कोर्ट के कंजरवेटिव और लिबरल दोनों ही जजों ने ट्रंप प्रशासन के वकील से यह सवाल किया कि क्या 1977 का आपातकालीन कानून, जो राष्ट्रीय आपात स्थिति के समय के लिए बनाया गया था, ट्रंप को यह अधिकार देता है कि वे इतने बड़े स्तर पर टैरिफ लगा सकें, या उन्होंने कांग्रेस के अधिकार क्षेत्र में दखल दिया है। हालांकि, कुछ कंजरवेटिव जजों ने यह भी कहा कि राष्ट्रपति को विदेशों से जुड़े मामलों में स्वाभाविक रूप से अधिक अधिकार प्राप्त होते हैं। इससे संकेत मिलता है कि कोर्ट का फैसला इस मामले में तीखे मतभेदों के साथ विभाजित हो सकता है. सुप्रीम कोर्ट में इस समय 6-3 का कंजरवेटिव बहुमत है। मुख्य न्यायाधीश जॉन रॉबर्ट्स ने अमेरिकी सॉलिसिटर जनरल डी. जॉन सॉअर से कहा, 'टैरिफ तो अमेरिकियों पर टैक्स लगाने जैसा है, और टैक्स लगाने का अधिकार हमेशा से कांग्रेस का मुख्य अधिकार रहा है। अमेरिकी संविधान के अनुसार, टैक्स और टैरिफ लगाने का अधिकार कांग्रेस के पास है।

---

### चुनाव प्रचार की शुरुआत में हिंसा

**अंतरिम सरकार का दावा-भटकी गोली लगी**

# कई जगहों पर हमले और आगजनी बीएनपी उम्मीदवार को मारी गोली

एजेंसी ▶▶ ढाका

बांग्लादेश में फरवरी 2026 में होने वाले आम चुनावों के लिए प्रचार अभियान की शुरुआत के साथ ही कई जगहों पर हिंसा भड़क उठी है। इस दौरान चिटगांव में विपक्षी पार्टी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के उम्मीदवार एरशाद उल्लाह को गोली लगने से घायल हो गए हैं, जबकि कुमिल्ला जिले में उपद्रवियों ने एक अन्य उम्मीदवार के घर में आग लगा दी।

वहीं अंतरिम सरकार ने इन घटनाओं की कड़ी निंदा करते हुए कहा है कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया के दौरान किसी भी प्रकार की हिंसा बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सरकार ने बताया कि शुरुआती जांच में पता चला है कि बीएनपी उम्मीदवार एरशाद उल्लाह इस हमले के मुख्य निशाने पर नहीं थे, बल्कि एक भटकी हुई गोली से घायल हो गए। सरकार ने बयान जारी कर कहा, 'हम इस आपराधिक घटना पर



ढाका की सड़क हुई हिंसा

गहरी चिंता व्यक्त करते हैं और सभी उम्मीदवारों व नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। चिटगांव मेट्रोपॉलिटन पुलिस (सीएमपी) को सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं ताकि अपराधियों को जल्द पकड़ा जा सके।' मुख्य सलाहकार ने सुरक्षा एजेंसियों को आदेश दिया है कि दोषियों को हर हाल में पकड़कर न्याय के दायरे में लाया जाए।

---

### भारत के शीर्ष परोपकारियों ने वर्ष 2025 में कुल 10,380 करोड़ का दान किया

**मुकेश अंबानी परिवार ने 626 करोड़ रुपए दान में दिए**

# शिव नादर फिर बने भारत के सबसे बड़े दानवीर अडाणी-अंबानी-हिंदुजा को भी छोड़ दिया पीछे

एजेंसी ▶▶ मुंबई

देश में समाजसेवा और दान की भावना लगातार काफी मजबूत हो रही है। इसका ताजा उदाहरण एचसीएल टेक्नोलॉजीज के फाउंडर शिव नादर और उनका परिवार है। एडेलगिव हुरुन इंडिया परोपकार लिस्ट 2025 के अनुसार, उन्होंने हर दिन करीब 7.4 करोड़ के औसत के बराबर दान दिया है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत के शीर्ष परोपकारियों ने वर्ष 2025 में कुल 10,380 करोड़ का

**नादर ने हर दिन 7.4 करोड़ रुपए दान**



मुकेश अंबानी,शिव नादर और गौतम

दान किया है। वहीं 68 वर्षीय मुकेश अंबानी और उनका परिवार 626 करोड़ रुपए के योगदान के साथ दूसरे स्थान पर रहे। उनका परोपकार शिक्षा, ग्रामीण परिवर्तन, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण और विरासत संरक्षण तक फैला है। इस लिस्ट में कुल 191 दानवीर शामिल हैं। इस लिस्ट में पहली बार 12 नए चेहरे जगह बनाने में सफल रहे हैं। देश में बीते 3 सालों में दान की राशि में 85 फीसदी की ग्रोथ दर्ज की गई है। जो भारत में परोपकार की बढ़ती संस्कृति को दर्शाती है।

एचसीएल टेक्नोलॉजीज के संस्थापक शिव नादर और उनका परिवार एक बार फिर इस सूची में टॉप स्थान पर रहे। वे पिछले पांच सालों में चौथी बार भारत के सबसे उदार दानवीर' बने हैं। उन्होंने साल 2025 में कुल 2,708 करोड़ का दान दिया है। उनका यह योगदान प्रति दिन 7.4 करोड़ के औसत के बराबर है।

#### गौतम अडाणी परिवार

गौतम अडाणी और परिवार ने करीब 386 करोड़ रुपये का दिन दिया है। यहां पिछले साल के मुकाबले 17% की वृद्धि है। अडानी फाउंडेशन का उद्देश्य शिक्षा, कौशल विकास, सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यक्रम पर है।

#### हिंदुजा परिवार

हिंदुजा परिवार 298 करोड़ के दान के साथ 7वें नंबर पर है। हिंदुजा फाउंडेशन का फोकस स्वास्थ्य, शिक्षा और सतत आजीविका पर है।

#### कुमार मंगलम बिड़ला और परिवार

कुमार मंगलम बिड़ला और परिवार ने 440 करोड़ करोड़ रुपये का दान दिया है। उन्होंने यह दान शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण और खेलों के क्षेत्र में दिया है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109